लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -64, पृष्ठ -16+4, मूल्यः - 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, भीमताल में तितलियों का अनोखा संग्रह व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 36.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06:01 | सूर्यास्त 18:25

लखनऊ, रविवार, 31 मार्च 2024

फिल्म खेल-खेल में लीड रोल में नजर आएंगी तापसी-वाणी...15

अमृत विचार

लोक दर्पण

इस बार के रविवारीय संस्करण ' में भीमताल में तितलियों का अनोखा संग्रह।

सुल्ताना डाकू : जिससे कांपते थे अंग्रेज भी।

पढ़ें विशेष...

बसपा ने मथुरा लोकसभा सीट का प्रत्याशी बदला

मथुरा। बसपा ने मथुरा लोकसभा सीट से अपने पुराने घोषित प्रत्याशी को बदलते हुए नया प्रत्याशी घोषित किया है। इस बात की पुष्टि बसपा के जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह ने की है। उन्होंने बताया कि कमलकांत उपमन्यु की जगह सुरेश सिंह को मथुरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है।

मुख्तार की फरार पत्नी अफसां और जेल में बंद बेटा अब्बास नहीं हो सके जनाजे में शामिल, गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान के आसपास भारी संख्या में तैनात थे पुलिसकर्मी

कड़ी सुरक्षा और भारी भीड़ के बीच मुख्तार सुपुर्द-ए-खाक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्तार के शव को शनिवार सुबह 11 बजे सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया। गाजीपुर स्थिति मुहम्मदाबाद के कालीबाग कब्रिस्तान में मुख्तार की कब्र पिता सुभानउल्ला अंसारी व मां बेगम राबिया खातून के पास है। इसी बीच मुख्तार की मौत की जांच भी तेज हो गई है। शनिवार को ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं एसपी अंकुर अग्रवाल ने जेल का निरीक्षण किया।

गुरुवार रात मुख्तार की बांदा मेडिकल कालेज में हुई मौत के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव देर रात दो बजे मुहम्मदाबाद पहुंचा। बिहार के बाहुबली शहाबुद्दीन का बेटा ओसामा भी जनाजे में शामिल हुआ। जनाजे से पहले बेटे उमर ने मुख्तार की मूंछों को आखिरी बार ताव दिया।

कब्रिस्तान के आसपास 3 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात थे। परिवार के अलावा किसी को कब्रिस्तान में जाने की अनुमति नहीं दी गई। इसको लेकर गाजीपुर डीएम आर्यका अखौरी और मुख्तार के भाई सांसद अफजाल अंसारी के बीच तीखी बहस भी हुई। मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी, पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह अंसारी, मुहम्मदाबाद विधायक भतीजे सुहेब अंसारी, बेटा उमर सहित सभी ने मुख्तार को अंतिम विदाई दी। मुख्तार की फरार पत्नी अफसां और कासगंज जेल में बंद अब्बास नहीं आ सका।

बांदा में मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर अलग-अलग न्यायिक और मजिस्ट्रेट जांच शुरू कर दी गई है। शनिवार को बांदा जिला जज डा. बब्बू सारंग, डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल और एडीजे की निगरानी में जांच टीम मंडल कारागार में पहुंची। टीम ने बैरक नंबर 16 की जांच की, जिसमें मुख्तार था। टीम ने 45 मिनट तक हर पहलू की पड़ताल की और सीसीटीवी कैमरों को परखा।

गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के अंतिम संस्कार के दौरान जमा हुए लोग। ● एजेंसी

कैमरों की फुटेज सील

लखनऊ। मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक और मजिस्ट्रेट जांच से पहले बैरक और निगरानी में लगे सीसीटीवी के फुटेज सील कर दिए गए हैं। मुख्तार को कौन-कौन सी बीमारियां थीं, कब-कहां और किससे इलाज कराया गया, कौन-कौन सी दवाएं चल रही थीं, इसकी रिपोर्ट जेल प्रशासन तैयार कर रहा है।

आरोपों की जांच होनी चाहिए : अजय राय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने मुख्तार की मौत पर कहा कि आरोपों की जांच होनी चाहिए। मुख्तार की मौत के दो दिन बाद चुप्पी तोड़ते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने हमारे साथ न्याय किया था। इसके लिए न्यायपालिका का आभारी रहूंगा। मौत के बाद किसी पर टिप्पणी करना ठीक नहीं है। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया के बीच मौत को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जांच होनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के ही बड़े भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

मायोकॉर्डियक इफ्राक्शन मौत की वजह, विसरा सुरक्षित

लखनऊ। मुख्तार की मौत के बाद उठे सवालों के बीच शनिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई। इसमें मौत की वजह मायोकॉर्डियल इंफ्राक्शन बताई गई है। चिकित्सीय भाषा में इसे मायोकार्डियल रोधगलन (एमआई) कहते हैं जिसे दिल का दौरा कहा जाता है। धमनियों के एक हिस्से में रक्त प्रवाह में कमी या समाप्ति से मृत्यु हो सकती है। स्लो-पॉयजन देने के मद्देनजर विसरा सुरक्षित रखा गया है।

नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत मिला भारत रत्न

कर्पूरी ठाकुर और स्वामीनाथन के परिजनों को भी राष्ट्रपति ने दिया सम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन तथा बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' मरणोपरांत प्रदान किया। राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन को दिए पुरस्कार उनके परिजनों ने लिए। नरसिम्हा राव का सम्मान उनके पुत्र पीवी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने पुरस्कार ग्रहण किया।

समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आदि उपस्थित रहे। सरकार ने इसके अलावा पूर्व उप प्रधानमंत्री एलके आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा की थी। बहुभाषाविद्, राजनेता और विद्वान, पीवी नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्री रहने के दौरान देश में आर्थिक सुधारों की शुरुआत हुई थी। वह 1991 से 1996 तक दक्षिणी राज्य से देश के पहले प्रधानमंत्री थे। चौधरी चरण सिंह 28 जुलाई 1979 और 14 जनवरी 1980 के बीच प्रधानमंत्री रहे। कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा। उन्होंने 1971 में अनाज उत्पादन में देश को आत्म-निर्भर घोषित किया। 'जननायक' के रूप में मशहूर ठाकुर पहले गैर-कांग्रेसी नेता थे जो दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भारत रत्न प्राप्त करते पीवी प्रभाकर राव, जयंत चौधरी, रामनाथ ठाकुर और नित्याराव। ● एजेंसी

ये किसानों, पिछड़ों के प्रति प्रतिबद्धता

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों, कृषि वैज्ञानिक और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को भारत रत्न से सम्मानित करना मोदी सरकार की किसानों, दलितों और पिछड़ों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि देश की चार प्रमुख हस्तियों को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित करना किसानों, दलितों और पिछड़े लोगों के प्रति नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महान हस्तियों को सम्मानित करने के फैसले के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

प्रधानमंत्री ने सम्मानित हस्तियों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और चौधरी चरण सिंह सहित अन्य दिग्गजों को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, कर्पूरी ठाकुर ने जीवन सामाजिक न्याय को समर्पित किया। चौधरी चरण सिंह ने ग्रामीण विकास में योगदान दिया। नरसिम्हा राव ने आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाया और डॉ. स्वामीनाथन के कृषि विज्ञान के क्षेत्र में अद्भुत कार्य किए।

भाजपा ने चुनाव घोषणा पत्र समिति का किया गठन

नयी दिल्ली, एजेंसी

- राजनाथ अध्यक्ष, सीतारमण संयोजक, पीयूष गोयल सह संयोजक

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित कर दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इस समिति का अध्यक्ष, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को सह-संयोजक बनाया गया है। भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने इस समिति के गठन को मंजूरी दी है।

समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कुछ पूर्व उपमुख्यमंत्री भी शामिल हैं। मुख्यमंत्रियों में गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, असम के हिमंत विश्व शर्मा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय के नाम हैं जबकि पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे के नाम हैं।

समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, ओ पी धनखड़, अनिल एंटनी शामिल हैं। भाजपा ने पिछले माह ही लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। पार्टी ने लोगों से सुझाव मांगने के लिए अलग-अलग इलाकों में 'रथ' भी रवाना किए थे। भाजपा अपने घोषणा पत्र को 'संकल्प पत्र' कहती है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार का घोषणा पत्र गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। पार्टी का इस बार का घोषणा पत्र 2047 तक देश को विकसित बनाने की 'योजना' पर भी आधारित होगा। सूत्रों के मुताबिक 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले पार्टी अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।

प्रतिबंधित पीएफआई के तीन सदस्य गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के तीन कथित सदस्यों को धन शोधन के आरोपों पर गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि अब्दुल खादर पुत्तूर, अनशद बदरुद्दीन और फिरोज के. पीएफआई के लिए शारीरिक प्रशिक्षु के तौर पर काम कर रहे थे। तीनों को धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को शनिवार को यहां विशेष अदालत में पेश किया गया। एजेंसी ने तीनों पर पीएफआई कैडर को हथियारों का प्रशिक्षण देने और इसके लिए प्रतिबंधित संगठन से धनराशि लेने का आरोप लगाया है।

लखनऊ: अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम (इकाना) में खेले गए रोमांचक मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने किंग्स इलेवन पंजाब को हरा दिया। इस अवसर पर एलएसजी के खिलाड़ी प्रसन्नमुद्रा में नजर आए। ● अमृत विचार

एक नजर

सिलेंडर फटने से महिला समेत चार लोगों की मौत

देवरिया। जिले में शनिवार सुबह एलपीजी सिलेंडर फटने से एक महिला और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना भलुअनी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव की है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि गांव के निवासी शिवशंकर गुप्ता सुबह कहीं जाने की तैयारी कर रहे थे। करीब चार बजे जब उनकी पत्नी आरती चाय बना रही थीं, तभी सिलेंडर फट गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान आरती देवी (42), उनकी बेटी आंचल (14), सृष्टि (11) और बेटा कुंदन (12) के रूप में हुई है।

मीसा भारती को आचार संहिता उल्लंघन मामले में मिली जमानत

पटना। पाटलिपुत्र से लोकसभा के लिए राजद की प्रत्याशी लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती शनिवार को दानापुर के व्यवहार न्यायालय में उपस्थित हुई। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में सुनवाई के बाद उनको जमानत दे दी। 2019 में चुनाव के दौरान मीसा भारती पर मनेर थाना में उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था।

संजीव बालियान के काफिले पर पथराव, 10 लोग घायल

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में खतौली क्षेत्र के मढ़करीमपुर गांव में कुछ युवकों ने शनिवार की रात केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के काफिले की गाड़ियों पर पथराव कर नारेबाजी की। इससे 10 से अधिक कार्यकर्ताओं को चोटे आई हैं। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। मढ़करीमपुर गांव में रात साढ़े आठ बजे चुनावी सभा चल रही थी। सभास्थल के पास भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजीव बालियान के काफिले की गाड़ियां खड़ी थीं। इस दौरान वहां पहुंचे कुछ युवकों ने खड़ी गाड़ियों पर पथराव कर दिया, जिससे गाड़ी में बैठे कार्यकर्ता चोटिल हो गए।

दिल्ली के मंत्री गहलोत ईडी के सामने हुए पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी नीति मामला

- नजफगढ़ से आप विधायक हैं दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री

दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता कैलाश गहलोत आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नजफगढ़ से आप विधायक गहलोत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं। कैलाश गहलोत को सुबह साढ़े 11 बजे मध्य दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया।

सूत्रों ने कहा कि गहलोत पूछताछ के लिए उपस्थित होने और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। उनसे नीति के निर्माण के संबंध में पूछताछ हो सकती है, क्योंकि वह 2021-22 के लिए शराब नीति की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन के समूह का हिस्सा थे।

5 तक मौसम शुष्क रहने व तेज हवाएं चलने का अनुमान

लखनऊ। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अगले छह दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 25 से 35 किलोमीटर की रफ्तार से चलने वाले हवाओं से तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंचने के आसार हैं। ऐसे में लोगों को तेजधूप के चलते गर्मी का सामना करना पड़ेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया शनिवार को लखनऊ को अधिकतम तापमान 37.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम पारा 22.8 डिग्री दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि अगले छह दिन यानी पांच अप्रैल तक बारिश के आसार नहीं हैं। 5 तक मौसम शुष्क रहेगा। इसके साथ ही धूप और तेज हवाओं के चलने से अधिकतम तापमान लगातार चढ़ेगा। इससे लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि शनिवार सुबह तेज धूप निकली, इससे लोग गर्मी से परेशान दिखे। वहीं दोपहर से बदली छाने से लोगों को बीच बीच में तीखी धूप से कुछ राहत मिली। गर्मी से बचने के लिये लोग छांव लेते नजर आये।

दरोगा ने सांसद की भतीजी की पिटाई कर कपड़े फाड़े, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सदर विधायक, नगर पालिका चेयरमैन कोतवाली में धरने पर बैठे, हंगामा
- आरोपी दरोगा की पत्नी-बेटी पर भी रिपोर्ट दर्ज, नारकोटिक्स सेल का प्रभारी है दरोगा

अमृत विचारः दरोगा ने पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी से छेड़छाड़, अभद्रता कर कपड़े फाड़ दिए। रिवॉल्वर दिखाकर धमकाया भी। सदर विधायक योगेश वर्मा और पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने देर रात तक कोतवाली में हंगामा किया और धरने पर बैठ गए। आरोपी दरोगा, उसकी पत्नी व बेटी के विरुद्ध मामला दर्ज कर दरोगा को निलंबित कर दिया गया।

नारकोटिक्स सेल में तैनात दरोगा अभय मिश्रा शहर में पत्नी और बेटी संग रहता है। उसकी पत्नी भी सब इंस्पेक्टर हैं और सदर कोतवाली में हैं। मकान मालिक की पत्नी के अनुसार वह पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी हैं। रात कुछ लोग उनके यहां होली मिलने आए थे। दरोगा अभय मिश्रा नशे में धुत होकर आ गए और पति व उनके साथियों से गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर दरोगा ने उनका दुपट्टा खींच लिया और कपड़े फाड़े और मारपीट की। इसी बीच दरोगा की पत्नी व बेटी आ गई। उन्होंने भी मारपीट की।

> आरोपी दरोगा की मेडिकल रिपोर्ट में अल्कोहल की पुष्टि हुई है। पीड़ित महिला को आई चोटों का भी मेडिकल परीक्षण कराया गया है। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी। – **गणेश प्रसाद साहा**, एसपी

लोस चुनावः भाजपा की 8वीं सूची जारी सनी देओल की जगह दिनेश लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली। भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपने उम्मीदवारों की आठवीं सूची को जारी कर दिया है। पंजाब की छह, पश्चिम बंगाल की दो और ओडिशा की तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। वहीं पंजाब की गुरदासपुर सीट से सांसद और अभिनेता सनी देओल की जगह दिनेश सिंह चुनाव लड़ेंगे। भाजपा ने शनिवार को जिन 11 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की, उसमें भर्तृहरि महताब, रवनीत सिंह बिट्टू, सुशील कुमार रिंकू और परनीत कौर के नाम हैं। ये सभी अलग-अलग दलों से भाजपा में शामिल हुए थे। सभी को उन्हीं सीटों से मैदान में उतारा गया है, जिनका वे मौजूदा समय में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू अमृतसर से तो हंसराज हंस फरीदकोट से चुनावी मैदान में है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू लुधियाना, पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर पटियाला और सुनील कुमार सिंह रिंकू जालंधर से चुनाव लड़ने की तैयारी करेंगे।

यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन पूरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मूल्यांकन कार्य में लगे 1.50 लाख से अधिक शिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई
- 3.1 करोड़ कॉपियां निधारित अवधि 31 मार्च से पहले ही हो गईं चेक

अमृत विचारः यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन निर्धारित समय 31 मार्च से पहले शनिवार को ही समाप्त हो गया। 16 मार्च से शुरू हुई मूल्यांकन प्रक्रिया 30 मार्च तक चली। जिसमें 3.1 करोड़ कॉपियों को चेक किया गया। इसके साथ ही मूल्यांकन कार्य में लगे 1.50 लाख से अधिक शिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि पहली बार 12 कार्य दिवसों में यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन समाप्त हुआ है। इससे पहले इतने कम समय में कॉपियां कभी नहीं चेक हुई है। उन्होने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नकलविहीन परीक्षा और सुचितापूर्ण मूल्यांकन तीनों प्रक्रिया में शिक्षकों का अहम योगदान है।

36 करोड़ से अधिक का करना होगा भुगतान

यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा होने के बाद अब विभाग को शिक्षकों को 36 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करना होगा। मौजूदा व्यवस्था में दसवीं में प्रत्येक कॉपी का 11 रुपये और इंटरमीडिएट में प्रति कॉपी का 13 रुपये मूल्यांकन का पारिश्रमिक शुल्क भुगतान विभाग को भुगतान करना होगा।

सोमवार से शुरू होगी आगे की प्रक्रिया

मूल्यांकन समाप्ति के बाद अब सोमवार को बोर्ड परीक्षा के परिणाम को लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। परीक्षा परिणाम में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो पाए इसको विशेष ध्यान में रखते हुए परिणाम की घोषणा की जायेगी। संभवत : अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में परिणाम जारी हो जायेगा।

जल बोर्ड से जुड़े धन शोधन मामले में आरोप पत्र दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन की जांच के सिलसिले में अपना पहला आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि संघीय एजेंसी ने 28 मार्च को दिल्ली में विशेष पीएमएलए (धनशोधन रोकथाम कानून) अदालत में 8,000 पृष्ठों की अभियोजन शिकायत दर्ज कराई, जिसमें अनुलग्नकों के अलावा 140 पृष्ठ शामिल हैं। अदालत ने आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के लिए एक अप्रैल की तारीख तय की है। आरोपपत्र में चार व्यक्तियों तथा एक कंपनी का नाम है, जो क्रमशः डीजेबी के पूर्व मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा, ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल, एनबीसीसी के पूर्व महाप्रबंधक डी के मित्तल, तेजिंदर सिंह और एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड हैं।

एक नजर

योगी ने दी भारत रत्न की बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी.वी. नरसिम्हा राव, कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एस स्वामीनाथन व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न मिलने पर शनिवार को अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' के जरिए उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं।

सेवा से ही व्यक्ति बनता है महान: अपर महाधिवक्ता

अमृत विचार, लखनऊ : व्यक्ति अपने सेवा कार्यों से महान बनता है। विवेकानंद हों या राम सभी ने अपने जीवन आदर्शों पर चलते हुए समाज को एक नई दिशा दी। यह बात प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी ने बीएसएनवी पीजी कॉलेज (केकेवी) के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के समापन समारोह में कही।

6 साल पहले भी पड़ा था दिल का दौरा

▸▸ पुलिस की कड़ी सुरक्षा में मुख्तार को पीजीआई में कराया गया था भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: सजा दफ्ता माफिया मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई है। मुख्तार को यह दौरा पहली बार नहीं आया, इससे पहले भी वह इस बीमारी से जूझ चुका है। छह साल पूर्व उसे मुख्तार को दिल का दौरा पड़ा था। उसे एसजीपीजीआई अस्पताल कड़ी सुरक्षा के बीच भर्ती कराया गया था। उस वक्त भी माफिया के परिजनों ने जहर देने का आरोप लगाया था।

छावनी में बदल गया था एसजीपीजीआई: 9 जनवरी 2018 को मुख्तार को बांदा के जेल में दिल का दौरा पड़ा था। मुख्तार की पत्नी अफशां उनसे मिलने बांदा जेल गई थीं, जहां अचानक दोनों की दिल का दौरा पड़ने से तबीयत बिगड़ गई। भारी सुरक्षा बंदोबस्त के बीच मुख्तार अंसारी और उनकी पत्नी को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें एसजीपीजीआई अस्पताल पहुंचाया गया। उस वक्त बांदा से दो अलग अलग एंबुलेंस में दोनों को लखनऊ लाया गया था। इस दौरान माफिया मुख्तार अंसारी के साथ उनके दोनों बेटे भी मौजूद थे। उस दौरान अस्पताल के अंदर और बाहर भी भारी फोर्स की वजह से परिसर पूरा पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था।

एसजीपीजीआई में डॉ पीके गोयल कार्डियोलोजिस्ट की देख रेख में उनका इलाज किया गया। अस्पताल के डाक्टर केएल पांडे का कहना था कि मुख्तार मधुमेह और बीपी के भी मरीज हैं, जिसके लिए उनकी दवाईयां चल रही थी।

चाय पीने के बाद हो गया था बेहोश

जांच में सामने आया था कि मुख्तार जेल में पत्नी के साथ चाय पी रहे थे। चाय पीने के कुछ ही देर बाद वे बेहोश होकर गिर पड़े। उनकी पत्नी भी बेसुध हो गईं। मुख्तार अंसारी के परिवारीजनों जेल प्रशासन पर बड़ा आरोप लगाया था। उनका कहना है कि मुख्तार अंसारी को चाय के साथ कुछ दिया गया था। चाय पीने के बाद ही अंसारी की तबीयत बिगड़ गई, हालांकि यूपी के जेल मंत्री ने मुख्तार अंसारी के परिवार के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था।

जेल में ताजा मछलियां खाने वाला बिस्किट को भी तरसा

अदालत में मुख्तार ने जज से कहा था, बहुत इच्छा है, कुरकुरे खाने को दिलवा दीजिए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: कुख्यात माफिया सरगना मुख्तार अंसारी जेल के अंदर और बाहर एक ही अंदाज में रहता था। जेल जाने के बाद उसे वह सारी सुविधाएं सरकार मुहैया कराती थी, जिन सुविधाओं को वह जेल के बाहर रहने पर स्वयं से मैनेज करता था। जेल में वह कलेक्टर और एसपी के साथ बैडमिंटन खेलता था। अनधिकृत रूप से जेल से बाहर घूमने के दौरान जेल में लगे सीसीटीवी को बंद कर दिया जाता था। ताजी मछलियां खाने को मिले, इसके लिए जेल परिसर में ही तालाब खुदवा दिया गया। प्रदेश का निजाम बदलने के बाद उसी मुख्तार अंसारी को कुरकुरे और बिस्किट खाने के लिए जज के सामने गिड़गिड़ाना पड़ा।

▸▸ जेल में कलेक्टर और एसपी के साथ खेलता था बैडमिंटन

एक जनवरी 2024 को एमपी-एमएलए कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई पेशी के दौरान मुख्तार अंसारी ने विशेष सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव से कुरकुरे और बिस्कुट की मांग की। हालात यहां तक आए कि कोर्ट रूम में खड़े वकील और कुछ पैरोकार कुरकुरे और बिस्कुट की मांग सुनकर हंस पड़े। यह वही मुख्तार था जिसे ताजी मछलियां खिलाने के लिए जेल में ही तालाब खोद दिया गया था। जिसके बैरक में छापे के दौरान क्विंटलों फल और मशहूर प्रतिष्ठानों की मिठाइयां मिली थी। लखनऊ जेल में भी मुख्तार के बैरक में एसी लगा हुआ था। 15 सौ वर्ग फिट में बने बैरक की सभी खिड़कियों और दरवाजों में महंगे पर्दे लगे होते थे। उसी बैरक में पांच बेड और बैठने के लिए अच्छे फर्नीचर रखे जाते थे।

मुख्तार से मिलाई करने वालों की जांच जेल कर्मी न करके मुख्तार के गुर्गे करते थे। मुख्तार के गुर्गे बैरक के बाहर खड़े रहते थे। प्रतिदिन चूल्हे पर बकरे और मछलियां पकती थी। यह चूल्हा बैरक के बाहर स्थापित किया जाता था। बाहर का भोजन करने का मूड होने पर जेल के सीसीटीवी को बंद कर दिया जाता था। जेल के गेट के बाहर लग्जरी गाड़ियां कतार में खड़ी हो जाती थीं। वापसी तक पूरा जेल प्रशासन अलर्ट मोड पर रहता था।

सामान्य कैदी का भोजन

गाजीपुर में तो जिलाधिकारी स्वयं मुख्तार के साथ बैडमिंटन खेलने के लिए जेल तक जाता था। प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद मुख्तार को आम कैदी बना दिया गया। जो भोजन सामान्य कैदी को मिलता था वही मुख्तार को खाना पड़ता था। मोहाली जेल से यूपी में स्थानांतरित होने के बाद मुख्तार एक-एक दिन घुट-घुट कर जिया।

इंडी गठबंधन में नेता, नीति और नीयत सबका अभाव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा- गठबंधन में है अंतर्विरोध

▸▸ सभी दल स्वार्थवश साथ रहने का रच रहे स्वांग

▸▸ घोषित प्रत्याशियों पर भी नहीं कर पा रहे भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि इंडी गठबंधन में बहुत ही अंतर्विरोध है। सभी दल स्वार्थवश साथ रहने का स्वांग तो रच रहे हैं लेकिन एक दूसरे को नीचा दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दूसरी ओर उन्हें अपने घोषित प्रत्याशियों पर भी भरोसा नहीं है। दो-दो तीन-तीन बार उम्मीदवार बदल रहे हैं। कांग्रेस के पास अपनी परंपरागत कही जाने वाली सीट पर तो उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के बीच अंतर्विरोध, मतभेद और मनभेद इतना गहरा है कि आपस में समन्वय भी नहीं हो पा रहा है। उत्तर प्रदेश में इनके पास नेता, नीति और नीयत सबका अभाव है। कांग्रेस का उप्र. से पलायन हो चुका है।

मोदी आज मेरठ में, एनडीए की रैली को सम्बोधित करेंगे

लखनऊ : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को केन्द्रीय आलू अनुसंधान केन्द्र मोदीपुरम मेरठ में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की संयुक्त विशाल रैली को सम्बोधित करेगें। रैली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सहित रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, सुभासपा के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के मंत्री डा. संजय निषाद भी शामिल रहेंगे।

भाजपा-रालोद चुनाव समन्वय समिति का गठन

लखनऊ : लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल के गठबंधन के बाद अब दोनों पार्टियों के बीच चुनाव समन्वय समिति का भी गठन किया गया है। इसमें रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय व भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश आदि शामिल हैं। रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने शनिवार को बताया कि समन्वय समिति चुनाव से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं देखेगी और उससे जुड़े पहलुओं का संचालन भी करेगी। इसमें भाजपा के प्रदेश महामंत्री व पश्चिम क्षेत्र के प्रभारी सुभाष यदुवंश, पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व ब्रज क्षेत्र के प्रभारी संतोष सिंह, आगरा से विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल शामिल हैं। वहीं रालोद से उनके साथ राष्ट्रीय महामंत्री मुंशीराम पाल, शामली से विधायक प्रसन्न चौधरी समन्वय समिति में शामिल हैं।

भाजपा पदाधिकारियों ने की प्रचार अभियान पर चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भारतीय जनती पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी वैजयंत जय पांडा ने शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों व अभियानों की प्रदेश टोलियों के साथ समीक्षात्मक चर्चा की। इस दौरान प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश के सहप्रभारी संजीव चौरसिया, संजय भाटिया एवं रमेश विधूड़ी, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश सहसंयोजक जेपीएस राठौर ने चुनाव प्रबंधन, प्रवास कार्यक्रम विभाग, प्रचार विभाग सहित विभिन्न कार्यक्रमों व अभियानों की प्रदेश टोली के साथ बूथ अध्यक्ष सम्मेलन, प्रबुद्ध सम्मेलन, घर-घर सम्पर्क अभियान, टिफिन बैठक, मोर्चो बैठकें, बाइक रैली, वोटर सम्पर्क, की-वोटर्स सम्पर्क, लाभार्थी सम्पर्क सहित विभिन्न अभियानों पर चर्चा की।

इस दौरान वैजयंत जय पांडा ने कहा कि देश का वातावरण भाजपा के अनुकूल है। मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का पूर्ण होता संकल्प तथा भाजपा कार्यकर्ताओं का परिश्रम अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करेगा। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर भाजपा को अब तक प्राप्त अधिकतम मतो के सापेक्ष 370 अधिक मत प्राप्त करना है।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर, मानवेन्द्र सिंह, मोहित बेनीवाल, डा. धर्मेन्द्र सिंह, त्रयम्बक त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री गोविन्द् नारायण शुक्ला, अमर पाल मौर्य, अनूप गुप्ता और संजय राय मौजूद रहे।

चुनाव प्रबंधन में सबसे अधिक महत्वपूर्ण

लोकसभा चुनाव प्रबंध समिति के प्रदेश संयोजक स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि चुनाव प्रबंधन में सबसे अधिक महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक जिम्मेदारी को जबाबदेही के साथ पूरा किया जाए। चुनाव प्रबंधन के तहत प्रत्येक बूथ का प्रबंधन सुनिश्चित करके कार्य करना है और बूथ विजय की रणनीति के साथ आगे बढ़ना है।

आयकर के नोटिस पर कांग्रेस का प्रदर्शन

माल एवेन्यू स्थित कांग्रेस कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग को पार करने का प्रयास करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: आयकर विभाग की ओर से कांग्रेस को 1823.08 करोड़ की नोटिस जारी किए जाने के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों के सामने विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के अधिकारियों के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

राजधानी लखनऊ में जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया और पुलिस आयुक्त के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा सरकार के इशारे पर संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से विपक्षी पार्टियों पर अलोकतांत्रिक हमलों को तत्काल प्रभाव से रोका जाए, ताकि देश में स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया जीवित रह सके। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पिछले डेढ़ महीने से सभी लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर केन्द्र की मोदी सरकार ने आयकर विभाग को सामने रखकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ एक असंवैधानिक व गैर कानूनी युद्ध छेड़ रखा है।

भाजपा के फ्रंटल संगठन के तौर पर कार्य करते हुए आयकर विभाग ने सभी नियम कानूनों को ताक पर रख दिया है और एक वर्ष 1993-94 के पुराने मामले में भी 53.9 करोड़ का नोटिस दिया है। आयकर अधिनियम के तहत राजनीतिक दलों को आयकर से मुक्त किया गया है, पर मोदी सरकार के दबाव में आयकर विभाग गलत ढंग से कार्रवाई कर रहा है।

▸▸ जिला मुख्यालयों पर भी प्रदर्शन कर जताया विरोध

सेवानिवृत्त कार्मिकों को सौंपे गये पेंशन व अन्य देयों के प्रपत्र

अमृत विचार, लखनऊ : ऊर्जा निगमों के सेवानिवृत्त कार्मिकों को सेवानिवृत्ति के दिन पेंशन व अन्य देयों के भुगतान सम्बन्धी पेंशन प्रपत्र सौंपे गए। शनिवार को शक्ति भवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने कार्मिकों को प्रपत्र सौपे। पावर कॉरपोरेशन व ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन समेत वितरण निगमों के 20 कार्मिकों को पेंशन प्रपत्र सौंप गए। यह पहला मौका है कि जब ऊर्जा निर्गमन के कार्मिकों को सेवानिवृत्ति पर उनके पेंशन प्रपत्र सौंपे गए हैं। जिन कार्मिकों को पेंशन निदेशालय के लिए अग्रसारित पत्र व इनकैशमेंट पेपर आदि दिये गये, उनमें राजीव कुमार वर्मा, (मुख्य अभियन्ता), राजीव सक्सेना (अधिशासी अभियन्ता), हेमन्त कुमार गुप्ता (अधिशासी अभियन्ता), शैल सक्सेना (समीक्षा अधिकारी) महेन्द्र प्रताप सिंह आदि शामिल हैं। कार्यक्रम में पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन केबी सिंह, निदेशक वित्त निधि नारंग आदि मौजूद रहे।

हर नागरिक चाहता था कि चौधरी चरण सिंह को मिले भारत रत्न सम्मान

▸▸ भारत रत्न मिलने के बाद रालोद कार्यालय के बाहर बांटे लड्डू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: दिल्ली में शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों से चरण सिंह के पौत्र व रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी सिंह ने प्राप्त किया। सम्मान मिलते ही प्रदेश मुख्यालय पर मौजूद राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे समेत पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए खुशी व्यक्त करते हुए एक-दूसरे का मिठाई खिलाई। व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल द्वारा कार्यालय के अंदर व बाहर सड़क पर लोगों में लड्डू वितरित किए गए।

रालोद कार्यालय के बाहर लड्डू बांटते राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे। अमृत विचार

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट किये। उन्होंने कहा कि पार्टी के लिए यह गौरव के पल हैं, देश का हर नागरिक चाहता था कि चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जाय, जिसे मोदी सरकार ने पूरा किया है। इसके लिए पार्टी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करती है। इस मौके पर अम्बुज पटेल, मनोज सिंह चौहान, रजनीकांत मिश्रा एवं रमावती तिवारी, बीएल प्रेमी, प्रदेश महासचिव श्रम प्रकोष्ठ महेश पाल धनगर, प्रदेश सचिव मयंक त्रिवेदी, मनीष पाण्डेय, रामदीन भारती, मनोहर मौर्या, रिंकू, आदि लोग उपस्थित थे।

बैंक से करोड़ों की धोखाधड़ी के आरोपियों को सजा, जुर्माना

अमृत विचार, विधि संवाददाता : धोखाधड़ी और कूटरचना करके फर्जी दस्तावेजों के आधार पर क्रेडिट लिमिट स्वीकृत करके बैंक को 7 करोड़ 64 लाख का चूना लगाने के आरोपी मैनपुरी इलाहाबाद बैंक के तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक जीके भार्गव, शाखा प्रबंधक राकेश कुमार कौशल, चार्टर्ड अकाउंटेंट मोहन अग्रवाल और व्यापारी पवन गोयल को दोषी ठहराकर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने सजा और जुर्माने से दंडित किया है। कोर्ट ने जीके भार्गव और राकेश कुमार कौशल की 3-3 साल की कैद और दोनों पर 1 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना, मोहन अग्रवाल को 3 साल की कैद और 50 हजार का जुर्माना, जबकि व्यापारी पवन गोयल को पांच साल की कैद और 2 लाख 50 हजार के जुर्माने से दंडित किया है। कोर्ट में बताया गया कि सीबीआई ने शिकायत पर 26 जून 1996 को मामला दर्ज करके विवेचना की तो पता चला कि व्यापारी पवन गोयल ने चार्टर्ड अकाउंटेंट मोहन अग्रवाल और मैनपुरी के इलाहाबाद बैंक के अधिकारियों जीके भार्गव व राकेश कुमार कौशल के साथ मिलीभगत की और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अपनी कंपनी में .ताराचंद जयनारायण, मैं. गंगा प्लाईवुड इंडस्ट्रीज़ और मैं. मोहन एग्रो मिल्स के पक्ष में क्रेडिट लिमिट बनवाई और बैंक से 7 करोड़ 64 लाख की धोखाधड़ी की।

नोएडा जेल में ही रहेगा दुष्कर्म का आरोपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: यूके के साउथ वेल्स में 20 वर्षीय युवती से रेप करने का आरोपी प्रत्यार्पण के बाद नोएडा जेल में रहेगा। आरोपी नोएडा का मूल निवासी है। प्रत्यर्पण होने के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय (पीआर एंड एटीसी) ने यूपी शासन को जेल चिन्हित करने का निर्देश दिया था। इस दौरान निर्णय लिया गया कि आरोपी को नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) स्थित जेल में ही रखा जाएगा।

गौरतलब होकि भारतीय मूल के यूके निवासी प्रीति विकल मूल रूप से नोएडा का रहने वाला है। साउथ वेल्स में एक युवती के साथ बलात्कार करने के आरोप लगे थे। बताया जा है कि प्रीति विकल ने युवती को जबरिया अपने कंधे पर लाद लिया था। वह युवती को कंधे पर जबरिया लादकर कार्डिफ सिटी सेंटर ले जा रहा था। किंग एडवर्ड सप्तम एवेन्यू और नार्थ रोड पर लगे सीसीटीवी में यह घटना रिकार्ड हो गई थी। सजा के लिए यही फुटेज महत्वपूर्ण सबूत बना। ब्रिटिश यंग आफेंडर्स इंस्टीट्यूट ने विकल प्रीति छह वर्ष नौ महीने के कारावास की सजा सुनाई थी। सजा मिलने के बाद भारत सरकार द्वारा प्रत्यर्पण संधि के तहत सजायाफ्ता प्रीति विकल को भारत के जेल में रखने की प्रक्रिया शुरू हुई। इस दौरान गृह विभाग ने यूपी सरकार को पत्र लिखकर जेल चिन्हित करने को कहा था। फिलहाल शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सजायाफ्ता विकल को नोएडा जेल में ही रखा जाएगा।

▸▸ यूके के साउथ वेल्स में 20 वर्षीया युवती से किया था दुष्कर्म

▸▸ प्रत्यार्पण के बाद नोएडा जेल में रखने का लिया गया निर्णय

नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी को पांच साल की कैद

अमृत विचार, विधि संवाददाता : स्कूल में पढ़ने आई नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी स्कूल के गेम्स टीचर मोहम्मद फैज खान को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार उपाध्याय ने पांच साल की कैद और सात हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

कोर्ट में सरकारी वकील सुखेन्द्र प्रताप ने कहा कि वादी ने सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री कक्षा चार में पढ़ती है और 7 जनवरी 2015 को नाबालिग पढ़ने स्कूल गई थी, जहां गेम्स टीचर फैज खान ने आवास पर नाबालिग को जबरदस्ती चूमा और उसके साथ गलत तरीके से छेड़छाड़ की और विरोध पर जानमाल की धमकी दी। पीड़िता ने जब इसकी शिकायत परिजन से की तो आरोपी ने उन्हें भी धमकाया था।

महंगी हुई कॉपी-किताबों के दाम कम करने की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ समाजवादी व्यापार सभा ने उठाया मुद्दा

अमृत विचार: समाजवादी व्यापार सभा ने राज्य सरकार से नए शैक्षणिक सत्र में महंगी हुई कॉपी किताबों के दाम कम करने की मांग की है। इसके बीच तर्क दिया गया है कि पहले से ही महंगाई और मंदी से परेशान अभिभावकों को इससे राहत मिल सके। लखनऊ में शनिवार को व्यापार सभा के प्रदेश कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेश कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने इस मामले को उठाया।

व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल और प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता अभिमन्यु ने कहा कि सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की किताबों के कुछ निजी प्रकाशकों ने तो 10 फीसदी तक दाम बढ़ा दिए हैं। कॉपियों की कीमतें भी 15 से 25 फीसदी तक बढ़ी हैं। इन पदाधिकारियों ने कहा कि कुछ ने रेट नहीं बढ़ाए तो पन्ने कम कर दिए और कुछ ने पन्ने बढ़ाए तो रेट भी बढ़ा दिए। कहा कि दुकानदार भी एमआरपी पर छूट देने से साफ इनकार कर दे रहे हैं। यह हाल तब है जबकि मिलों ने कागज के दाम नहीं बढ़ाए हैं।

सरफराज युवजन सभा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष: लखनऊ। सरफराज हुसैन सोनू निवासी गोण्डा को समाजवादी युवजन सभा में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, नागेन्द्र यादव निवासी बलिया को राष्ट्रीय सचिव नामित किया गया है। वहीं, नकुल गुर्जर निवासी मेरठ को समाजवादी युवजन सभा की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है। इसी कड़ी में छात्र सभा की राज्य कार्यकारिणी में विनीत कुमार निवासी गोरखपुर, हिमांशु यादव निवासी वाराणसी, सनी पवार निवासी हापुड़ और शुयेब हाशमी निवासी महोबा को भी प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

मुख्तार अनीस को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ : समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की ओर से सपा के वरिष्ठ नेता एवं सीतापुर के पूर्व सांसद मुख्तार अनीस की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्तार अनीस सपा के नेता एवं चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया और पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निकट सहयोगियों में थे। उन्होंने डॉ. राम मनोहर लोहिया पर एक संग्रहणीय ग्रंथ के सम्पादन के अतिरिक्त समाजवाद के शिल्पी पुस्तक भी लिखी थी।

समाजवादी महिला सभा के होली मिलन समारोह के दौरान महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह। अमृत विचार

सपा में शामिल हुए बसपा नेता जहीर मलिक

लखनऊ : समाजवादी पार्टी की नीतियों और नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए शनिवार को बसपा छोड़कर नगर पंचायत जलालाबाद जिला शामली के अध्यक्ष जहीर मलिक ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जहीर मलिक सन् 2006 से 2011 तक नगर पंचायत जलालाबाद बस्ती के अध्यक्ष रहे थे। सन् 2022 में वह बसपा के सिम्बल पर विस. का चुनाव भी लड़े थे। बसपा के सिंबल पर ही वे दुबारा 2023 में नगर पंचायत के अध्यक्ष बने हैं।

समाजवादी महिला सभा का होली मिलन समारोह आयोजित

लखनऊ : समाजवादी महिला सभा के तत्वावधान में शनिवार को लखनऊ में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने लखनऊ की गंगा जमुनी संस्कृति और यहां की विशेषताओं पर विचार साझा किए। इस मौके पर महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने मुख्य अतिथि राजेन्द्र चौधरी को 1975 में गाजियाबाद के रामलीला मैदान में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की उपस्थिति में उनके संबोधन का तैल चित्र एवं अंग वस्त्र भेंट किया गया। कार्यक्रम को लखनऊ लोकसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा (विधायक) ने भी संबोधित किया।

पोस्टल बैलेट से तीन दिन डाल सकेंगे वोट

▸▸ सुबह 9 से शाम 5 बजे तक होगी मतदान की सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: आवश्यक सेवाओं में लगे कार्मिक पोस्टल बैलेट के जरिए तीन दिन में किसी दिन मतदान कर सकेंगे। इन कार्मिकों को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने पहले चरण की आठ सीटों के लिए मतदान की तैयारी शुरू कर दी है।

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि 12 आवश्यक सेवाओं में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा), डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के ऐसे कार्मिक जो मतदान दिवस से सम्बन्धित ड्यूटी पर व मतदान दिवस की कवरेज के आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधि को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी गई है।

प्रथम चरण की आठ सीटों के लिए 80 प्रत्याशी मैदान में

अमृत विचार : प्रथम चरण की आठ लोकसभा सीटों के लिए 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन सीटों पर 73 पुरुष व सात महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। शनिवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिया। इन सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सहारनपुर में दो प्रत्याशियों भूपेन्द्र सिंह व संजय और कैराना व मुरादाबाद में एक-एक प्रत्याशी इसरार व वकी रशीद ने नामांकन वापस लिया। उन्होंने बताया कि सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं मतदान की तैयारी शुरू हो गई है।

दूसरे चरण में चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अमृत विचार : दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए हो रहे चुनाव को लेकर शनिवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मेरठ लोकसभा सीट के लिए दो, गाजियाबाद में एक व मथुरा में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। इस चरण में प्रत्याशी चार अप्रैल तक नामांकन कर सकेंगे। मतदान 26 अप्रैल को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर (अजा), अलीगढ़ व मथुरा की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन होना है।

लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1,157 मामलों में कार्रवाई

अमृत विचार : बिना अनुमति के चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के मामले में 1157 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 49,57,898 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 30,14,824 व निजी स्थानों से 19,43,144 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

20वां रोजा

शिया
सहरी : 4:26 बजे
इफ्तार : 6:35 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:32 बजे
इफ्तार : 6:25 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

शहर में आज

- राम मनोहर लोहिया पार्क में अवध होलिकोत्सव के दौरान कार्यक्रम का आयोजन - 4.00 बजे।
- कला स्रोत आर्ट गैलरी, अलीगंज में अंजली सिंह की कला प्रदर्शनी - 5.00 बजे।
- लाला महावीर प्रसाद रोड, सदर कैंट स्थित अग्रसेन वाटिका में अग्रवाल सभा छावनी की ओर से होलिकोत्सव का आयोजन - 7.00 बजे।
- इंदिरा नगर स्थित सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर में अखंड वाणी महायज्ञ का समापन - 8:00 बजे।

अकबर नगर : आवास पंजीकरण कराने उमड़े लोग

494 विस्थापितों ने भरे फार्म, पंजीकरण कराने का आज अंतिम दिन, 1180 लोग करा चुके हैं प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अकबर नगर के विस्थापित आवास के लिए पंजीकरण कराने को लखनऊ विकास प्राधिकरण के शिविर में उमड़ पड़े। शनिवार को 494 विस्थापितों ने प्रधानमंत्री आवास के लिए फार्म भरे।

अकबर नगर प्रथम के 344 एवं द्वितीय के 150 विस्थापितों ने दस्तावेज के साथ 1,000 रुपये शुल्क जमा करके आवास के लिए पंजीकरण कराया। अभी तक 1180 विस्थापित प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण करा चुके हैं।

अकबर नगर में आयोजित पंजीकरण शिविर में विस्थापितों के दस्तावेज देखते एलडीए उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

शिविर में एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी अन्य अधिकारियों के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पंजीकरण शिविर 31 मार्च तक चलेगा। विस्थापित शिविर में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आवास के लिए पंजीकरण करा सकते हैं।

अकबर नगर में कुकरैल बंधे व नदी पर अवैध तरीके से बने 1,200 मकानों, दुकानें, शोरूम और कॉम्प्लेक्स ध्वस्त किए जाने हैं। इनमें से लगभग 28 शोरूम एलडीए तोड़ चुका है। मकान में बनी लगभग 93 दुकानें भी ध्वस्त की जानी हैं। उच्च न्यायालय के 31 मार्च तक मकान खाली करने के आदेश के खिलाफ कुछ भवन स्वामियों ने सर्वोच्च न्यायालय में अपील की थी, लेकिन उन्हें राहत नहीं मिली। सर्वोच्च न्यायालय ने विस्थापितों को 31 मार्च तक एलडीए के शिविर में मकान के लिए पंजीकरण कराने का निर्देश दिया है।

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर एलडीए ने शिविर 31 मार्च तक बढ़ा दिया। अंतिम तिथि करीब आते ही मकान के लिए पंजीकरण कराने वाले विस्थापितों की संख्या तेजी से बढ़ी है। 31 मार्च तक पंजीकरण न कराने वाले विस्थापितों के मकान एलडीए ध्वस्त कर सकता है। सर्वोच्च न्यायालय में इस मामले पर 14 अप्रैल को अगली सुनवाई होनी है।

1 अप्रैल से 28 नए नो पार्किंग जोन होंगे प्रभावी

अमृत विचार, लखनऊ : 1 अप्रैल से राजधानी में कई नई व्यवस्थाएं लागू हो जाएंगी। टोल टैक्स में बढ़ोत्तरी और एसी बसों के किराए में छूट खत्म हो जाएगी। शहर में 28 नए स्थान नो पार्किंग को लेकर प्रभावी हो जाएंगे। इसके साथ ही लखनऊ से दिल्ली जाने वाली बसों का संचालन बंद कर दिया जाएगा। राजधानी के 28 नए स्थान नो-पार्किंग जोन बनाए गए हैं। 1 अप्रैल से इन स्थानों पर वाहन खड़ा करने पर जुर्माना भरना पड़ सकता है। वाहन जब्त भी किए जा सकते हैं। पुलिस व यातायात विभाग ने चिन्हित स्थलों पर सड़क के किनारे सफेद पट्टी खींची गई हैं। 17 नो पार्किंग जोन पहले से चिह्नत हैं। अब कुल 45 स्थानों पर नो पार्किंग जोन हो जाएंगे। साथ ही एसी बसों में 1 अप्रैल से टिकट पर 10 फीसदी छूट भी खत्म हो जाएगी। 16 फरवरी से 31 मार्च तक छूट दी जा रही थी। 1 अप्रैल से ऑनलाइन, काउंटर या बस में पूरा किराया देना होगा। 1 अप्रैल से परिवहन विभाग की बीएस-5 मॉडल की बसें दिल्ली-एनसीआर क्षेत्रों में नहीं जा सकेंगी।

रेरा पोर्टल पर सही फार्मेट में अपलोड करें अभिलेख

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने शिकायतकर्ताओं द्वारा पोर्टल पर अभिलेखों को सही फार्मेट में अपलोड करने के सम्बन्ध में नया आदेश जारी किया है। पक्षकारों को आदेश दिया है कि ई-कोर्ट्स में उनके द्वारा साक्ष्य में कोई भी अभिलेख केवल पीडीएफ फाइल में ही अपलोड किया जाए। अभिलेख को किसी स्कैनर मशीन या मोबाइल का उपयोग करके डाक्यूमेंट स्कैन किया जाए। यूपी रेरा ने शिकायत पोर्टल पर अपलोड किए जाने वाली फाइलों का साइज दो एमबी से बढ़ाकर तीन एमबी कर दिया है। यूपी रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि ई-कोर्ट्स में शिकायतों की सुनवाई के दौरान यह देखा जाता है कि पक्षकारों द्वारा अपलोड किए गए कई अभिलेख साफ या पठनीय नहीं होते हैं। जिससे शिकायतों की सुनवाई व निस्तारण में समस्या आती है।

बहन, बहनोई पर रुपये लूटने का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : नाका थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में एक युवक ने बहन, बहनोई पर मारपीट कर रुपये लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह काम से बाहर गया था। दोपहर करीब ढाई बजे घर लौटा तो बहनोई राजेश कुमार और बहन शिखा जायसवाल मां पार्वती से मारपीट करते मिले। उसे आया देख आरोपी ईंट से सिर पर हमला कर लहूलुहान कर भाग निकले। मां ने बताया कि आरोपी 8 हजार रुपये लूट ले गये हैं। इंस्पेक्टर नाका वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया, मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

आज खुले रहेंगे कई सरकारी कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतिम दिन रविवार (31 मार्च) को सरकारी कार्यालय खुले रहेंगे। लोग नगर निगम के कार्यालय में गृहकर और लेसा कार्यालय में बकाया बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं। इसके अलावा रजिस्ट्री कार्यालय में बैनामे संबंधी कार्य भी होंगे। आरटीओ कार्यालय में भी बकाया टैक्स जमा करने की सुविधा दी गई है।

नगर निगम की मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन नगर निगम के सभी जोनल कार्यालय, कैश काउंटर आधी रात तक खुलेंगे, ताकि वह अपना हाउस टैक्स जमा कर सकें। वहीं, एलडीए उपाध्यक्ष इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अकबर नगर में पीएम आवास और अन्य योजनाओं में पंजीकरण के लिए एलडीए के

- देर रात तक सरकारी कार्यालयों में पूरा होगा वित्तीय वर्ष का लेखा-जोखा
- जमा किए जा सकेंगे गृहकर, बिजली का बिल

शिविर भी खुले रहेंगे। विस्थापित शिविर में आवास के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं।

वहीं, कलेक्ट्रेट और जवाहर भवन के कोषागार भी खुले रहेंगे। इस दौरान संबंधित विभागों के बिल प्राप्त किए जाएंगे। इन कार्यालयों में भी देर शाम तक कार्य होगा।

इसके अलावा पांचों तहसीलों से लेकर लखनऊ कैसरबाग मुख्यालय तक रजिस्ट्री कार्यालय खुले रहेंगे। एआईजी रमेश चन्द्र ने बताया कि जिसे भी बैनामे संबंधी कार्य कराना है, वह संबंधित रजिस्ट्री कार्यालय आ सकता है।

खुला रहेगा पीएनबी

पंजाब नेशनल बैंक ने घोषणा की है कि 31 मार्च को सरकारी प्राप्तियों और भुगतान से संबंधित कार्य को लेकर शाखाएं खुली रहेंगी। रविवार को वित्तीय वर्ष 2023-24 की सरकारी प्राप्तियों और भुगतान संबंधित लेन-देन और लेखांकन का कार्य किया जा सकेगा। आरटीओ कार्यालय में भी व्यावसायिक, भारी वाहन, यात्री वाहन मालिक बकाया रोड टैक्स जमा किए जा सकेंगे। एआरटीओ (प्रशासन) अखिलेश द्विवेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन 31 मार्च को वाहन स्वामियों की सुविधा के लिए कार्यालय खुला रहेगा। कामर्शियल वाहनों से जुड़े टैक्स से संबंधित काम होंगे। ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी कोई काम नहीं होंगे।

लुलु मॉल से जमा कराया 3 .5 करोड़ गृहकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्त होने में मात्र एक दिन शेष है। गृहकर वसूली का लक्ष्य पूरा करने के लिए नगर निगम का बड़े बकायेदारों पर सख्ती करने का असर दिख रहा है। शनिवार को जोन आठ में लुलु मॉल से नगर निगम ने 3.5 करोड़ रुपये बकाया गृहकर जमा कराया। शुक्रवार को अम्बेडकर विश्वविद्यालय से 3.41 करोड़ और गुरुवार को राज्य सम्पत्ति विभाग ने 4.61 करोड़ रुपये गृहकर जमा कराया था। शनिवार तक नगर निगम कर करेत्तर में लगभग 630 करोड़ रुपये वसूल चुका है, जिसमें लगभग 410 करोड़ रुपये गृहकर की धनराशि है।

- नगर निगम ने 410 करोड़ रुपये गृहकर जमा कराया
- आज 5 प्रतिशत छूट के साथ गृहकर जमा करने का अंतिम दिन

कर करेत्तर व गृहकर वसूली के मामले में लखनऊ नगर निगम प्रदेश में चौथे स्थान पर चल रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले नगर निगम इस बार लक्ष्य से लगभग 33 प्रतिशत आगे हैं। रविवार को गृहकर जमा करने का अंतिम दिन है। सरकारी एवं निजी भवनों के बड़े बकायेदारों से नगर निगम को कम से कम 25 करोड़ रुपये गृहकर जमा होने की उम्मीद है।

कल से उठाएं गृहकर में 15 प्रतिशत छूट का लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गृहकर में 15 प्रतिशत छूट का लाभ उठाने का सोमवार से मौका है। नगर निगम ने पहली बार यह व्यवस्था शुरू की है। इसके लिए तैयारी भी पूरी कर ली गयी है। एनआईसी से नगर निगम के सॉफ्टवेयर में बदलाव किया जा चुका है। 1 अप्रैल से वित्तीय वर्ष 2024-25 का गृहकर 30 जून से पहले जमा करने पर अब 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह लाभ पाने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 का बकाया गृहकर 31 मार्च तक जमा होना चाहिए। गृहकर नहीं जमा किया है तो 12 प्रतिशत ब्याज भी लगेगा। नगर निगम अभी तक गृहकर पर अधिकतम 10 प्रतिशत छूट देता था।

महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी बैठक में यह निर्णय लिया गया था। यह व्यवस्था लागू होने से गृहकर जमा करने वाले भवन स्वामियों की संख्या बढ़ेगी। साथ ही, नगर निगम को अधिक से अधिक धनराशि मिलेगी, जिससे शहर का तेजी से विकास हो सकेगा।

- 30 जून से पहले जमा करना होगा गृहकर
- बकाया है तो नहीं मिलेगी छूट, 12 प्रतिशत ब्याज भी लगेगा

गृहकर बकाया है तो नहीं मिलेगी छूट

गृहकर बकाया है तो 15 प्रतिशत की छूट नहीं मिलेगी। बकाया गृहकर पर 12 प्रतिशत ब्याज भी लगेगा। अगले वित्तीय वर्ष के गृहकर में बकाया गृहकर और ब्याज जुड़ जाएगा। इसलिए आज ही अपना बकाया गृहकर जमा कर दें। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने बताया कि 31 मार्च तक अपना गृहकर जमा कर दें। नगर निगम के कैश काउंटर रविवार को भी खुले रहेंगे। ऑनलाइन, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई और क्यूआर कोड से भी गृहकर जमा कर सकते हैं।

रात 12 बजे तक खुले रहेंगे कैश काउंटर : वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन रविवार को भी नगर निगम के समस्त जोनल कार्यालय एवं कैश काउंटर रात 12 बजे तक गृहकर जमा करने के लिए खुले रहेंगे। यह जानकारी नगर निगम की मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने दी। उन्होंने गृहकरदाताओं से अधिक से अधिक बकाया गृहकर जमा करने के साथ 5 प्रतिशत छूट का लाभ उठाने की अपील की।

मौसम में बदलाव, बढ़ते तापमान और तेज धूप ने सभी को अभी से परेशान करना शुरू दिया है, इसी क्रम में प्राणि उद्यान में काई वाले पानी के जरिए गर्मी से बचने की कोशिश करते वन्य जीव। अमृत विचार

आज बढ़ेगी गर्मी, कल से राहत के आसार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में रविवार को तेज धूप निकने से तापमान बढ़ेगा लेकिन राजधानी समेत प्रदेश में सोमवार से तापमान गिरने के आसार हैं। इससे गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। शनिवार को राजधानी में अधिकतम तापमान 37.3 और न्यूनतम 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

- राजधानी में अधिकतम पारा 37.3 व न्यूनतम 22.8 डिग्री रहा

मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया पश्चिमी विक्षोभ के कारण शुक्रवार रात को बादल छाने से अधिकतम पारा बढ़ा रहा। शनिवार को दिन में पुरवा हवा चलने से गर्मी व उमस रही। उन्होंने बताया रविवार से मौसम का मिजाज बदलेगा। पछुवा हवाओं के चलने का अनुमान है। हवा की रफ्तार 25 से 35 किलोमीटर के बीच रहेगी। पछुवा हवा चलने से मौसम शुष्क रहेगा। अगले छह दिन यानी पांच अप्रैल तक बारिश के आसार नहीं हैं। राजधानी समेत पूरे प्रदेश में 5 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है।

अमीनाबाद के गन्ने वाली गली में निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स सील

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने शनिवार को अमीनाबाद स्थित गन्ने वाली गली में व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स सील कर दिया। जोनल अधिकारी जोन छह संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि नाजनीन फातिमा व अन्य द्वारा अमीनाबाद के गन्ने वाली गली में रानी लक्ष्मीबाई मार्ग पर भूखण्ड संख्या 100/68 पर लगभग 2,000 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध रूप से बेसमेंट व अपर ग्राउंड फ्लोर पर दुकानों व हॉल का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किए जा रहे इस निर्माण के विरुद्ध विहित न्यायालय से सीलिंग का आदेश पास था। शनिवार को सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता भानु प्रकाश वर्मा द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से निर्माणाधीन बिल्डिंग को सील कर दिया।

डॉट्स केंद्रों पर भेज दी कम अवधि की एक्सपायरी दवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शहर में खुले डॉट्स केंद्रों पर कम अवधि की एक्सपायर दवाओं की सप्लाई होने का मामला सामने आया है। बलरामपुर अस्पताल में टीबी के एक मरीज को दवा देने पर इसका खुलासा हुआ। टीबी के मरीज ये दवाएं लेने से एतराज जता रहे हैं। अफसरों का कहना है कि ये दवाएं भारत सरकार की ओर से भेजी गई थीं। नई दवाओं की खरीद जल्द कराई जाएगी, जिसकी प्रक्रिया चल रही है।

कैसरबाग निवासी 50 वर्षीय पुरुष मरीज को टीबी है। मरीज का टीबी का इलाज जनवरी से शुरू हुआ है, जो कि छह माह तक चलना है। तीमारदार ने बताया कि मरीज को बलरामपुर अस्पताल से अप्रैल माह की एक्सपायरी की दवा दी गई है, जिसका बैच नंबर ए 102657 और उसकी निर्माण अवधि जून 2021 की है। एक पत्ते में 28 गोली हैं। इसी तरह से दूसरे मरीजों को भी बलरामपुर से कम अवधि की एक्सपायरी की दवा वितरित कर दी गई है। इस मामले में अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि अप्रैल माह की एक्सपायरी की टीबी की दवा की जांच होगी। स्टॉक मिलान के साथ ही नई दवा मंगवाई जाएगी। अभी अप्रैल माह की एक्सपायरी की दवा खाने से मरीज को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। घबराने की जरूरत नहीं है।

- टीबी मरीज दवा लेने से कर रहे इंकार

बलरामपुर में टीएमटी जांच सुविधा शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल में टीएमटी जांच के लिए मरीजों को निजी सेंटर या बड़े संस्थानों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। अब यह सुविधा अस्पताल में ही शुरू कर दी गई है। अस्पताल में मशीन स्थापित कर दी गई है। बलरामपुर अस्पताल में कार्डियक यूनिट का संचालन हो रहा है। ओपीडी में हर दिन करीब 100-150 मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। अस्पताल में अभी तक ईसीजी जांच की सुविधा थी। टीएमटी जांच के लिए मरीजों को केजीएमयू या दूसरे सरकारी संस्थान रेफर किया जाता था। वहां पर मरीजों का लोड अधिक होने से मरीजों को इंतजार करना पड़ता था। निजी केंद्रों पर यह जांच करीब 2200 रुपये की है। अस्पताल निदेशक डॉ .पवन कुमार अरुण ने बताया कि मरीजों को अब टीएमटी जांच के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। आईसीयू में टीएमटी जांच मशीन लग गई है। डॉक्टर के लिखने पर ओपीडी के मरीज भी जांच करा सकेंगे। निदेशक के मुताबिक, अस्पताल में टूडी ईको की भी सुविधा मरीजों को जल्द मिलेगी। कॉरपोरेशन से मशीन की मांग की गई है।

सुल्तानपुर रोड पर 8 अप्रैल से अतिक्रमण हटाएगा पीडब्ल्यूडी

अमृत विचार, लखनऊ : सुल्तानपुर रोड पर अर्जुनगंज से अहिमामऊ के बीच अतिक्रमण के विरुद्ध पीडब्ल्यूडी 8 अप्रैल से अभियान चलाएगा। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता मनीष वर्मा ने जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार को पत्र लिखकर पुलिस फोर्स की मांग की है। लखनऊ-सुलतानपुर मार्ग पर मरी माता मंदिर से शहीद पथ तक अर्जुनगंज, सरसवां और अहिमामऊ के दोनों तरफ स्थानीय निवासियों ने अतिक्रमण किया है। इससे सड़क संकरी हो गई है और दिन भर भीषण जाम रहता है। शासन के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी ने 1,820 मीटर लंबे मार्ग को चौड़ा करने का प्रस्ताव बनाया है। शासन से लगभग 29 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। 103 अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी दी जा चुकी है। अवैध निर्माण न तोड़े जाने से सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं हो सका। अगले सप्ताह से पीडब्ल्यूडी मुनादी भी कराएगा।

ट्यूमर की सर्जरी कर दिया नया जीवन

ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में पहली बार हुई जटिल सर्जरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हरदोई के रहने वाले युवक के गले में पनपे ट्यूमर की ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में शनिवार को जटिल सर्जरी कर डॉक्टरों ने उसे नया जीवन दिया है। ठाकुरगंज अस्पताल में इस तरह की सर्जरी पहली बार की गई है। अमूमन ऐसे मामले बड़े चिकित्सा संस्थानों में रेफर किए जाते हैं।

अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि हरदोई के रहने वाले विनीत (22) के गले में थूक बनाने वाली ग्रंथि में ट्यूमर पनप गया था। करीब साल पहले उसके गले में सूजन आई। नजदीकी डॉक्टर से इलाज कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। ट्यूमर लगातार बढ़ता रहा था। बीते हफ्ते मरीज ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में इलाज के लिए आया। ईएनटी सर्जन डॉ. अनित्या श्रीवास्तव ने उसे ओपीडी में देखा। डॉक्टर ने जांच कर ऑपरेशन की सलाह दी। मरीज ऑपरेशन को राजी हो गया। बीती 29 मार्च को उसे अस्पताल में भर्ती किया गया। शनिवार को डॉक्टर अनित्या श्रीवास्तव ने टीम की मदद से करीब तीन घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद मरीज की थूक ग्रंथि में पनपे ट्यूमर को निकाल दिया। डॉक्टर ने जांच के लिए नमूना भेजा है। अस्पताल सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि इस तरह की सर्जरी पहली बार अस्पताल में हुई है। सीमित संसाधनों में ऑपरेशन संभव हुआ है।

- तीन घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद मरीज की थूक ग्रंथि में पनपे ट्यूमर को निकाला

एक नजर

तीन साल की कैद और जुर्माने से दंडित किया

अमृत विचार, लखनऊ : एनसीसीएफ को करोड़ों का नुक़सान पहुंचाने के आरोपी कानपुर एनसीसीएफ ऑफ इंडिया लिमिटेड के तत्कालीन गोदाम कीपर गैंडेलाल गुप्ता, पूर्व स्टोर कीपर सूरज कुमार सिंह और सहकारी समितिया कानपुर के तत्कालीन सहायक पंजीयक एके काला को दोषी ठहराकर सीबीआई के विशेष न्यायाधीश बी तीन-तीन साल की कैद और जुर्माने से दंडित किया है। कोर्ट ने गैंडेलाल पर एक लाख 25 हजार, काला पर 75 हज़ार और सूरज पर पचास हज़ार का जुर्माना लगाया है। कोर्ट में सीबीआई की ओर से बताया गया कि एनसीसीएफ़ से धोखाधड़ी की शिकायत पर सीबीआई ने 24 दिसंबर 1993 को रिपोर्ट दर्ज की। आरोप था की अगस्त 1988 से फ़रवरी 1990 के बीच कानपुर में जनता हैंडलूम क्लॉथ की बिक्री में अनियमितता कर एनसीसीएफ़ के साथ धोखाधड़ी करते हुए करोड़ों के कपड़े अनधिकृत लोगों को ओने-पौने दामों में दिये गये।

नकल विहीन परीक्षा, मूल्यांकन समय पर पूरा

यूपी बोर्ड परीक्षा में तीन शिफ्टों में लगाए गए निगरानी तंत्र से आए सकारात्मक परिणाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परीक्षा से मूल्यांकन तक पहली बार बोर्ड पर नहीं उठे सवाल
- 400 केन्द्रों को नोटिस, एक की 24 घंटे में समाप्त की गई मान्यता

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 में इस बार प्रश्नपत्रों की सुरक्षा से लेकर परीक्षा और मूल्यांकन तक की कंट्रोल रूम से तीन शिफ्टों में आनलाइन निगरानी हुई। इससे पहली बार ऐसा रहा कि बोर्ड पर किसी तरह का प्रश्नचिह्न नहीं लग पाया। शनिवार को मूल्यांकन कार्य पूरा होने के बाद लखनऊ से इलाहाबाद तक के अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

अमृत विचार विचार से बातचीत में बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा, प्रश्नपत्र की सुरक्षा और मूल्यांकन की निगरानी करने के लिए कंट्रोल रूम पर कर्मचारियों की ड्यूटी तीन शिफ्टों में लगाई गई थी। आठ-आठ घंटे की तीनों शिफ्टों में 180 कर्मचारियों ने लगातार निगरानी की। जिसके पारदर्शिता के साथ परीक्षा समाप्त हुई और निर्धारित समय से पहले मूल्यांकन पूरा हो गया।

मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों से अधिकारियों ने पूछा कि क्या किसी छात्र-छात्रा की एक जैसी कॉपी मिली। इस पर शिक्षकों ने कहा कि कॉपियां देखकर पता चलता है कि परीक्षा पूर्ण रूप से नकलविहीन हुई है। शिक्षकों ने बताया कि पहले कई बार कुछ छात्रों की कॉपियां मिलती जुलती मिल जाती थीं।

पहली बार परीक्षा के बीच रद हुई कॉलेज की मान्यता

पहली बार ऐसा हुआ है जब परीक्षा के बीच में किसी कॉलेज की मान्यता रद्द की गई हो। आगरा के अतर सिंह इंटर कॉलेज में केंद्र व्यवस्थापक के पुत्र (कंप्यूटर ऑपरेटर) ने इंटरमीडिएट के दो पेपर की कॉपी परीक्षा शुरू होने के दो घंटे बाद वाट्सएप पर वायरल कर दी थी। परिषद सचिव व निदेशक की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी गई। डीआईओएस की ओर से मुकदमा भी दर्ज कराया गया।

लखनऊ मंडल में तेजी से हुआ मूल्यांकन कार्य

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ सहित पूरे मंडल में मूल्यांकन के लिए बोर्ड ने 24 लाख 16 हजार 568 कॉपियों का आवंटन किया था। राजधानी में 6 लाख से अधिक कॉपियों का मूल्यांकन जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार की निगरानी में पूरा हुआ। हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर, उन्नाव, रायबरेली में मूल्यांकन की निगरानी जेडी माध्यमिक डॉ प्रदीप कुमार करते रहे। जिलों में जिला विद्यालय निरीक्षक भी लगातार निगरानी करते रहे। समस्या आने पर अधिकारियों ने उसे तत्काल दूर कराया। अधिकारी शिक्षकों का हौसला भी बढ़ाते रहे। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि मण्डल के सभी 6 जनपदों में शिक्षकों ने शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन मूल्यांकन की गति को कभी कम नहीं होने दिया। यही कारण है कि मण्डल में मूल्यांकन कार्य समय से और शांतिपूर्वक पूरा हो गया।

जिन केन्द्रों पर गड़बड़ी दिखी उन्हें जारी हुए नोटिस

माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि परीक्षा के दौरान अलग-अलग केन्द्रों पर निगरानी में जो गड़बड़ियां मिलीं उसके लिए 400 नोटिस जारी किए गये। लापरवाह केन्द्र व्यवस्थापकों पर कार्रवाई की गई है।

विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने को चलेगा हस्ताक्षर अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 20 मई को राजधानी में मतदान होगा। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हस्ताक्षर व शपथ ग्रहण अभियान चलाया जाएगा। पोस्टर, फ्लेक्स तथा व्हाट्सअप के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। हर गांव में सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को चुनावी चौपाल का आयोजन किया जायेगा। जिसमें नुक्कड़ नाटक और अन्य कार्यक्रम से लोगों को जागरूक किया जायेगा।

लोकसभा निर्वाचन के लिए स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में शनिवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने यह निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय समस्त अधिकारी, नगर निगम, सचिव एलडीए, सीएमओ, सहायक निदेशक संस्कृति, संयुक्त आयुक्त जीएसटी, अग्रणी जिला प्रबंधन, बैंक ऑफ इंडिया, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी तथा समस्त अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

अखिल भारत हिन्दू महासभा ने भी चलाया अभियान

लखनऊ : प्रदेश में अखिल भारत हिन्दू महासभा द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही हैं। यह जानकारी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने जारी एक बयान में दिया है। उन्होंने बताया कि आगामी लोक सभा निर्वाचन के मद्देनजर व जिन मतदान केंद्रों में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुए हैं, वहां मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से महासभा के पदाधिकारियों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्कूल, कॉलेजों में नवप्रवेशित विद्यार्थियों और 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों, नवविवाहितों, दिव्यांगों, 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं को ध्यान में रखकर विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं।

प्राथमिक विद्यालय चतुरी खेड़ा में रिपोर्ट कार्ड के साथ खुशी जताते बच्चे।

मल्हौर राम सहारे पुरवा में रिपोर्ट कार्ड देते बीईओ मुख्यालय राजेश कुमार सिंह।

परिषदीय स्कूलों में बच्चों को बांटे गए रिपोर्ट कार्ड

कार्यालय संवाददाता

- कई स्कूलों में शिक्षकों ने बच्चों को गिफ्ट भी दिए

अमृत विचारः राजधानी में संचालित बेसिक शिक्षा परिषद के सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 तक के बच्चों का परीक्षा परिणाम शनिवार को जारी कर दिया गया। विद्यालयों में बच्चों को रिपोर्ट कार्ड के साथ शिक्षकों ने गिफ्ट भी दिए। कई विद्यालयों में खंड शिक्षा अधिकारी भी मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय मल्हौर राम सहारे पुरवा में बीईओ मुख्यालय राजेश कुमार सिंह ने रिपोर्ट कार्ड बांटे। उन्होंने बच्चों से कहा कि बेहतर करियर के लिए निरंतर आगे की पढ़ाई को जारी रखना होगा। नगर क्षेत्र जोन 1 स्थित किला मोहम्मदी प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन पाण्डेय ने बताया कि परिणाम बेहतर रहा। प्राथमिक विद्यालय अहिरन ढकवा, प्राथमिक स्कूल मेमोरा सरोजनी नगर, प्राथमिक विद्यालय अली नगर खुर्द, प्राथमिक विद्यालय डिप्टी गंज सहित राजधानी के 1600 से अधिक विद्यालयों में रिपोर्ट कार्ड बांटे गए।

छूटे बच्चों को सोमवार को मिलेगा रिपोर्ट कार्ड

बीईओ मुख्यालय के मुताबिक अलग-अलग विद्यालय में पंजीकृत 1.54 लाख से अधिक बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए जाने हैं। जिन बच्चों को रिपोर्ट कार्ड नहीं मिला है वह 1 अप्रैल सोमवार को नये सत्र के दौरान अपना रिपोर्ट कार्ड स्कूल से प्राप्त कर सकते हैं।

पहले ही भेजे थे सादे कार्ड

बीएसए राम प्रवेश ने राजधानी के सरकारी विद्यालयों में सादे रिपोर्ट कार्ड पहले भेज दिए गये थे। इनको समय से शिक्षकों ने भरकर बच्चों को दिया जा सका है। बीएसए ने बताया कि यदि किसी विद्यालय में रिपोर्ट कार्ड कम पड़ गए हों तो शिक्षक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

रिपोर्ट कार्ड के साथ प्राथमिक विद्यालय किला मेहंदी के बच्चे, साथ में शिक्षक।

कक्षा 5 व 8 के बच्चों की हुई विदाई

रिपोर्ट कार्ड वितरण के साथ कक्षा पांच और आठ के बच्चों का विदाई समारोह भी हुआ। बीईओ मुख्यालय राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कक्षा पांच पास करने वाले बच्चे अब जूनियर स्कूल में जायेंगे। जो बच्चे कक्षा 8 पास कर चुके हैं, वह कक्षा नौ में प्रवेश लेंगे। इन दोनों क्लास के बच्चों को स्कूलों से विदाई दी गई।

गणित प्रतियोगिता में छात्रा चैम्पियन

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज द्वितीय कैम्पस के केजी की छात्रा प्रिशा वाजपेयी ने इण्टरनेशनल एबेकस कम्पटीशन में चैम्पियन ट्राफी अर्जित की है। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने बताया कि प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित की गई। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रिशा को आयोजकों ने प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्राफी से पुरस्कृत किया।

लखनऊ विवि का विधि संकाय प्रदेश में प्रथम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क ने पांच मापदंडों का मूल्यांकन कर जारी की रैंकिंग

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने राज्य के विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) के अनुसार विधि शिक्षा प्रदान करने वाला उप्र. का शीर्ष विश्वविद्यालय बन गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय का विधि विभाग अलीगढ़ विवि (एएमयू), बनारस हिंदू विवि (बीएचयू) व राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के बाद चौथे स्थान पर है।

इनमें से एएमयू व बीएचयू केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने वर्ष 2024 में विधि संस्थानों और विश्वविद्यालयों के बीच देश में 32वां स्थान हासिल किया है। फ्रेमवर्क एजुकेशन पोस्ट ने रोजगार क्षमता, शिक्षण-सीखने के संसाधन, संकाय, बुनियादी ढांचा, प्रोजेक्ट और केस स्टडी जैसी पांच महत्वपूर्ण मापदंडों का मूल्यांकन कर यह रैंकिंग जारी की है। लखनऊ विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने कहा कि विश्वविद्यालय की रैंकिंग में ये महत्वपूर्ण सुधार उद्योग-केंद्रित पाठ्यक्रम, शिक्षकों की नियुक्ति और बुनियादी ढांचे के उन्नयन का परिणाम हैं। इन कारकों ने शिक्षण और अनुसंधान की गुणवत्ता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

थोरैसिक, वैस्कुलर सर्जरी स्पेशलिटी क्लीनिक का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान में थोरैसिक और वैस्कुलर सर्जरी स्पेशलिटी क्लीनिक का आयोजन शनिवार सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक डीलक्स ओपीडी में किया गया। कार्डियोवास्कुलर एवं थोरैसिक सर्जन पूर्व कुलपति पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. भाबातोष बिस्वास व उनकी पैरामेडिकल टीम के सहयोग से हृदय रोग से पीड़ित मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श एवं परीक्षण दिया गया। भाबातोष ने कहा कि कोई मरीज या उसका रिश्तेदार पुरानी खांसी, बलगम वाली खांसी, वजन कम होना, भूख न लगना, सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई, बार-बार सीने में संक्रमण, खांसी में खून आने जैसी समस्या, फेफड़े या ग्रासनली के कैंसर से पीड़ित है तो उसे परामर्श का लाभ उठाना चाहिए।

दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करतीं स्कूल की चेयरपर्सन। अमृत विचार

एसआर इण्टरनेशनल स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित

अमृत विचार, लखनऊः बख्शी का तालाब स्थित एसआर इण्टरनेशनल स्कूल एण्ड स्पोर्ट्स एकेडमी में ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित की गई। इसमें संस्थान के चेयरमैन पवन सिंह चौहान, चेयरपर्सन निर्मला सिंह चौहान, वाइस चेयरपर्सन सुष्मिता सिंह चौहान, संस्थान की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मोनिका तिवारी और अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों की वार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों को दी गयी। कक्षा में अच्छी उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अलग-अलग गतिविधियों में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रशंसा पत्र दिए गये। चेयरमैन ने अभिभावकों का आभार प्रगट किया।

राजधानी में बढ़ी बिजली कनेक्शनों की डिमांड

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में गर्मी बढ़ने के साथ नये बिजली कनेक्शनों की डिमांड मांग बढ़ गई है। पॉवर कारपोरेशन भी मांग को देखते हुए जहां प्रीपेड मीटरों की व्यवस्था कर रहा है। जिन इलाकों में लोग नए भवन बनवा रहे हैं, वहां पर डिमांड अधिक आ रही है। सरोजनी नगर, बंगला बाजार, नादरगंज, कानपुर रोड, बीकेटी, चिनहट, गोमती नगर विस्तार, गुड़ंबा, मड़ियांव के ग्रामीण शामिल हैं।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो०: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो०: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

बच्चों ने सुनी स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव की कहानी

कहानी से जीवंत किया दादी-नानी का दौर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कहानियों के माध्यम से बच्चों को नैतिक शिक्षा देने के उद्देश्य से स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने अपनी कहानी के जरिये दादी-नानी के दौर की याद ताजा करा दी।

लोक संस्कृति शोध संस्थान की मासिक श्रृंखला के तहत इस बार जानकीपुरम सेक्टर एच में बाल सभा के बच्चों ने कहानी सुनी और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर भी दिए। शनिवार को बच्चों को हीरे की पहचान कहानी सुनने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने कठिन वाक्यों के उच्चारण अभ्यास के साथ की। कथा सत्र में एक जैसा दिखने वाले हीरे और कांच के टुकड़े में अंतर बताने की कहानी रोचक ढंग से सुनाई। कल्पना के सागर में डूबते बच्चों ने वर्तमान को अच्छा बनाने, परिश्रम करने, परिस्थितियों का सामना करने, सच बोलने जैसे नैतिक मूल्यों की प्रेरणा ली। इस अवसर पर लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी, ऋचा श्रीवास्तव, नीलम वर्मा, राजनारायण वर्मा और अपराजिता की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव। अमृत विचार

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम मो0 एहसन मुश्ताक था वर्तमान में मो0 एहसन हो गया है जो आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में अंकित है। अब से मुझे मो0 एहसन के नाम से जाना एवं पहचाना जाए। **–मो0 एहसन पुत्र मोहम्मद मुश्ताक, निवासी–327/144, चौकीदारी मोहल्ला, चौक, लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मेरा यूपी बोर्ड का वर्ष 2017 हाईस्कूल अनुक्रमांक 1892111 तथा इन्टरमीडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 1480009 व बीओबी पाससबुक खाता– 36368100002117 वास्तव मे खो गया है। **अखिलेश कुमार वर्मा पुत्र महेन्द्र कुमार वर्मा, निवासी– ग्राम– मनिकापुर परासिन, विकवाजितपुर सुलतानपुर यूपी।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की यूपी माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद वर्ष 2021 में अम्बिका संस्कृत उच्चतर माध्यमिक महाविद्यालय हनुमानगंज अठेहा जिला प्रतापगढ़ से उत्तीर्ण पूर्व माध्यमा द्वितीय वर्ष का मूल प्रमाणपत्र (सार्टिफिकेट) जिसका अनुक्रमांक 21224697 है वह कही खो गया है। **–प्रिंस तिवारी पुत्र संजय कुमार तिवारी, निवासी– ग्राम– महानन्दपुर, पोस्ट– परशदेपुर, तहसील– सलोन, जिला– रायबरेली**

सूचना

सूचित हो कि मैं **गया प्रसाद पुत्र स्व0 राम आसरे, निवासी– गजवरियन खेडा कल्ली पश्चिम, थाना– एस0जी0पी0जी0आई0, तहसील– सरोजनीनगर जिला लखनऊ** मेरी पुत्री शिवानी उम्र लगभग 18 वर्ष ने अपनी मर्जी से सुरेन्द्र पुत्र अयोध्या निवासी– गजवरियन खेडा कल्ली पश्चिम, थाना– एस0जी0 पी0जी0आई0, तहसील– सरोजनीनगर जिला लखनऊ से विवाह कर लिया है। उसके इस कृत्य से क्षुब्ध होकर उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे बड़े पुत्र शशांक मिश्र व उसकी पत्नी किरन मिश्रा का चाल चलन व आचरण गलत है एवं विगत कई वर्षो से मेरा उसके परिवार से किसी प्रकार का सरोकार नहीं है, शशांक व उसकी पत्नी किरन से परेशान होकर दोनों को अपने चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। **सर्वेश्वर मिश्र पुत्र भानु उदय मिश्र, निवासी– बभनान जमुनहा, शुगर मिल गोंडा।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **राम उमेश दास सुत्त स्व0 भगवानदास, निवासी– ग्राम व पो0 व थाना – बारापट्टी, जिला– गया, बिहार,** मेरे पुत्र क्षितिज तेजस्वी की जन्मतिथि विद्यालय में त्रुटिवश 10–02–2012 दर्ज हो गयी है जो गलत है जबकि सही जन्मतिथि– 10–02–2014 ई. है। अतः मेरे पुत्र की गलत जन्मतिथि को सही कर 10.02.2014 अंकित किया जाय है।

SMS LUCKNOW
www.smslucknow.ac.in
School of Management Sciences, Lucknow
600+ MULTIPLE JOB OFFERS | 150+ COMPANIES VISITED | ₹12 LPA HIGHEST PACKAGE
Courses Offered
B.Tech CSE, CSE(IoT), CSE-AI(DS), CSE-AI(ML), ME, CE, EE
DIPLOMA ME, CE, EE, CSE
MBA BBA
BCA B.Com
B.Com(H) B.Sc.(Maths) B.Voc(SD)
City Office : 2nd Floor, Sky-Hi-Chambers, 5-Park Road, Hazratganj, Lucknow
Ph : 9506633331, 0522-4341777
Campus : Sultanpur Road, Lucknow-226501
Ph : 9792633331, 09506033170
www.facebook.com/smstc https://www.youtube.com/user/smsgilko https://twitter.com/smstc https://in.linkedin.com/in/smslucknow
SMS LUCKNOW
Admission Helpline 9208000092

एक नजर

आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. पीआर मिश्र का निधन

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल के सीनियर आर्थोपेडिक

सर्जन के पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर स्वतंत्र रूप से मरीजों की सेवा करने वाले डॉ. पीआर मिश्र का निधन हो गया। शुक्रवार शाम उन्हें हृदय में बेचैनी महसूस होने पर मेदांता अस्पताल के हृदय रोग विभाग में भर्ती कराया गया। रात करीब 8.25 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। डॉ. पीआर लगभग 35-40 वर्षों तक राजधानी के श्रेष्ठतम आर्थोपेडिक सर्जंस में से एक रहे। उनके पिता स्व. रामनगीना मिश्र छह बार सांसद चुने गए थे। डॉ. पीआर की पत्नी अंजना मिश्रा पूर्व मुख्यमंत्री पंडित कमला पति त्रिपाठी की नातिन हैं। उनकी दो संतानें पुत्र सौमित्र और पुत्री अमृता है।

केजीएमयू के वार्डों में गंदगी पर एजेंसी को नोटिस जारी

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू के वार्डों में सफाई व्यवस्था चौपट है। खून

से सनी रुई-पट्टी इधर उधर बिखरी रहती है। इससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। इस संबंध में संस्थान की ओर से निजी एजेंसी को नोटिस दिया गया है। वहीं, संस्थान के उप कुलसचिव ने इस संबंध में सभी विभागों को पत्र भेज कर सफाई व्यवस्था सही कराने के निर्देश दिये हैं।

मस्जिद-ए-कूफा से निकला गिलीम के ताबूत का जुलूस

सुबह की नमाज के बाद निकाले गए जुलूस में अलम के साथ शामिल हुए हजारों अजादार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मौला-ए-कायनात हजरत अली को नमाज के वक्त सिर पर तलवार से किये गए हमले की याद में शनिवार को रौजा-ए-काजमैन स्थित मस्जिद-ए-कूफा से सुबह की नमाज के बाद गिलीम के ताबूत का जुलूस निकाला गया। जुलूस में हजारों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

मस्जिद-ए-कूफा से निकला गिलीम का ताबूत विक्टोरिया स्ट्रीट होता हुआ पाटानाला स्थित इमामबाड़ा हकीम सैयद मोहम्मद तकी पहुंचा। जुलूस से पहले सुबह 4.28 बजे कारी ताहिर जाफरी ने अजान दी। मौलाना जहीर अहमद ने नमाज अदा करायी। नमाज के बाद मौलाना अली मुत्तकी जैदी ने मजलिस को खिताब किया। इस मजलिस में उन्होंने 19वीं रमजान को हजरत अली पर सुबह की नमाज के दौरान अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम द्वारा जहर बुझी तलवार से वार करने का मंजर बयान किया तो लोग रो पड़े।

मजलिस के बाद कंबल में लिपटा ताबूत मस्जिद-ए-कूफा बाहर लाया गया। हजारों लोगों की मौजूदगी में जुलूसे शबीह ताबूत मर्सियाख्वानी के साथ मंसूर नगर, अशर्फाबाद, बिल्लौचपुरा व नक्खास होते हुए पाटानाला पहुंचा। जहां पुरुषों ने ताबूत महिलाओं को सौंप दिया, जिसे वह इमामबाड़ा हकीम सैयद मोहम्मद तकी ले गईं। इमामबाड़े में दिन भर लोगों ने जुलूस की जियारत की। इस जुलूस के साथ हजरत अब्बास के अलम भी शामिल किये गए थे। अलविदायी मजलिस को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। गिलीम के ताबूत के जुलूस के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। जुलूस के रास्ते पर बैरीकेडिंग की गई थी। जुलूस की सुरक्षा के मद्देनजर शुक्रवार को देर रात तक पाटानाला चौकी में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बैठक की और जुलूस के रास्तों का निरीक्षण किया।

गिलीम का ताबूत 20 रमजान को भी इमामबाड़ा हकीम सैय्यद मोहम्मद तकी में रखा रहेगा। 21 रमजान की सुबह शबीह-ए-नजफ़ से हजरत अली के ताबूत का जुलूस कर्बला तालकटोरा ले जाया जायेगा।

रौजा-ए-काजमैन स्थित मस्जिद-ए-कूफा से निकलते गिलीम के ताबूत के जुलूस में हजारों की संख्या में शामिल लोग। अमृत विचार

केजीएमयू की ओपीडी में सीमित नहीं होगी मरीजों की संख्या

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू की ओपीडी में मरीजों को देखने की संख्या सीमित नहीं की जाएगी। इस संबंध में संस्थान प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट कर दी है।

हॉस्पिटल एडवाइजरी कमेटी की बैठक में कुछ डॉक्टरों ने ओपीडी मरीजों की संख्या तय करने का सुझाव दिया था। साथ ही ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था लागू करने को कहा था। शनिवार को अखबारों में यह खबर प्रकाशित होने के बाद केजीएमयू में खलबली मच गई। हरकत में आए केजीएमयू प्रशासन ने सफाई दी।

प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह का कहना है कि हॉस्पिटल एडवाइजरी कमेटी की बैठक में ओपीडी मरीजों की संख्या सीमित करने पर एक-दो डॉक्टरों ने सुझाव दिया था। लेकिन उस पर अमल करने का केजीएमयू प्रशासन का कोई इरादा नहीं है। कमेटी सिर्फ राय देती है। उचित मसलों को कार्यपरिषद में रखा जाता है। इस मुद्दे पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है। दरअसल, बीते माह न्यूरोलॉजी विभाग की ओपीडी में भीड़ की वजह से अव्यवस्था फैल गई थी। नाराज तीमारदारों ने डॉक्टरों से अभद्रता की थी। हाथापाई तक की नौबत आ गई थी। इसके बाद डॉक्टरों ने ओपीडी में मरीजों की संख्या सीमित करने का सुझाव दिया था।

लखनऊ व्यापार मंडल का लोगो लांच

होली मिलन समारोह में 18 वरिष्ठ व्यापारी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ व्यापार मंडल का होली मिलन समारोह ऐशबाग रामलीला ग्राउंड पर शनिवार को मनाया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल का लोगो लांच किया गया। साथ ही 18 वरिष्ठ व्यापारियों को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर भामाशाह सम्मान से नवाजा गया। चेयरमैन एवं संरक्षक राजेंद्र कुमार अग्रवाल, राजकुमार बत्रा, विजय कुमार छाबड़ा, गनेश अग्रवाल, अनिल विरमानी, सुशील गुरुनानी, सतीश शर्मा, अनिल बजाज, अशोक मोतियानी, रामकुमार वर्मा, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, श्याममूर्ति गुप्ता, इन्द्रजीत सिंह, राकेश छाबड़ा, रवीश अग्रवाल, आरिफ खां का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में सचेतक अनिल विरमानी, हरिश्चंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ व्यापारी नेता एवं कॉस्मेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, पार्षद अनुराग मिश्रा, अभिषेक खरे, स्टेशनरी विक्रेता समिति के प्रांतीय अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान, वरिष्ठ व्यापारी नेता सतीश अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, रमेश मिश्रा, उत्तम कपूर, मोबाइल एसोसिएशन एमरा के अध्यक्ष नीरज जौहर का सम्मान किया गया। सुशील तिवारी, शशि शुक्ला, सौरभ तिवारी, मनीष वर्मा, युवा अध्यक्ष मनीष गुप्ता, कुश मिश्र, वरिष्ठ महामंत्री अरविंद पाठक, सुमित गुप्ता, प्रियंक गुप्ता, राजू अग्रवाल, सतपाल सिंह, रविंद्र गुप्ता, शाहिद सिद्दीकी, नजमी, आरिफ खान, रविंद्र यादव संदीप कांत, राजन, विशाल अग्रवाल, मनीष अरोड़ा समेत बड़ी संख्या में व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

लखनऊ व्यापार मंडल का लोगो लांच करने के बाद सम्मानित किए गए वरिष्ठ व्यापारियों के साथ मौजूद अध्यक्ष व पदाधिकारी। अमृत विचार

पुनीत कार्य में जुटें व्यापारी: कंछल

प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने कहा कि मतदान के पुनीत कार्य में व्यापारी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराएं। प्रांतीय अध्यक्ष कंछल का व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया। व्यापारियों ने पूर्व अध्यक्ष एवं लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल को आजीवन अध्यक्ष के रूप में मानने पर मुहर लगाई। मौजूदा अध्यक्ष द्वारा उठाए गए इस बिंदु पर सभी ने सहमति जताई। चेयरमैन ने कहा कि व्यापारी हमेशा समाज को देता है। रोजगार सृजन करने वाला होता है। ऐसे में उसकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है।

बाजारों में चलाएं जागरूकता कार्यक्रम : अमरनाथ

अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने शहर के अलग-अलग व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। कहा, न केवल वह खुद वोट करें बल्कि दूसरों को भी वोट कराने में अपना योगदान करें। बाजारों के अध्यक्ष, महामंत्रियों से आह्वान किया कि अपनी-अपनी बाजार में जागरूकता कार्यक्रम चलायें। इसके लिए वरिष्ठ नेताओं के साथ वह स्वयं आगे आएंगे। वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने आए हुए सभी व्यापारी बंधुओं को अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

सर्जरी से पहले तनाव हो सकता है घातक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सर्जरी से पहले कई मरीज तनावग्रस्त हो जाते हैं। यह तनाव मरीज के जीवन के लिए घातक हो सकता है। तनाव की वजह से मरीज की डायबिटीज और ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है जो सर्जरी के लिए उचित नहीं है। हालांकि, तनाव दूर करने के लिए डॉक्टर मरीज को दवा देते हैं, लेकिन फिर भी मरीज को खुद से अपने ऊपर तनाव को हावी नहीं होने देना चाहिए। यह जानकारी डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार ने शनिवार को दी। वह लोहिया संस्थान में

लोहिया संस्थान में आयोजित एनेस्थीसिया रिफ्रेशर कोर्स में दी गई जानकारी

आयोजित एनेस्थीसिया रिफ्रेशर कोर्स के दौरान संबोधित कर रहे थे।

प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि डायबिटीज और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखना बहुत जरूरी होता है। सर्जरी के दौरान विशेष तौर पर मॉनिटरिंग करनी होती है। डायबिटीज के मरीज की सर्जरी के दौरान शुगर कई बार ऊपर नीचे हो जाता है। जिससे दिक्कत हो सकती है। ऐसे में मरीज के ऊपर नजर बनाए रखना बहुत जरूरी होता है। इस दौरान उन्होंने मेडिकल गाइडलाइन का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले सर्जरी के दौरान मरीज को ग्लूकोज युक्त पानी नहीं चढ़ाया जाता था, ऐसा माना जाता था कि इससे शुगर बढ़ सकती है, लेकिन फिर इसमें संशोधन हुआ। अब मॉनिटरिंग के दौरान जरूरत पड़ने पर शुगर युक्त पानी चढ़ाया जाता है। इस दौरान विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर पीके दास ने भी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में 120 एमडी एनेस्थीसिया के छात्र पहुंचे हैं और करीब 34 विशेषज्ञ इलाज की नवीन तकनीक बताने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से आए हैं।

केजीएमयू में बनेगा 12 मंजिल का रैन बसेरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केजीएमयू में इलाज के लिए दूर-दराज से आने वाले मरीजों और तीमारदारों को रहने के लिए जद्दोजहद नहीं करनी पड़ेगी। शतब्दी फेज-एक में बने रैन बसेरे का विस्तार किया जायेगा। यहां 12 मंजिल की इमारत बनेगी। जिससे एक हजार लोग आसानी से ठहर सकेंगे। इसके लिए ओएनजीसी ने आर्थिक सहायता दी है।

जानकारी के मुताबिक, शताब्दी फेज-एक के पास चार मंजिला रैन बसेरा बना है। इसमें कुल 43

एक हजार लोग आसानी से ठहर सकेंगे

प्राइवेट कमरे और 142 बेड हैं। इसी महीने से 50 नए बेड और शुरू होने जा रहे हैं। अब बेड की संख्या कुल 192 हो जाएगी। तीमारदारों को रोजाना 50 रुपये शुल्क चुकाना पड़ रहा है। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि ओएनजीसी ने आर्थिक मदद दी है। इससे रैन बसेरे का विस्तार किया जाएगा। 12 मंजिला भवन बनेगा। यहां कमरों की संख्या 100 से अधिक हो जाएगी। जबकि बेड लगभग 500 हो जाएंगे।

हेल्थ एटीएम में ऑफलाइन भुगतान न होने से दिक्कत

अमृत विचार, लखनऊ : हेल्थ एटीएम में ऑफलाइन भुगतान की व्यवस्था न होने के कारण मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ा है। मरीज अस्पतालों की लैब में कतार लगाने को मजबूर हैं। स्मार्ट सिटी के तहत जिले में 108 हेल्थ एटीएम का संचालन हो रहा है। इन हेल्थ एटीएम पर खून से जुड़ी जांच की सुविधा शुरू हो गई है। लेकिन इन एटीएम का लाभ सभी मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। इसकी वजह यह है कि यहां जांच के एवज में ली जाने वाली फीस का भुगतान ऑनलाइन करना होता है। ऐसे में जिन मरीजों के पास डिजिटल पेमेंट की सुविधा नहीं होती है। उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। सीएचसी अलीगंज परिसर में लगे एटीएम पर जांच के लिए आईं गर्भवती नजमा और नेहा की जांच ऑनलाइन भुगतान न करने की वजह से नहीं हो सकी।

नो पार्किंग जोन पर व्यापार मंडल ने जताई आपत्ति

कहा, नो पार्किंग जोन हल नहीं, निजी पार्किंग मित्र लगा जाम खत्म कराएंगे व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यातायात पुलिस द्वारा सदर बाजार को नो पार्किंग जोन घोषित किए जाने से उत्पन्न होने वाली समस्या के निराकरण के लिए आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल से मिला।

प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने समस्या के मूल कारण की ओर उनका ध्यान आकृष्ट किया। सदर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अखिल ग्रोवर ने डीसीपी यातायात से बाजार में पार्किंग न होने की बात कही। वाहनों की पार्किंग के लिए सार्वजनिक पार्किंग स्थल की समुचित व्यवस्था नहीं है। ऐसे में नो पार्किंग जोन बनाए जाने से व्यापारियों और ग्राहकों के समक्ष समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इसके लिए व्यापारी यातायात सुचारु रखने के लिए निजी पार्किंग मित्र लगाकर जाम की समस्या का समाधान कराएंगे। नो पार्किंग जोन इसका हल नहीं है। डीसीपी ने व्यापारियों को आश्वासन दिया और कहा कि उच्चाधिकारियों से वार्ता कर समस्या से अवगत कराया जाएगा। जाम हटाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक आशीष अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, सचिन अग्रवाल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

सदर बाजार में नो पार्किंग जोन बनाये जाने के विरोध में डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल से मिलकर आपत्ति दर्ज कराते व्यापारी नेता संजय गुप्ता। अमृत विचार

देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी

लखनऊ और गोरखपुर में स्टेट ट्रेनिंग एंड डिमॉस्ट्रेशन सेंटर की जल्द होगी शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : टीबी मुक्त देश के लिए प्रधानमंत्री से लेकर गांव के प्रधान तक सभी को मिलकर सहयोग करना होगा। इसके लिए प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री लगातार काम कर रहे हैं। यही वजह है कि जल्द ही गोरखपुर और लखनऊ में स्टेट ट्रेनिंग एंड डिमॉस्ट्रेशन सेंटर की शुरुआत की जायेगी। जहां पर टीबी रोग के खात्मे को लेकर शिक्षण-प्रशिक्षण देने का काम होगा। यह जानकारी किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के एचओडी और राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के नार्थ जोन टॉस्क फोर्स के चेयरमैन प्रो.सूर्यकांत ने शनिवार को दी। वह एसजीपीजीआई में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि अभी तक चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ को टीबी के बारे में प्रशिक्षण देने के लिए केवल आगरा में स्टेट ट्रेनिंग एंड डिमॉस्ट्रेशन सेंटर हुआ करता था। सेंटर की संख्या बढ़ने पर अधिक से अधिक लोगों को प्रशिक्षित करने के साथ ही इलाज की कारगर रणनीति बनाने में भी आसानी होगी।

प्रो.सूर्यकांत ने बताया कि इलाज, शिक्षण-प्रशिक्षण, जागरूकता, एडवोकेसी और शोध पर काम की जिम्मेदारी मेडिकल कॉलेजों की है। तभी टीबी मुक्त भारत बनेगा। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि टीबी की कल्चर जांच के लिए एसजीपीजीआई स्थित माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग में लैब निर्माणाधीन है। जल्द ही उसका कार्य पूरा हो जायेगा। चुनाव के बाद यह लैब कार्य करने लगेगी। अभी तक राजधानी में टीबी की कल्चर जांच के लिए लैब केजीएमयू में ही संचालित है। कार्यक्रम में निदेशक, एसजीपीजीआई, प्रोफेसर आरके धीमन, जिला टीबी अधिकारी डॉ. अतुल कुमार सिंघल, उप राज्य टीबी अधिकारी डॉ. ऋषि सक्सेना, विभागाध्यक्ष पल्मोनरी मेडिसिन पीजीआई प्रोफेसर आलोकनाथ और जनरल हॉस्पिटल की वरिष्ठ मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. प्रेरणा कपूर मौजूद रहीं।

एसजीपीजीआई में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल विशेषज्ञ। अमृत विचार

टीबी की कल्चर जांच के लिए एसजीपीजीआई में लैब निर्माणाधीन

कैंसर पीड़ित बच्चों के माता-पिता की काउंसलिंग जरूरी

कैंसर संस्थान में आयोजित नर्सिंग कार्यशाला में दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में शनिवार को कैनकिड्स नेशनल सोसाइटी फॉर चेंज फॉर चाइल्डहुड कैंसर की ओर से नर्सिंग कार्यशाला आयोजित हुई। इस मौके पर कैंसर संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ल ने कहा कि कैंसर पीड़ित बच्चों की देखभाल में खास सावधानी बरतने की जरूरत होती है। लिहाजा इसके लिए समय-समय पर बच्चों और उनके माता-पिता की काउंसलिंग करना जरूरी है। उन्हें इलाज के लिए प्रेरित करें। बेहतर खान-पान की जानकारी दें।

डॉ. देवाशीष ने बताया कि कैंसर पीड़ित बच्चों की समय-समय पर कई तरह की जांचें कराई जाती हैं। इलाज के दौरान दवाएं और इंजेक्शन देने की जरूरत पड़ती है। ऑपरेशन के बाद बच्चों को नर्सिंग केयर दी जाती है। उन्होंने कहा कि बेहतर इलाज व देखभाल से सभी कैंसर पीड़ित बच्चों की पीड़ा जरूर कम की जा सकती है।

कैंसर के इलाज में नर्सिंग की भूमिका अहम

कार्यक्रम में मौजूद डॉ. गीतिका पंत ने कहा कि कैंसर पीड़ित बच्चों के इलाज में नर्सिंग की भूमिका अहम है। क्योंकि डॉक्टर तो कुछ समय के लिए वार्ड में आते हैं। लेकिन नर्स तो मरीज के पास लगातार रहती हैं। परिवारीजन भी नर्स के संपर्क में रहते हैं। इसलिए वे ज्यादा बेहतर तरीके से मरीज व परिवारीजनों को एहतियात बता सकते हैं। लोहिया संस्थान में मेडिकल आंकोलॉजिस्ट डॉ. सक्षम ने कीमोथेरेपी देते वक्त बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। पैलिएटिव केयर की बारीकियां बताईं। केजीएमयू बाल रोग विभाग के डॉ. निशांत वर्मा ने कहा कि कैंसर पीड़ित बच्चों को प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन और खनिज और वसायुक्त भोजन अधिक खिलाना चाहिए। डॉ. एस प्रिया ने कहा कि बेहतर पोषण से बच्चों की सेहत में सुधार की उम्मीद बढ़ जाती है। डॉ. इंदुबाला मौर्या ने कहा कि दुर्भाग्य से इलाज के दौरान दुखद घटना हो जाती है तो उसे परिवारीजनों को कैसे बतानी है। इस पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है। कार्यक्रम में डॉ. अंजू दुबे, डॉ. राजपूत अभिषेक कुमार, डॉ. नीलिमा, डॉ. योगिता भाटिया व प्रीती रस्तोगी समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कैंसर संस्थान, पीजीआई, केजीएमयू व लोहिया संस्थान की नर्सों ने हिस्सा लिया।

एक नजर

विवाद में पिता-पुत्र का सिर फोड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : मदेयगंज थाना अंतर्गत रुपपुर खदरा मोहल्ले में पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने पिता-पुत्र पर पथराव कर उनका सिर फोड़ दिया। हालांकि, तहरीर के आधार पर पुलिस ने हमलावरों पर प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह के मुताबिक, रुपपुर खदरा निवासी मो. सुहैल खान ने शेट्टी, मेहताब व अन्य लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार शाम वह बेटे लारैब खान के साथ सड़क किनारे खड़ा था। तभी पुराने विवाद को लेकर आरोपी उसके पास पहुंचकर झगड़ा करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों पर पथराव कर दिया। इस पत्थरबाजी में पीड़ित व उसके बेटे का सिर फट गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

नशे में छोटे भाई की पत्नी से दुष्कर्म की कोशिश

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई थाने में एक महिला ने पति और जेठ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि शराब के नशे में जेठ उससे दुष्कर्म की कोशिश की। शोर मचाने पर आरोपी उसकी पिटाई कर वहां से भाग निकला। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र मिश्र के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला (35) ने पति अविनाश सिंह चौहान और जेठ अभिनव सिंह चौहान पर एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि गुरुवार रात पति और जेठ ने साथ बैठकर शराब पी। आरोप है कि इस बीच जेठ ने घर में उसे अकेला पाकर दुष्कर्म की कोशिश भी की। पीड़िता के शोर मचाने पर जेठ ने मुंह बंद रखने की धमकी देकर उसकी पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेवानिवृत्त जल निगम कर्मी की हत्या, बेड पर मिला शव

गाजीपुर थाना क्षेत्र के शालीमार ए ब्लॉक, सर्वोदय नगर का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पत्नी की कुछ वर्ष पहले हो गई थी मौत, बच्चे भी नहीं हैं
- मकान में अकेले रहते थे, परिचित पहुंची तब पता चली घटना

अमृत विचार : गाजीपुर इलाके में रहने वाले जल निगम विभाग से रिटायर्ड कर्मी की हत्या कर दी गई। उनका शव बरामदे में बेड पर निर्वस्त्र मिला, अलमारी खुली व फर्श पर सामान बिखरा मिला। उनका परिचित मिलने पहुंचा तब घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने घटना स्थल की जांच की फारेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किये हैं। प्रथम दृष्टया लूट के बीच कर्मी के पहुंचने से आरोपियों द्वारा पहचाने जाने के डर से हत्या किये जाने की आशंका जताई जा रही है।

एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया जल निगम विभाग से रिटायर्ड कर्मी पीएन अग्रवाल (92) का शालीमार ए ब्लॉक सर्वोदय नगर में दो मंजिला मकान बना है। उनके बच्चे नहीं हैं, पत्नी की कुछ वर्ष पहले मौत हो गई थी। वह मकान के ऊपरी भाग रहते थे। जबकि नीचे के हिस्से में किरायेदार रहते थे। किरायेदार ही उनको खाना खिलाते थे। कुछ माह पहले किरायेदार दूसरे मकान में शिफ्ट हो गये थे, लेकिन अभी भी खाना देने आते थे। एसीपी ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5 बजे पुरानी किरायेदार हर्षिता उनको खाना देने पहुंची तो मेन गेट खुला मिला और बरामदे में बेड पर पीएन अग्रवाल का शव पड़ा मिला। हर्षिता की सूचना पर पुलिस पहुंची तो कमरे में रखी अलमारी खुली व फर्श पर सामान बिखरा मिला। शव निर्वस्त्र हालत में था, जबकि सैंडो बनियान उनके गले में फंसी थी। एसीपी ने प्रथम दृष्टया बनियान से गला दबा कर हत्या की आशंका जताई है। फारेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किये हैं।

पहचानने पर हत्या की आशंका

पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है कि पीएन अग्रवाल की हत्या किसी पहचान के व्यक्ति ने ही की होगी। चोरी या लूट के इरादे से उनके घर पहुंचा होगा और रंगेहाथों पकड़े जाने व पहचान होने के डर से हत्या कर दी। चर्चा है कि मामले में पुलिस एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

आर्थिक रूप से मजबूत थे

पीएन अग्रवाल के जल निगम से रिटायर्ड कर्मी थे। उनके परिवार में बच्चे भी नहीं थे। परिवार के नाम पर पत्नी ही थी। ऐसे में अधिक खर्च नहीं होने से वह आर्थिक रूप से काफी मजबूत थे। पुलिस सूत्रों की मानें तो प्रथम दृष्टया उनसे मिलने-जुलने वालों द्वारा ही वारदात को अंजाम दिये जाने की आशंका है।

मृतक के साले ने दर्ज कराई रिपोर्ट

डीसीपी उत्तरी अभिजित आर शंकर ने बताया हत्या के खुलासे के लिये तीन टीमें गठित की गई हैं। एक सीसीटीवी कैमरे में फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतक प्रेम नारायण अग्रवाल के नाका थाना क्षेत्र निवासी साले राजेंद्र अग्रवाल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार कैमरे की फुटेज के आधार पर हिरासत में लिया गया संदिग्ध नाबालिग व स्मैक का लती है। आशंका जताई जा रही है कि नशे की लत के चलते ही आरोपी ने लूट व हत्या की है।

किसान पथ पर मिला निजी स्कूल के चपरासी का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन ने हत्या कर शव को फेंके जाने की जताई आशंका

अमृत विचार : चिनहट थाना अंतर्गत किसान पथ पर शुक्रवार देर रात निजी स्कूल में चपरासी सुनील रावत (40) का शव पड़ा मिला। पुलिस अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत होने की बात कह रही है।

मूलरूप से बहराइच के पयागपुर निवासी सुनील रावत एक निजी स्कूल में चपरासी थे। साले कुलदीप ने बताया कि सुनील शुक्रवार सुबह भांजी से मिलने हजरतगंज बालू अड्डा आए थे। रात 10:30 बजे बहराइच जाने के लिए निकले थे। देर रात चिनहट के लौलाई गांव स्थित किसान पथ पर राहगीरों ने सुनील मरणासन्न हालत में पड़ा पाया। इसके बाद राहगीरों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। कुलदीप का कहना है कि पॉलिटेक्निक चौराहे से बहराइच के लिए बस मिलती है। वह किसान पथ पर कैसे पहुंच गए। वहीं पत्नी कविता ने हत्या के बाद शव को किसान पथ पर फेंके जाने की आशंका जाती है। परिजनों ने मामले की जांच करने के लिए चिनहट थाने में लिखित शिकायत भी की है। प्रभारी निरीक्षक अवनीश चतुर्वेदी ने बताया कि प्रथम दृष्टया अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूल के चपरासी की मौत होने की बात सामने आ रही है। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

मंगेतर ने शारीरिक शोषण कर तोड़ा रिश्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभूतिखंड पुलिस ने आरोपी पर दर्ज की दुष्कर्म की रिपोर्ट

अमृत विचार : विभूतिखंड थाना अंतर्गत युवती से मंगनी करने के बाद मंगेतर ने उससे शारीरिक सम्बन्ध बनाए। फिर कुछ दिनों बाद आरोपी ने बहानेबाजी कर रिश्ता तोड़ दिया। मंगेतर की हरकत से आहत होकर युवती ने विभूतिखंड थाने में दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए उस पर एफआईआर दर्ज कराई है।

विभूतिखंड प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती (24) ने गोसाईंगंज के बलिया सदरपुर निवासी आदित्य यादव पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में युवती ने बताया कि आदित्य उसका दूर का रिश्तेदार है।

वर्ष 2019 में पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान आदित्य से उसकी दोस्ती हुई थी। जिसके बाद से दोनों अक्सर बातचीत करने लगे। दोनों ने एक दूसरे से शादी करने का इरादा किया। इस पर उनके परिजन राजी हो गए और उनकी मंगनी करा दी गई। युवती का आरोप है कि एक दिन वह घर पर अकेली थी। तभी मंगेतर उसके घर पर पहुंचा और मौके का फायदा उठाकर शारीरिक सम्बन्ध बनाए। इस घटना के बाद से मंगेतर अक्सर उसका शारीरिक शोषण करने लगा।

युवती का कहना है कि कुछ माह से मंगेतर ने उससे दूरी बना लिया। पूछने पर मंगेतर ने उससे शादी करने से इंकार कर दिया। सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद युवती ने डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह से शिकायत की, जिनके निर्देश के बाद विभूतिखंड पुलिस ने मंगेतर पर दुष्कर्म की धारा में एफआईआर दर्ज की है।

स्पा सेंटर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, भगदड़

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना थाना अंतर्गत खजाना मार्केट के पास शनिवार सुबह एक स्पा सेंटर में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से भगदड़ मच गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और राहत कार्य में जुट गई। हालांकि, समय रहते दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। एफएसओ आलमबाग धर्मपाल सिंह के मुताबिक, खजाना मार्केट के पास सेक्टर के निवासी जयपाल बोरा के मकान की दूसरी मंज़िल पर कौशल्या देवी द्वारा संचालित किए जा रहे नेचुरल इंडियास वन एवं हेयर ब्यूटी शैलून में भीषण आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में जुट गई। एफएसओ ने बताया कि मौके पर कोई भी फायर उपकरण भी मिला और एनओसी की भी जांच की जा रही है। उस वक्त स्पा बंद था इसलिए कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

पांच लोगों से धोखाधड़ी कर ऐंठे 1.21 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साइबर क्राइम सेल की मदद से जालसाजों की तलाश में जुटी पुलिस

अमृत विचार : साइबर अपराधियों ने पांच लोगों से धोखाधड़ी कर उनसे 1.21 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। पीड़ितों ने लिखित शिकायत देते हुए सम्बन्धित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। फिलहाल, साइबर क्राइम सेल यूनिट की मदद से पुलिस जालसाजों की तलाश में जुटी है।

गुडम्बा के अयोध्या रोड स्थित पार्शवनाथ सिटी निवासी विशाल जौहरी निजी कंपनी में काम करते हैं। कुछ दिन पूर्व जालसाजों ने उनके मोबाइल नंबर को एक वाट्सएप ग्रुप पर जोड़ दिया। फिर ग्रुप एडमिन ने उन्हें एंजेल वन एप डॉउनलोड कराकर उनसे जीपीटी कंपनी का आईपीओ व शेयर में निवेश करने का झांसा दिया। इस पर उन्होंने 41 लाख निवेश कर दिए, जिसका उन्हें मुनाफा सहित 52 लाख रुपये मिलने थे। मगर न तो उन्हें मुनाफा मिला और न ही रुपये मिले। वहीं, इंदिरानगर थाने में सेक्टर-9 निवासी धीरेंद्र सिंह ने साइबर अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि जालसाजों ने घर बैठे कमाई करने का झांसा देकर 35 लाख रुपये ऐंठ लिए है। उधर, अलीगंज थाना अंतर्गत कपूरथला निवासी वीनू अग्रवाल ने बताया कि जालसाजों ने ऑनलाइन निवेश के नाम पर कई मदों में उनसे 23 लाख रुपये हड़प लिए है। वहीं, ठगों ने गोमतीनगर विस्तार निवासी अश्वनी मल्ल के पार्ट टाइम जॉब के नाम पर 14 लाख ऐंठ लिए। इसके अलावा कृष्णानगर के अमित श्रीवास्तव के मुताबिक उनकी पत्नी सारिका का बीते 13 मार्च को रात 11 बजे मोबाइल कहीं गिर गया था। 17 मार्च को सारिका ने जब नया सिम जारी कर नेट बैंकिग खोला तो पता चला कि उनके खाते से 8.30 लाख रुपये निकल गए।

19वीं रमजान पर निकले जुलूस की ड्रोन से निगरानी करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

जाली दस्तावेज तैयार कर महिला को बेची जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सैरपुर पुलिस ने जालसाज पिता-पुत्र पर दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार : सैरपुर थाना अंतर्गत जालसाज पिता-पुत्र ने दूसरे की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक महिला को 21 लाख रुपये में जमीन बेच दी। हालांकि, महिला की तहरीर पर पुलिस ने जालसाजों पर एफआईआर दर्ज की है। जबकि, धोखाधड़ी के मामले में आरोपी पहले से जेल में बंद हैं।

मौरा गांव निवासी सरोज यादव ने बताया कि एक वर्ष पूर्व अलीगंज के त्रिवेणीनगर फेज टू निवासी श्रीकांत गुप्ता व उसके बेटे आनंद से उनकी मुलाकात हुई थी। जालसाजों ने उन्हें सैरपुर में एक जमीन दिखाते हुए 21 लाख रुपये में सौदा तय किया था। भुगतान करने के बाद जालसाजों ने महिला के नाम पर रजिस्ट्री भी कर दी, लेकिन कुछ माह पूर्व महिला को जानकारी हुई कि जालसाजों ने जमीन के फर्जी अभिलेख तैयार उनके नाम पर रजिस्ट्री की है। विरोध करने पर जालसाज धमकाने लगे। महिला का आरोप है कि श्रीकांत पर कई थाने में धोखाधड़ी के अपराधिक मामले दर्ज है। वह एक अपराधिक मामले में जेल में बंद है। सैरपुर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर जालसाज पिता-पुत्र पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

हेड कांस्टेबल से ऐंठे ढाई लाख रुपये

सैरपुर थाने में हेड कांस्टेबल ने एक जालसाज पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, वीवीआईपी ड्यूटी में तैनात हेड कांस्टेबल बालचंद्र पटेल से सैरपुर निवासी रामपाल यादव ने जमीन के नाम पर ढाई लाख हड़प लिए। रुपये मांगने पर जालसाज आनाकानी करने लगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

बिजली कनेक्शन काटने पर भिड़े दो पक्ष, जमकर मारपीट

अमृत विचार, लखनऊ : हुसैनगंज इलाके में बिजली चोरी मिलने पर कर्मियों ने कनेक्शन काट दिया। पड़ोसी पर शिकायत का आरोप लगा दिया। इससे दोनों पक्ष में हुई मारपीट में कई लोग घायल हो गये। पुलिस ने दोनों पक्ष के 10 लोगों पर मामला दर्ज किया है। थाना अंतर्गत खटिकाना निवासी टोनी सोनकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया पड़ोसी रानी सोनकर कटिया डाल कर चोरी से बिजली का उपयोग कर रहे थे। जानकारी पर कर्मियों ने उनका कनेक्शन काट दिया। इस पर रानी और उनके परिजन उसके घर में घुस शिकायत का आरोप लगा मारपीट करने लगे। दूसरे पक्ष से रानी सोनकर ने दी तहरीर में बताया अरुण सोनकर, छोटू समेत सात लोग पुरानी रंजिश में उसके घर में घुस गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने लात घूसों से पीट दिया। इससे उसे व उसके परिजन को काफी चोटें आईं। इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता ने बताया एक पक्ष से अमन, बृज किशोर व रानी और दूसरे पक्ष के अरुण, टोनी, निशी, काके, सोमनाथ व विनय को नामजद किया है।

मामूली विवाद में महिला के पेट पर मारी लात

अमृत विचार, लखनऊ : कैसरबाग कोतवाली सब्जीमंडी निवासी पम्मी सोनकर होली में घर आई थी। आरोप है कि मामूली विवाद में तुषार सोनकर उर्फ मुन्नू ने रंगोत्सव की शाम उसके पेट पर लात मार दी। बीच-बचाव के दौरान आरोपी ने उसकी बेटी राशि की भी पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

महिला को पर्स लौटाते समाजसेवी संतोष तिवारी।

समाजसेवी ने बहराइच की महिला को लौटाया पर्स

अमृत विचार, निगोहां : निगोहां के एक समाजसेवी ने ईमानदारी की मिशाल पेश करते हुए महिला को उसका खोया हुआ पर्स लौटाया जिसमे रूपये,पायल और जरूरी कागजात थे। वहीं खोया पर्स पाकर महिला के चहेरे पर खुशी देखी गई। निगोहां निवासी संतोष तिवारी ने बताया कि बीती 22 मार्च को उन्हें एक महिला का पर्स टैक्सी में मिला था।जिसके बाद पर्स में मिले आधार कार्ड व अन्य कागजाद के माध्यम से बहराइच निवासी पूजा पत्नी मंगल से संपर्क कर पर्स मिलने की जानकारी दी, वहीं शनिवार को महिला अपने पति के साथ निगोहां पहुंची जहां संतोष ने दोनों को जलपान कराया और फिर पर्स दिया। पर्स में अपना पूरा सामन (दो जोड़ी पायल, दो हजार रुपए, अन्य कागजात) सुरक्षित पाकर पूजा बहुत खुश हुई और संतोष को धन्यवाद दिया। वहीं संतोष के इस कार्य की ग्रामीण सराहना कर रहे है।

धर्मशाला की बुकिंग का झांसा देकर ठगी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर के ओमेक्स सिटी निवासी विनोद कुमार कश्यप गत 27 मार्च को अयोध्या दर्शन के लिए गूगल सर्च पर एक धर्मशाला में कमरा बुकिंग को लिए संपर्क किया। जालसाज ने अपना नाम राहुल कुमार बताते हुए कमरे की बुकिंग के लिए उसने 32925 व 12160 रुपये ट्रांसफर कर लिए। रुपये देने के बाद पीड़ित ने संपर्क किया तो मोबाइल बंद जाने लगा। बिजनौर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार सुसंगत धारा में प्राथमिकी दर्ज की है।

बंद मकान से सोने- चांदी के गहने चोरी

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर के एल्डिको शौर्य निवासी सुधा विमल के मुताबिक 26 मार्च को चोरों ने उनके बंद मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए है। आनन फानन मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मौके का जायजा लिया। जहां पीड़ित महिला ने लाखों रुपए के सोने चांदी के गहने चोरी होने की बात बताई। फिलहाल बिजनौर पुलिस इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे के जरिए चोरों का सुराग लगा रही है।

नहर के किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी थाना अंतर्गत दुर्गागंज में शनिवार रात बिगहूं नहर मार्ग पुलिया के पास एक अज्ञात युवक (37) का शव पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन शव की शिनाख्त नहीं पाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काकोरी इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद अग्रिम करवाई जाएगी।

हाई कोर्ट के प्रतिबंध के बावजूद परोसा जा रहा हुक्का

संवाददाता, ठाकुरगंज

- सोशल मीडिया पर हुक्का बार से जुड़ी फोटो हुई वायरल

अमृत विचार : हाईकोर्ट के प्रतिबंध के बावजूद शहर के तमाम रेस्टोरेंट में हुक्का परोसा जा रहा है। शनिवार को ठाकुरगंज थाना अंतर्गत रेस्टोरेंट में चोरी-छिपे संचालित हो रहे हुक्का बार की फोटोग्राफ सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। हालांकि, वायरल हो रहे फोटोग्राफ की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

दरअसल, शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हुक्काबार से जुड़ी एक फोटोग्राफ तेजी से वायरल हो रही है। वायरल फोटोग्राफ ठाकुरगंज थानाक्षेत्र बालागंज सफेद मस्जिद के पास एक रेस्टोरेंट की बताई जा रही है। जिसमे दो शख्स एक साथ बैठकर हुक्का पीते दिखाई पड़े रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, रेस्टोरेंट संचालक द्वारा फूड लाईसेंस की आड़ में फ्लेवर के साथ ही तंबाकूयुक्त हुक्का भी परोसा रहा है। यहां रोजाना हुक्का पीने के लिए लोगों का जमावड़ा लगता है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि वायरल हो रही फोटोग्राफ की पुष्टि की जा रही है। जिसके बाद रेस्टोरेंट की तलाशी भी ली जाएगी। रेस्टोरेंट में हुक्का मिलने पर रेस्टोरेंट संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।

इंजीनियर के प्लाट पर कब्जे की शिकायत जांच में मिली सही

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रमुख आरोपी की कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज की
- विभूतिखंड थाने में 25 लोगों पर दर्ज की गई थी रिपोर्ट

अमृत विचार : विभूतिखंड इलाके में साफ्टवेयर इंजीनियर के प्लाट पर कब्जा करने के सभी आरोप महिला अधिवक्ता शिवानी सिंह उनके साथियों पर सही मिले। कोर्ट ने शिवानी की जमानत खारिज कर दी। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील सिंह ने बताया कि आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है।

वकीलों की ड्रेस में जमीन पर कब्जा की शिकायतों पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपना रखा है। इसके बाद भी ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। हाल ही में ऐसा प्रकरण विभूतिखंड के विक्रांत खंड-3 में सामने आया था। जिसमें 17 फरवरी को अधिवक्ता शिवानी सिंह ने 25 साथियों के साथ प्लाट की बाउंड्री गिरा दी थी। मामला थाने पहुंचा तो पुलिस ने जांच की। इसमें कैमरों की फुटेज में सामने आया कि महिला अधिवक्ता ने साथियों संग मजदूरों को पीटकर भगा दिया था। प्लाट मालिक अजय सिंह नोएडा से प्लाट पर पहुंचे और बाउंड्री करा थाने में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच में पीड़ित के सभी आरोप मिले थे। मामले में कोर्ट ने पहले ही सह अभियुक्त राम किशोर दत्त की जमानत खारिज कर दी थी। वहीं प्रमुख आरोपी शिवानी सिंह की भी अब जमानत खारिज कर दी है। इसी तरह गांधी भवन के बाहर लोहे के एंगल लगाकर कुछ अधिवक्ताओं द्वारा कब्जा किये जाने की शिकायत सदस्यों ने जेसीपी उफेंद्र कुमार अग्रवाल से की थी। इसके बाद मामले की जांच करवाई गई तो आरोप सही मिले हैं। ऐसे में अज्ञात अधिवक्ता पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

राष्ट्रपति वीरता पदक के साथ गहने और नकदी की पार

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज कोतवाली अंतर्गत रिटायर्ड इंस्पेक्टर के बंद मकान से चोरों ने राष्ट्रपति वीरता पदक के साथ 20 लाख की ज्वैलरी व 25 हजार रुपये नगदी पार कर दी। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड की मदद से नमूने एकत्र कर जांच कर रही है। मोहनलालगंज निवासी रिटायर्ड इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह भदौरिया ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके भाई की मौत हो गई थी। भाई के अंतिम संस्कार में शामिल होने वह सपरिवार के साथ पैतृक घर अमेठी गए थे। शनिवार सुबह बेटा वरूण घर पहुंचा तब मेनगेट का ताला टूटा मिला। कमरे की फर्श पर सारा सामना बिखरा पड़ा था।बताया कि चोरों ने अलमारी में रखी करीब 20 लाख की ज्वैलरी समेत 25 हजार रुपये नगदी व उन्हें मिला राष्ट्रपति वीरता पदक पार कर दिया। एसीपी मोहनलालगंज राधा रमण सिंह ने बताया कि फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉड की मदद से नमूने जुटाए गए हैं।

संजीव हत्याकांड | पिता ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आधिकारियों से लगाई गुहार

कैटर्स के मोबाइल की सीडीआर खंगाल रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

अमृत विचार : ठाकुरगंज थाना अंतर्गत न्यू हैदरगंज में कैटर्स संजीव लोधी (27) के हत्यारों की तलाश में पुलिस उसके मोबाइल की सीडीआर रिपोर्ट खंगालने में जुटी है। शक के आधार पर पुलिस ने कैटर्स के दोस्तों व कुछ संदिग्धों को उठाया था। बावजूद इसके हत्यारों के बारे में पुलिस को अहम सुराग नहीं मिला। वहीं, ठेकेदार पिता ने बेटे के कातिलों की गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर आलाधिकारियों से फरियाद लगाई है।

गौरतलब है कि 25 मार्च को न्यू हैदरगंज निवासी कैटर्स संजीव लोधी सुबह कुछ दोस्तों के साथ घर से होली खेलने के लिए निकला था। शाम 4 बजे वह घर लौटा, लेकिन आधे घंटे बाद वह फिर से दोस्तों से साथ बाहर चला गया। अगले दिन सुबह 10:50 न्यू हैदरगंज में नवाब खेत के सामने मन्दिर के बराबर बेसमेन्ट की सीढ़ियों पर वह मृत अवस्था में पड़ा मिला। ठेकेदार पिता सुरेश सिंह ने बेटे के कुछ अज्ञात दोस्तों के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए ठाकुरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पिता सुरेश का कहना है कि घटना वाली शाम पुलिस ने कुछ लोगों को पकड़ लिया था, लेकिन कुछ घंटे थाने में बैठाए रखने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि पुलिस प्रेम-प्रसंग, अवैध सम्बन्ध और पुराने विवाद के पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के अलावा मृतक के मोबाइल की सीडीआर रिपोर्ट खंगालने में जुटी है। वहीं पिता सुरेश लोधी ने बेटे के कातिलों को पकड़ने के लिए आलाधिकारियों से भी फरियाद की है।

बेसमेन्ट की सीढ़ियों पर मिला था खून से लथपथ शव

पिता सुरेश लोधी ने बताया कि बेटे मुंह और नाक से खून बह रहा था और गले पर भी कसाव के निशान थे। पुलिस कहना था कि संजीव नशे की हालत में गिर पड़ा। जिस वजह से उसके शरीर पर जख्म के निशान थे। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कैटर्स की मौत की पुष्टि स्पष्ट नहीं हो सकी। उसका बिसरा प्रिर्जव किया गया है। फिलहाल, पुलिस कैटर्स के हत्यारों की तलाश में अंधेरे में तीर चला रही है।

दुकान पर कब्जा कर 3.50 लाख के गहने पार किए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कोर्ट के आदेश पर अमीनाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: पगड़ी जमा होने के बाद भी मालिक ने दुकान का शटर तोड़ 3.50 लाख के गहने चुरा लिये। थाने में शिकायत करने पहुंचा तो आरोपी पर कार्रवाई करने की बजाय दरोगा ने पीड़ित को धमका कर चुप करा दिया। तब पीड़ित ने कोर्ट का दरवाजा खट खटाया। मामले में कोर्ट के आदेश पर अमीनाबाद पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना अंतर्गत मारवाड़ गली निवासी जगदीश चंद्र सोनकर ने बताया वर्ष 1980 में श्याम नरायन पाल निवासी भूसा मण्डी की दुकान बीस हजार रुपये पगड़ी जमा कर 200 रुपया प्रतिमाह किराये पर ली थी। दुकान में सोने चांदी के आभूषणों की मरम्मत का कार्य करता है। वर्तमान में वह प्रतिमाह 500 रुपये किराया दे रहा है। मनीष पाल दुकान खाली करने का दबाव बना रहा था। इनकार पर धमकी दे रहा था। खराब स्वास्थ्य के कारण अप्रैल 2023 से दुकान खोलने नहीं जा पा रहा था। इसके चलते 14 से 18 अप्रैल के बीच में मनीष ने अफसार व अन्य अज्ञात के साथ मिलकर ताला तोड़ दुकान पर कब्जा कर लिया। इसके अलावा दुकान में रखे करीब साढ़े तीन लाख के जेवर चोरी कर लिये। स्थानीय थाने में शिकायत की तो दरोगा द्वारा आरोपी पर कार्रवाई की बजाय पीड़ित को ही धमकाया गया। तब पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर अमीनाबाद पुलिस ने मनीश पाल, अफसार व अन्य पर मामला दर्ज किया है।

शनिवार को इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और किंग्स इलेवन पंजाब के बीच खेले जा रहे मैच का आनंद लेते क्रिकेट प्रेमी। अमृत विचार

विकेट लेने के बाद जश्न मनाते मयंक यादव व रवि विश्नोई। अमृत विचार

एक नजर

मोबाइल ड्रोन व्हीकल से आईपीएल मैच की निगरानी

अमृत विचार, लखनऊ : इकाना स्टेडियम में हो रहे आईपीएल मैच की अत्याधुनिक मोबाइल ड्रोन व्हीकल से निगरानी की गयी। इस दौरान पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। शनिवार को सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर मौके पर पहुंचे। इसके बाद ट्रैफिक व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इकाना स्टेडियम में पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच आईपीएल मैच था। इस बार इकाना स्टेडियम में सात मैच होने हैं। शनिवार को पुलिस कमिश्नर एसबी शिरड़कर ने अहिमामऊ चौराहे पर लगे अत्याधुनिक मोबाइल ड्रोन व्हीकल से इकाना स्टेडियम में आयोजित आईपीएल मैच की सुरक्षा व्यवस्था और आने जाने वाले लोगों की निगरानी के निर्देश दिए। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था के लिए मातहतों को कड़े निर्देश देकर ड्यूटी प्वाइंट पर चौकन्ना रहने क लिए कहा।

इकाना में एक्शन और रोमांच का हाउसफुल शो

शहर में लखनऊ व पंजाब के बीच खेला गया पहला आईपीएल मैच, बल्लेबाजों ने इकाना स्टेडियम से धोया लो स्कोरिंग का कलंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : दूधिया रोशनी से नहाए हुए राजधानी के सबसे खूबसूरत इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन और क्रुणाल पांड्या ने अपनी बल्लेबाजी से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दूसरी पारी में पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने आईपीएल के हाईवोल्टेज मुकाबले में गगनचुंबी छक्के लगाए। इन बल्लेबाजों ने शनिवार को इकाना की पिच से लो स्कोरिंग मैच के दाग को धो दिया।

शनिवार को मैच में 20 छक्के और 30 चौके देखने को मिले। दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में डिकॉक, पूरन और क्रुणाल की आवाजें गूंजती रहीं। दर्शक दीर्घा में एलएसजी के सपोर्ट में नीले रंग में मौजूद क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ नीले समंदर जैसा अहसास करा रही थी।

मैच के दौरान रन लेने के लिए दौड़ लगाते लखनऊ टीम के केएल राहुल व क्विंटन डिकॉक।

टॉस जीतने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी एलएसजी की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 199 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक (54 रन), निकोलस पूरन (42 रन) और क्रुणाल पांड्या ने (43 रन) ने पंजाब के गेंदबाजों की जमकर धुलाई की।

बल्लबाजों की इस तिकड़ी ने चौके-छक्के लगाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। जवाब में पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन और जॉनी बेयरेस्टो ने टीम को शानदार शुरुआत दी। दोनों के बीच 102 रनों की साझेदारी हुई। जॉनी बेयरेस्टो 42 रन के निजी स्कोर पर आउट हुए। शिखर धवन ने आतिशी पारी खेली और 50 गेंदों में 70 रन बनाए। पंजाब का 11 ओवर तक एक भी विकेट नहीं गिरा। इस पर एलएसजी के उमेश यादव को गेंद थमाई गई। उमेश ने 3 और मोहिसन ने 2 विकेट लेकर एलएसजी की जीत आसान की। पंजाब को 21 रन से मात देकर एलएजसी ने आईपीएल के इस सत्र में घर में पहली जीत दर्ज की।

▸▸ क्रुणाल, पूरन, डिकॉक के बाद धवन ने की आतिशी बल्लेबाजी

क्विंटन डिकॉक	क्रुणाल पांड्या नॉटआउट
रन-54	रन- 43 रन
गेंद- 38	गेंद- 22 गेंद
चौके-5	चौके-4
छक्के-2	छक्के-2
निकोलस पूरन	**शिखर धवन**
रन-42	रन- 70
गेंद- 21	गेंद- 50
चौके-3	चौके-7
छक्के-3	छक्के-3

विकेट लेने के बाद खुशी मनाते लखनऊ की टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

मयंक यादव ने लखनऊ में खेला पहला मुकाबला

अमृत विचार, लखनऊ : एलएसजी के मयंक यादव ने शनिवार को आईपीएल में डेब्यू किया और मैच को यादगार बना दिया। मात्र 21 वर्ष की उम्र में अपना पहला मैच खेल रहे मयंक ने 150 किमी प्रति घंटे का बैरियर तोड़ दिया। उन्होंने तीन विकेट लिए।

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीती जिंटा ने देखा हाईवोल्टेज मुकाबला

अमृत विचार, लखनऊ : पंजाब किंग्स को प्रोत्साहित करने बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीती जिंटा भी लखनऊ पहुंचीं। उन्होंने इकाना स्टेडियम पर मैच देखा। दोपहर में लखनऊ पहुंचीं प्रीती जिंटा एयरपोर्ट से सीधे होटल पहुंचीं। यहां पर कुछ देर आराम करने के बाद सीधे इकाना स्टेडियम का रुख किया।

सार-संक्षेप

चार दिवसीय कथक कार्यशाला का हुआ समापन

अमृत विचार, लखनऊ : भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित चार दिवसीय कथक कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। कैसरबाग स्थित कला मंडपम प्रेक्षागृह में हुई कार्यशाला में पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज की शिष्या शाश्वती सेन ने विद्यार्थियों को कथक नृत्य की बारीकियां सिखाईं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह की परिकल्पना पर आधारित कार्यशाला का संचालन डॉ. रूचि खरे ने किया। 27 मार्च को शुरू कार्यशाला के समापन के पर पूर्व कुलपति प्रो. पूर्णिमा पाण्डेय, पं. राम मोहन महाराज, नृत्य विभाग के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र दत्त वाजपेयी, रजिस्ट्रार डॉ. सृष्टि धवन, उमा त्रिगुणायत, डॉ. सृष्टि माथुर और डॉ. मनोज मिश्र मौजूद रहे। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने जो सीखा उसे आज मंच पर प्रस्तुत भी किया। इसमें तीन ताल और जत ताल की बंदिशें प्रस्तुत की गईं। ठुमरी की प्रस्तुति भी दर्शनीय रही।

ख्याल तराना, ध्रुपद धमार और ठुमरी दादरा में दिखी प्रतिभा

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में शनिवार को छह दिवसीय प्रादेशिक शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता शुरू हुई। बाल वर्ग में ख्याल-तराना, ध्रुपद-धमार एवं ठुमरी-दादरा की शुरुआत निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने की। पहले दिन 18 संभागों में अक्टूबर और नवम्बर में हुई संभागीय शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिताओं के 18 विजेताओं ने एक दूसरे से स्पर्धा की। प्रतिभागियों को सात मिनट दिए गए। निर्णायक अलवर से आये पं. आनंद वैद्य, जयपुर के किराना घराने की शास्त्रीय गायिका उमा गर्ग और राजस्थान की ध्रुपद गायिका डॉ. मधु भट्ट तैलंग रहीं। निर्णायकों ने प्रतिभागियों को कई टिप्स भी दिए। वाराणसी संभाग की शिउली ने राग कलावती में बंदिश पिया तोसे लागै मोरे नैना सुनाकर सबको भाव विभोर कर दिया। आगरा संभाग की बानी बुप्पुलूरी ने राग भूपाली में जब से तुम संग लागि मीत बंदिश सुनाकर तालियां बटोरीं। ख्याल तराना में यशराज मिश्र (प्रथम), श्रेष्ठा गुप्ता (द्वितीय) और शीउली भट्टाचार्य तृतीय स्थान पर रहीं। ध्रुपद धमार में भव्या जोशी को (प्रथम), बक्शीश कौर को (द्वितीय) और आराध्या गुप्ता को (तृतीय) पुरस्कार मिला। ठुमरी दादरा में कन्हैया गुप्ता प्रथम रहे। संयोजक रेनू श्रीवास्तव ने बताया अक्टूबर नवम्बर की संभागीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वालो की संख्या 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ी है। इससे पता चलता है कि शास्त्रीय संगीत में लोगों की रूचि बढ़ रही है। दूसरे दिन किशोर वर्ग की ख्याल तराना, ध्रुपद धमार एवं ठुमरी दादरा की प्रतियोगिता होगी।

चेष्टिका वर्मा को मिला सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : विकासखंड बख्शी का तालाब 269 विद्यालयों में बच्चों को अंक पत्र का वितरण किया गया। प्राथमिक विद्यालय भवानीपुर में कक्षा 5 की छात्रा चेष्टिका वर्मा को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार दिया गया। खंडशिक्षा अधिकारी रामराज ने बताया कि नया शैक्षिक सत्र 2024-25 1 अप्रैल से पुस्तक वितरण के साथ शुरू होगा। प्राथमिक विद्यालय मल्लाहन खेड़ा में कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह में अंक पत्र व ट्राफी दी गई। प्रधानाध्यापक मोहिनी आभा ने बताया कि कक्षा 5 में शालू प्रथम, अंशू गौतम द्वितीय, आदित्य गौतम तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चार में बादशाह प्रथम, साहिल द्वितीय, अंकुल तृतीय, कक्षा 3 में निधि प्रथम, शहंशाह द्वितीय और आराध्या तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 2 में अरुण प्रथम, पल्लवी द्वितीय, अनुस को तृतीय स्थान, कक्षा एक में अनीश प्रथम, द्वितीय स्थान पर प्रज्ञा और कार्तिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय भवानीपुर में अकादमिक रिसोर्स पर्सन अनुराग सिंह राठौड़ ने अंक पत्र व पुरस्कार बांटे।

धूप भी कम नहीं कर पाई दर्शकों की दीवानगी

दोपहर 3 बजे ही इकाना के बाहर जमा हो गई हजारों क्रिकेट प्रेमियों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : तेज धूप भी आईपीएल मैच देखने आए दर्शकों की दीवानगी कम नहीं कर पाई। मैच के शौकीन दोपहर तीन बजे से ही स्टेडियम के बाहर पहुंच गए थे। स्टेडियम के बाहर बिक रही टीम के नाम और खिलाड़ियों के चित्रों वाली टीशर्ट व कैप ने दर्शकों का उत्साह दोगुना कर दिया। बड़ी संख्या में लोगों ने टीशर्ट, कैप खरीदकर पहन ली।

स्टेडियम पहुंचने पर शोर मचाकर अपनी चहेती टीम का उत्साह बढ़ाया। इकाना स्टेडियम में एलएसजी और पीबीकेएस के बीच मुकाबला देखने के लिए लखनऊ के अलावा गोरखपुर, बाराबंकी, सीतापुर, रायबरेली, मोहनलाल गंज, सिसेंडी, बछरांवा, बाराबंकी समेत कई जिलों के क्रिकेट प्रेमी दोपहर में ही पहुंच गए। स्टेडियम के इर्द-गिर्द मौजूद दर्शक छांव खोजते दिखाई पड़े। कोई पेड़ के नीचे बैठा तो किसी को सड़क पर लगी प्रचार होर्डिंग की छांव में राहत मिली। कई दर्शक सिर पर रूमाल, गमछा बांधे नजर आए। हाथों में पानी की बोतल लिए दर्शक बेसब्री से स्टेडियम के प्रवेश द्वार खुलने का इंतजार करते रहे। दर्शकों ने बताया कि पिछले वर्ष भी यहां आईपीएल के मुकाबले देखने आए थे।

मैच देखने के लिए प्रवेश द्वार पर कतार लगाए दर्शक। अमृत विचार

हाथों- हाथ बिकी एलएसजी की टीशर्ट

स्टेडियम के बाहर खिलाड़ियों के नाम वाली टी-शर्ट और कैप बिक रही थी। ठेलों पर चश्मा, पानी के साथ अन्य खाने के आइटम भी थे। लखनऊ सुपर जायंट्स की नीले रंग वाली जर्सी हाथो-हाथ बिकी। इसमें केएल राहुल के नाम वाली टीशर्ट की डिमांड ज्यादा रही। टीशर्ट 200 और कैप 150 रुपये में बिकी। पंजाब किंग्स की टीशर्ट की मांग कम रही।

मोबाइल की टार्च जलाकर एलएसजी का समर्थन

स्टेडियम के अंदर पहुंचे दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। एलएसजी की जीत के शोर एक दूसरे छोर तक सुनाई पड़ रहा था। मैच के दौरान दर्शकों ने मोबाइल टार्च जलाकर एलएसजी के खिलाड़ियों का उत्साहित किया। मोबाइल टार्च से प्रकाश की लहरें जैसा दृश्य देखने को मिला।

मैच के दौरान दर्शकों का मनोरंजन करतीं चियर गर्ल्स। अमृत विचार

मैच के दौरान लखनऊ टीम का हौसला बढ़तीं महिला क्रिकेट प्रेमी। अमृत विचार

कैफ़ी आजमी अकादमी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान साहित्यकार व अतिथि। अमृत विचार

देवेन्द्र की कहानियों पर साहित्यकारों ने की विस्तार से चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सेतु संवाद के दूसरे दिन कैफ़ी आजमी अकादमी में कहानीकार देवेन्द्र के सेतु समग्र कहानी का विमोचन और इस पर चर्चा का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन सेतु प्रकाशन समूह ने किया है।

विमोचन के बाद हुई चर्चा में नवीन जोशी ने देवेन्द्र की कई कहानियों की चर्चा करते हुए उन्हंअ मौजूदा समय का विशिष्ट कहानीकार बताया। उन्होंने कहा कि उनकी कहानियां ऐसे समय की हैं जब हमारी भाषा और सामूहिकता की हत्या हो रही है। कह सकते हैं कि ये हत्यारे समय की कहानियां हैं। यह चुपचाप सच्चाई को सामने लाती हैं।

आलोचक वीरेन्द्र यादव ने इस संग्रह के बाहर की हाल ही में तद्भव में छपी कहानी नटवार से अपनी बात शुरू करते हुए कहा कि मिथक कैसे इतिहास में बदल जाता है वह इस कहानी से समझा जा सकता है। नालन्दा पर गिद्ध के माध्यम से समझा जा सकता है कि हिन्दी का बौद्धिक समाज कैसे विकसित हो रहा है। यह अस्सी के दशक की हलचलों की कहानी है। यहां जाति और धर्म दोनों हैं। अनुपस्थिति कहानी में भी विश्वविद्यालयों की दुर्गति को बयान किया गया है। उन्होंने अन्य कई कहानियों पर भी बात की।

कथाकार शिवमूर्ति ने कहा कि जितना दर्द देवेन्द्र की कहानियों में मिलता है उतना अन्यत्र मुश्किल है। उनकी कहानियां शैली के स्तर पर बेहद महत्वपूर्ण हैं। क्षमा करो हे वत्स उनकी अवसाद तक ले जाने वाली तकलीफ़ भरी कहानी है। जितनी विविधता, सामग्री और अनुभव सम्पदा देवेन्द्र के पास है, उससे और अधिक कहानियां आनी चाहिए थीं। देवेन्द्र का फक्कड़पन उन्हें त्रास देता रहा है। कहानीकार देवेन्द्र ने कहा कि समग्र अब तक का है लेकिन यह अंतिम नहीं है। अभी और भी कहानियां आएंगी। उन्होंने कहा कि पहले अस्सी का दशक बुरा लगता था, अब वही अच्छा लगता है। तब रिश्ते बचे हुए थे। उन्होंने लिखने की वजहों पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि एक विपुल झूठ का आवरण इस समय चल रहा है। सत्ता का अपना चरित्र होता है। आज इस झूठ के बीच मनुष्यता को ढूंढना जरूरी है। दूसरे सत्र में राजेन्द्र वर्मा ने अपनी दो लघु कथाओं टॉफियां और ढाल का पाठ किया। सबाहत आफ़रीन ने अपनी कहानी माहेपारा और रजनी गुप्त ने किसी दिन अचानक कहानी से प्रशंसा बटोरी। दोनों सत्रों का संचालन श्रवण कुमार गुप्त ने किया।

पूर्वोत्तर रेलवे अधिसूचना सं.: 51/2024

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

(1) गाड़ी सं. 01123/01124 लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक (ट.) ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 01123 लोकमान्य तिलक (ट.) से प्रत्येक शुक्रवार
दिनांक 05-04-2024 से 28-06-2024 तक (13 ट्रिप)
गाड़ी सं. 01124 गोरखपुर से प्रत्येक शनिवार
दिनांक 06-04-2024 से 29-06-2024 तक (13 ट्रिप)

01123 लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर		स्टेशन	01124 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक (ट.)	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	12:15	लोकमान्य तिलक (ट.)	07:25	--
12:35	12:38	थाणे	06:50	06:53
12:57	13:00	कल्याण	06:30	06:33
14:40	14:45	इगतपुरी	04:40	04:45
15:30	15:35	नासिक	01:30	01:35
19:25	19:30	भुसावल	21:45	21:50
21:40	21:45	खण्डवा	19:40	19:43
00:45	00:55	इटारसी	16:50	16:55
03:10	03:15	भोपाल	15:05	15:10
05:10	05:15	बीना	12:30	12:35
07:15	07:20	वीरांगना लक्ष्मीबाई जं.	10:00	10:05
08:28	08:30	उरई	07:18	07:20
12:05	12:10	कानपुर सेन्ट्रल	05:25	05:30
13:35	13:45	लखनऊ	02:45	02:55
15:50	15:55	गोण्डा	00:10	00:15
17:25	17:30	बस्ती	22:20	22:25
18:55	--	गोरखपुर	--	21:15

रेक संरचना: जनरेटर सह लगेज यान-01, वातानुकूलित तृतीय-06, शयनयान-08, वातानुकुलित द्वितीय-02, एसएलआरडी-01, सामान्य द्वितीय श्रेणी-03 = कुल 21 कोच।

(2) गाड़ी सं. 01431/01432 पुणे-गोरखपुर-पुणे ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 01431 पुणे से प्रत्येक शुक्रवार
दिनांक 05-04-2024 से 28-06-2024 तक (13 ट्रिप)
गाड़ी सं. 01432 गोरखपुर से प्रत्येक शनिवार
दिनांक 06-04-2024 से 29-06-2024 तक (13 ट्रिप)

01431 पुणे-गोरखपुर		स्टेशन	01432 गोरखपुर-पुणे	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	16:15	पुणे	06:25	--
17:18	17:20	दौंड कार्ड लाइन	04:48	04:50
18:47	18:50	अहमदनगर	03:10	03:12
19:50	19:52	बेलापुर	02:13	02:15
20:30	20:33	कोपरगाँव	01:22	01:25
21:55	22:00	मनमाड	00:15	00:20
00:15	00:20	भुसावल	21:50	21:55
02:20	02:23	खण्डवा	20:45	20:47
04:45	04:50	इटारसी	18:10	18:15
06:35	06:40	भोपाल	16:10	16:15
09:10	09:15	बीना	13:25	13:30
10:20	10:25	वीरांगना लक्ष्मीबाई जं.	10:40	10:45
11:28	11:30	उरई	08:38	08:40
14:15	14:20	कानपुर सेन्ट्रल	06:10	06:15
15:38	15:40	लखनऊ	04:00	04:10
17:45	17:50	गोण्डा	01:50	01:55
18:18	18:20	मनकापुर	01:15	01:17
19:24	19:27	बस्ती	00:25	00:28
19:58	20:00	खलीलाबाद	23:55	23:57
20:40	--	गोरखपुर	--	23:25

रेक संरचना: शयनयान-16, वातानुकूलित तृतीय-02, सामान्य द्वितीय श्रेणी-02, एसएलआरडी-02 = कुल 22 कोच।

मुजाधि/टी-97B
मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

एक नजर

पांच स्थानों से 25 लीटर कच्ची शराब बरामद

रामनगर बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम मल्लाहन पुरवा में उपजिलाधिकारी पवन कुमार, सीओ आलोक पाठक एवं आबकारी निरीक्षक उमाशंकर चौधरी की संयुक्त टीम ने दबिश देकर पांच स्थानों पर लगभग 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की। टीम ने मौके पर लगभग 120 किलो लहन नष्ट किया। आबकारी अधिनियम के तहत 2 मुकदमे भी दर्ज किए गए।

109 लीटर कच्ची शराब के साथ सात गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : शनिवार को जनपद के अलग- अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 109 लीटर कच्ची शराब के साथ सात लोगो को गिरफ्तार कर लिया। टिकैतनगर पुलिस ने 54 लीटर के साथ चार, मसौली पुलिस ने 40 लीटर के साथ दो व रामनगर पुलिस ने 15 लीटर कच्ची शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण बच्चे हुए पुरस्कृत

बाराबंकी, अमृत विचार : बंकी ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय शुक्लाई में शनिवार को उच्च अंकों से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रधान अनुज कुमारी ने बच्चों को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका रश्मि सिंह, शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद रहे।

12 लाख की मार्फीन के साथ दो शातिर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : घुंघटेर पुलिस ने शनिवार को पठान टोला, थाना कटरा बाजार, गोण्डा निवासी रिजवान उर्फ छोटू व हामिद को 115 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार किया। बरामद मार्फीन की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में 12 लाख रुपये बताई जा रही।

धरे रहे इंतजाम, लगा जाम

डायवर्जन की जानकारी न होने के चलते राहगीरों को उठानी पड़ीं दिक्कतें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सुशान्त गोल्फ सिटी क्षेत्र में अटल बिहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम में शनिवार को आईपीएल मैच के चलते उधर से निकलने वाले आम लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ी।

इकाना स्टेडियम में शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और किंग्स इलेवन पंजाब के बीच खेले गए आईपीएल मैच के चलते सुल्तानपुर रोड व शहीद पथ पर कई जगहों पर ट्रैफिक डाइवर्जन तो किया गया लेकिन सही जानकारी न मिलने के चलते राहगीरों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ी।

लौटना पड़ा वापस

कुछ निजी वाहनों को एचसीएल चौकी से प्लासीओ माल की तरफ जाने दिया गया लेकिन आगे जाकर वाटर टैंक तिराहे से रोक दिया गया जिससे लोगों को वहाँ से फिर वापस लौटना पड़ा। इसके साथ ही कुछ वाहन चालक जो प्लासिओ तक पहुंच गए और उन्हें कानपुर रोड की तरफ जाना था तो उनके लिए शाहीदपथ पर चढ़ने में बैरीकेटिंग लगी थी उसके बाद सुल्तानपुर रोड पर स्थित दोनों रास्तो को भी बैरीकेटिंग लगाकर बन्द कर दिया गया था लोग वहां से लौटकर प्लासियो होते हुए एचसीएल चौकी की तरफ सुल्तानपुर रोड आना चाहे तो उनको पुलिस द्वारा आने नही दिया गया। इस तरह से कई राहगीरों को बहुत दिक्कतें उठानी पड़ी।

यहां किया गया था रूट डायवर्जन

सुल्तानपुर रोड पर गोसाईगंज की ओर से आने वाले वाहनों को अमूल तिराहे से डायवर्ट किया गया था।वही अयोध्या मार्ग से शाहीदपथ होकर आने वाले वाहनों को इकना के आसपास कहीं नही रुकने दिया गया।एयरपोर्ट की ओर से आने वाले वाहन अहमामऊ से पहले सवारी उतार रहे थे।इसके साथ ही अहमामऊ चौराहे से 500 मीटर में किसी भी वाहन को कोई भी सवारी उतारने व बैठाने की मनाही थी।

घरौनी में दर्ज किया दूसरे का नाम

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : नेशनल हाईवे के किनारे की बेशकीमती आबादी की भूमि को लेखपाल द्वारा घरौनी दूसरे के नाम दर्ज करने पर ग्राम प्रधान ने पूर्व में उपजिलाधिकारी से शिकायत कर जांच और कार्यवाही की मांग की थी। जांच और कार्यवाही न होने पर प्रधान ने जिलाधिकारी से लेखपाल की शिकायत की है। तहसील क्षेत्र अंतर्गत बडेला नारायणपुर की ग्राम प्रधान पिंकी देवी ने गांव के लेखपाल पर लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग स्थित सड़क के किनारे आबादी की भूमि पर बने तालाब को एक व्यक्ति के नाम पैसा लेकर घरौनी में नाम दर्ज करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम राम आसरे वर्मा से कार्रवाई की मांग की थी किन्तु कोई सुनवाई न होने पर ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार से मिलकर शिकायती पत्र दिया है।

लखविंदर के सुर और फूलों की महक ने किया अवध होलिकोत्सव का रंग चटख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : संस्कृति विभाग की ओर से राम मनोहर लोहिया पार्क के मुक्ताकाशी मंच पर रामोत्सव के तहत दो दिवसीय अवध होलिकोत्सव का आयोजन किया गया है। होलिकोत्सव के पहले दिन लोकनृत्य, लोकगायन और होली के आकर्षण की मनभावन छटा बिखरी। प्रख्यात सूफी गायक लखविंदर वडाली की गायकी और मथुरा से आये गीतांजली शर्मा के समूह द्वारा खेली गई फूलों की होली प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बनी।

पंजाब से आये लखविंदर वडाली ने जैसे ही आंख से आंख मिलाओ तो कोई बात बने को अपनी आवाज से सजाया बस माहौल बन गया। हर कोई उनके साथ ही गा उठा। इसके बाद उन्होंने सुनाया तू माने या न माने दिल करदा... लखविंदर ने खुद के साथ-साथ दर्शक दीर्घा के अधिकांश लोगों को अपने साथ गाने को मजबूर कर दिया। कहना चाहिए कि अवध होलिकोत्सव में शनिवार की शाम सूफी संगीत का जादू सर चढ़कर बोला।

मथुरा की गीतांजली शर्मा और उनके साथियों ने फूलों की होली के जरिये एक बार फिर से होली जैसा ही समां बांध दिया। राम मनोहर लोहिया पार्क में मौजूद शायद ही कोई व्यक्ति रहा हो जो इस मनोहारी होली के आकर्षण में न बंध गया हो।

फूलों की होली से पहले लखनऊ के सुरेश कुशवाहा और मानवी जया ने होली गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। सुरेश कुशवाहा ने सुनाया, भइल बा फागुन महिनवा हो से अपना कार्यक्रम शुरू किया। मानवी जय ने सुनाया :- डमरू बजावे अविनाशी, बम-बम बोल उठा काशी। इस गीत को लोगों ने खूब पसंद किया। लखनऊ की ही शीलू श्रीवास्तव ने रंगी सारी गुलाबी चुनरिया को अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया।

युगल किशोर की आरती से शुरू हुए इस होलिकोत्सव में झांसी की राधा प्रजापति ने राई नृत्य में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मां-बाप की कजा नमाज व रोजे रखने का फर्ज बड़े बेटे पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: कार्यालय आयतुल्लाह अल उज़मा सैय्यद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा विभिन्न धार्मिक मुद्दों पर पूछे गए सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी और अन्य उलेमा के पैनल ने दिए।

रोजेदारों की सुविधा के लिए काम कर रही शिया हेल्पलाइन पर रोजाना सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक धार्मिक मुद्दों पर मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर सवाल पूछे जा सकते हैं। महिलाओं के लिए हेल्पलाइन का नम्बर 6386897124 दिया गया है।

हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने

▸▸ हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा विभिन्न धार्मिक मुद्दों पर पूछे गए सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी और अन्य उलेमा के पैनल ने दिए

सवाल किया कि क्या शबे-कद्र पर 100 रकअत नमाज़ वाजिब की नियत से पढ़ी जाएगी ? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि शबे-कद्र पर 100 रकअत नमाज वाजिब की नियत से नहीं पढ़ी जाएगी। हालांकि अगर कोई व्यक्ति अपनी क़ज़ा नमाज़ अदा करता है, तो उसमें वाजिब की नियत रहेगी। इसी मुद्दे पर एक और सवाल आया कि शब-ए-कद्र पर पढ़ी जाने वाली 100 रकअत नमाज़ जमाअत के साथ पढ़ी जानी चाहिए? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि यदि आप शब-ए-क़द्र पर क़ज़ा की नियत से 100 रकअत नमाज़ पढ़ते हैं, तो आप जमाअत के साथ नमाज़ पढ़ सकते हैं, लेकिन 100 रकअत मुसताहब्बी नमाज जमाअत के साथ नहीं होगी।

एक रोजेदार ने पूछा कि क्या बेटों पर मां-बाप की कजा नमाज़ व रोजा रखना फर्ज है ? इसके जवाब में बताया गया कि बड़े बेटे के पर मां-बाप की नमाज़ और रोज़े रखना वाजिब है। एक सवाल आया कि क्या फितरा का पैसा गैर सैय्यद को दिया जा सकता है ? इसके जवाब में बताया गया कि अगर फितरा की रकम गैर सैय्यद को दी जाए तो कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन सैय्यद का फितरा सैय्यद को भी दे सकते हैं।

एलांस क्लब इंटरनेशनल ऑन इंटरनेशनल वेलफेयर आर्गेनाइजेशन के फ्लोरल होली सेलिब्रेशन कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

चौक सर्राफा में फूलों की होली खेलने के बाद मौजूद कारोबारी। अमृत विचार

चौक सर्राफा ने आयोजित की भजन संध्या, खेली होली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: चौक सर्राफा एसोसिएशन का होली मिलन समारोह काली जी राम मंदिर सराफा बाजार चौक में आयोजित किया गया। शनिवार को हुए इस आयोजन में सर्राफा और चिकन के कई प्रमुख व्यापारियों की मौजूदगी रही। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सर्राफा

▸▸ आयोजन में सर्राफा और चिकन के व्यापारियों की रही मौजूदगी

एसोसिएशन के संरक्षक एवं स्थानीय पार्षद अनुराग मिश्रा की उपस्थिति रही। चौक सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश चंद जैन, महामंत्री विनोद महेश्वरी, कोषाध्यक्ष डॉ. राजकुमार वर्मा, संगठन मंत्री अतुल गुप्ता, उपाध्यक्ष आदीश जैन, पंकज अग्रवाल, अनिल गुप्ता, श्रीनारायण अग्रवाल, देवेंद्र रस्तोगी, सिद्धार्थ जैन, संजय रस्तोगी, अंकित मेहता, लोकेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अमर सिंह, श्याम रस्तोगी, जेके मिश्र समेत कई सर्राफा व्यापारी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान भजन संध्या का आयोजन किया गया। बाद में सभी व्यापारियों ने होली खेली।

ज्यादा लालच न करने की सीख दे गया नाटक कंजूस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नाट्य संस्था आकांक्षा थियेटर आर्टस के तत्वावधान में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में चल रहा तीन दिवसीय आकांक्षा नाट्य समारोह शनिवार को समाप्त हो गया। समापन संध्या पर मौलियर के नाटक कंजूस का प्रभात कुमार बोस के निर्देशन में मंचन किया गया। इसका नाट्य रूपांतरण हजरत आवारा ने किया।

आकांक्षा नाट्य समारोह की समापन संध्या का शुभारंभ सुधीर शर्मा और बीएन ओझा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। हास्य की चाशनी में लिपटा नाटक कंजूस अधिक लालच न करने की सीख देते हुए यह बता गया कि पैसे के पीछे ज्यादा भागने की जरूरत नहीं है। पैसों को जरूरत के हिसाब से कमाना चाहिए।

नाटक कंजूस में मिर्ज़ा सखावत बेग एक विधुर हैं। वह अपने बेटे फर्रुख तथा बेटी अज़रा के साथ रहते हैं। मिर्ज़ा के घर में इन तीनों के अलावा घरेलू नौकर नासिर, कोचवान व बावर्ची अल्फू के साथ नम्बू नौकरी करते हैं। नासिर मिर्जा.की बेटी अज़रा से बेपनाह मोहब्बत करता है जबकि मिर्ज़ा का बेटा फर्रुख मरियम नाम की लड़की को चाहता है। मिर्ज़ा स्वभाव से बहुत कंजूस होने के साथ-साथ शक्की मिज़ाज है। अपने ही घर के बगीचे की जमीन में दस हजार अशर्फियां दबाकर महफूज़ रखता है। मिर्ज़ा को हमेशा इस बात का शक होता है कि उसके घर के नौकर कहीं उसकी रकम चुरा न लें।

नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

इधर फर्रुख और अज़रा अपनी-अपनी मोहब्बत की दास्तान सुनाकर शादी की योजना बनाते हैं। इसी बीच मिर्ज़ा वहां पहुंचकर अपनी शादी के बारे में फर्रुख और अज़रा से राय पूछता है, लेकिन जब फर्रुख को यह पता चलता है कि मिर्ज़ा फर्रुख की प्रेमिका मरियम से खुद ही निकाह करना चाहता है तो फर्रुख के पैरों तले जमीन खिसक जाती है। बाप-बेटे में एक लम्बी नोंक-झोंक के बीच मिर्ज़ा को यह पता चलता है कि उसकी अशर्फियां चोरी हो गई हैं। विषम परिस्थितियों से गुजरता हुआ यह नाटक वहां पर एक नया मोड़ लेता है जहां असलम का प्रवेश होता है। असलम के आने पर कई राज अपने-आप खुल जाते हैं कि नासिर और मरियम दोनों असलम के खोये हुए बेटे-बेटी हैं जो एक समुद्री तूफान में बिछड़ गये थे। आखिर में तीनों की शादियां हो जाती हैं और सारा खर्च असलम करते हैं।

नाटक में अशोक लाल, मोहित यादव, अनमोल सिंह, शगुन सिंह, सौरभ सिंह, जारा हयात बुशरा फातिमा, अरुण कुमार विश्वकर्मा, तारिक इकबाल, आनन्द प्रकाश शर्मा, अचला बोस, शशांक तिवारी और कोमल प्रजापति ने अपने उल्लेखनीय अभिनय से दर्शकों को बांधे रखा।

पात्रों को मिल रहा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : राजरानी

जैदपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर शनिवार को भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत का स्वागत किया गया।

बीबीपुर स्थित एसएस कान्वेंट स्कूल में भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत ने कहा कि वह सभी की तरह भाजपा की एक सिपाही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई गईं जिसका लाभ पात्रों को मिल रहा है। जैदपुर में भाजपा नेता दिवेश जायसवाल ने भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया। जैदपुर थाना चौराहा पर भी मंडल अध्यक्ष संजय अवस्थी के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

राजरानी ने जैदपुर की गायत्री जायसवाल से मिलकर उनके पिता के निधन पर शोक जताया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय अवस्थी, अबू उमेर अंसारी, दीपक निगम, जानकी प्रसाद तिवारी, प्रमोद शर्मा, दशरथ लाल, महिला मोर्चा की अध्यक्ष नीतु रावत, दिवेश कुमार जायसवाल, श्यामू जायसवाल, उमाकांत, डा. रामहेत विश्वकर्मा, सुशील रावत, डीएम वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मो. तालिब, राकेश रावत, सुशील सोनी, सुरेन्द्र, अशोक आदि थे।

शिथिलता बरतने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन ने शनिवार को डीआरडीए सभागार में एक से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 10 से 30 अप्रैल के मध्य चलने वाले दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक की। उन्होंने कहा कि अभियान में शिथिलता बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान सीडीओ ने कहा कि संचारी व

बैठक में निर्देश देते सीडीओ, साथ में सीएमओ। अमृत विचार

विषाणुजनित रोगों को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही इनकी रोकथाम के हर संभव उपाय किये जाएं। उन्होंने निर्देश जारी करते हुए कहा कि युद्धस्तर पर इन अभियानों को आगे बढ़ाया जाए। किसी प्रकार की शिथिलता बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कब होगी मरम्मत

बाराबंकी के कोतवाली रोड पर कुछ माह पहले एक ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया था। इससे डिवाइडर क्षतिग्रस्त हो गया था लेकिन आज तक इसकी मरम्मत नहीं करायी गयी। ● शशांक अटल बाजपेई

संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक मसीहा का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

बंटवारे की त्रासदी की कहानी है मसीहा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नमस्कार फाउंडेशन ने संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक मसीहा का मंचन किया। प्रख्यात फिल्मकार सागर सरहदी द्वारा लिखित और अनुपम बिसारिया द्वारा निर्देशित इस नाटक की सहायक निर्देशक सीमा रंजन रहीं। नाटक मसीहा हिन्दुस्तान-पाकिस्तान बंटवारे की त्रासदी से उपजी कहानी है।

वर्ष 1947 में जब देश विभाजन हुआ उस समय एक देश से दूसरे देश में जाने वाले शरणार्थियों की मानसिक और सामाजिक स्थितियों का इस नाटक में मार्मिक वर्णन मिलता है। भारत और पाकिस्तान की सरहद पर शरणार्थी शिविर लगाया गया है। इस शिविर में वह लोग अपने प्रियजनों का इन्तजार कर रहे हैं जो बिछड़ गए हैं। सरहद पर दोनों तरफ सिपाही तैनात हैं। जो कभी एक गांव में रहा करते थे वह अब पड़ोसी देश के हो गए हैं।

पाकिस्तान से आया मास्टर संतराम शरणार्थी शिविर में रोजाना अपनी बहन का इन्तजार करते हैं। उनकी बहन को उनके ही शिष्य उठाकर ले गए हैं। जिन शिष्यों को उन्होंने पढ़ाया, देशभक्ति की शिक्षा दी, मां-बहनों की इज्जत करना सिखाया वही उनकी बहन को उठा ले गए। कैप्टन भी मास्टर संतराम का शिष्य रहा है और उनकी बहन को ढूंढने में मदद कर रहा है। वह मास्टर जी का दुःख भी बांटता है।

एक दिन कैप्टन उनकी बहन को ढूंढ लाता है जो अर्ध विक्षिप्त हो गई है। वह मानसिक और शारीरिक यातनाएं झेलकर भाई के पास लौटी है। वह भाई से मिलती है तो उनसे आंख नहीं मिला पाती। वह भाई की नजरों से बचने के लिए भागती है। बहन को पकड़ने के लिए मास्टर संतराम भी दौड़ते हैं। दोनों ही सीमा पर तैनात सिपाहियों की गोली का शिकार बन जाते हैं। सीमा पर घूम रहा एक शराबी चीखकर कहता है कि देश बांटने वाले राजनेता मसीहा नहीं हैं।

नाटक में गौतम राय, नीरज दीक्षित, अश्विनी मक्खन, अभ्युदय तिवारी, अनुपम बिसारिया और अनीता वर्मा ने सराहनीय भूमिकाएं निभाईं।

महिला को आजीवन कारावास

बाराबंकी, अमृत विचार: शनिवार को न्यायालय ने हत्या के मामले में ग्राम पीरपुर मजरे अकनापुर थाना कोठी की राधा पत्नी स्व.विनय राज को आजीवन कारावास व 20 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई। साल 2022 मे गिरधारी लाल ने अपने भाई की हत्या के मामले में कोठी थाने में केस दर्ज कराया था। तत्कालीन विवेचक ने जांच कर साक्ष्य इकट्ठा कर न्यायालय में प्रस्तुत किये। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह द्वारा जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तेजी से सजा दिलाने को लेकर बनाये गए मानीटरिंग सेल ने न्यायालय में पैरवी तेज कर सबूतों व गवाहों को प्रस्तुत किया। मामले में ठोस गवाहों व सबूतों के आधार पर न्यायालय ने राधा को आजीवन कठोर कारावास व 20 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 साल की कैद, दो बरी

बाराबंकी, अमृत विचार : दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने के अभियुक्त को न्यायालय ने 10 वर्ष की कैद व 25 हजार का जुर्माना लगाया है। मामला अगस्त 2015 का है। पीड़िता ने मसौली थाने में देवकलिया थाना मसौली के जयसिंह, राकेश, व लखैचा थाना क्षेत्र सतरिख निवासी साकेत रावत पर उसके साथ दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। तत्कालीन विवेचनाधिकारी ने साक्ष्यों को संकलित कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। ठोस गवाहों व साक्ष्यों के मद्देनजर न्यायालय ने जय सिंह को 10 साल के कारावास व 25 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई जबकि साकेत व राकेश को सबूतों और गवाहों के न होने पर दोषमुक्त कर दिया।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दस्तावेज तैयार कर रहा ट्रस्ट

अयोध्या, अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट आयोजनों का दस्तावेज तैयार कर रहा है। एक स्मारिका पुस्तिका भी बनाई जाएगी, जिसमें शामिल साधु संतों और विशिष्ट अतिथियों के अनुभव की राय ली जा रही है।

प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में देश के अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े लगभग आठ हजार विशिष्ट अतिथि और संत धर्म आचार्य शामिल हुए थे। महोत्सव को देश के पांच लाख मठ मंदिरों में भी मनाया गया था। जिसको लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रमुख साधु-संतों से लिखित रूप से आयोजन के संबंध में अनुभव की जानकारी जुटा रहा है। हालांकि, इस मामले पर कोई भी खुलकर बोलने को तैयार नहीं है लेकिन ट्रस्ट सूत्र बताते हैं कि देश में पहली बार इस तरह का आयोजन हुआ।

अब रामलला को पहनाए जाएंगे सूती वस्त्र

रामलला को गर्मी से बचाने के लिए अब सूती वस्त्र धारण कराया जाएगा। साथ ही भोग में भी बदलाव किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुताबिक हथकरघा सूती और मलमल वस्त्र तैयार कराया गया है जिस पर फूलों का गोटा लगाया गया है। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दौरान ठंड पड़ रही थी। इस कारण उन्हें मखमली व मोटे वस्त्र धारण कराए गए थे। अब सूती वस्त्र धारण कराए जाएंगे।

लता चौक से जन्मभूमि पथ तक बिछेगी कारपेट

अयोध्या, अमृत विचार : रामनवमी पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के पैरों में छाले न पड़ें। इसके लिए रामपथ पर कारपेट बिछाई जाएगी। श्रृंगार हाट से लेकर हनुमानगढ़ी तक के मार्ग को छायादार बनाने की भी योजना है। पेयजल का इंतजाम करने के लिए 60 स्थानों पर वाटर कियॉस्क व वाटर एटीएम भी लगाए जाएंगे। इसे लेकर नगर निगम ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। रामनवमी पर तीन दिन तक रामलला का लगातार दर्शन होगा। इस दौरान 50 लाख के करीब श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इसे देखते हुए नगर निगम अपनी तैयारियों में जुट गया है। धर्म पथ पर साकेत पेट्रोल पंप से लेकर हनुमान गुफा तक के डिवाइडर पर शू-रैक बनवाए जाएंगे। 60 स्थानों पर लगने वाले वाटर कियॉस्क व एटीएम में पानी पीने के लिए छह-छह टोटियां लगेंगी।

अयोध्या में दो-दो घंटे के छह स्लाट में बनाए जाएंगे हर दिन 600 पास

अनुमोदन अनिवार्य

▸▸ **निर्धारित समय सीमा में ही श्रद्धालुओं को करने होंगे रामलला के दर्शन**

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में रामलला के दर्शन के लिए बढ़ती श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर अब श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से विशिष्ट दर्शन पास की सुविधा दी जायेगी। दो-दो घंटे के छह स्लाटों में रोजाना करीब 600 पास बनाए जाने की योजना बनाई गई है। खास बात यह है कि विशिष्ट दर्शन के लिए विशिष्ट पास तभी बनाया जाएगा जब ट्रस्ट ने उसके लिए अनुमोदन किया हो। बिना अनुमोदन के पास नहीं बनाए जाएंगे।

ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के अनुसार राम कचेहरी स्थित ट्रस्ट कार्यालय में विशिष्ट पास और सुगम दर्शन के लिए पास के लिए एक अलग काउंटर भी बनाया गया है। दो अतिरिक्त ऑपरेटर तैनात करने के साथ अन्य व्यवस्था की गई है। पास धारक श्रद्धालुओं को तय समय सीमा में ही गेट नंबर दो रंगमहल बैरियर से प्रवेश दिया जा रहा है। हालांकि दबाव को देखते हुए यहां व्यवस्था और कड़ी की गई है। ट्रस्ट के अनुसार, अलग-अलग स्लाटों में भक्तों को दर्शन सुलभ तरीके से हो सकेंगे।

हर स्लॉट में बनेंगे 100 विशिष्ट पास, 20 होंगे ऑनलाइन

ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के अनुसार हर स्लाट में 100 विशिष्ट पास बनेंगे। इनमें से 20 ऑनलाइन होंगे और 80 विशिष्ट पास ट्रस्ट के अनुमोदन पर विशिष्ट व्यक्तियों के लिए बनाए जाएंगे। इनमें संत - धर्माचार्य, प्रशासनिक और न्याय विभाग को शामिल किया गया है। विशिष्ट पास में समय भी अंकित रहेगा। उसी के अनुसार दर्शन करना होगा। निर्धारित समय स्लाट से अतिरिक्त वह विशिष्ट पास प्रयोग नहीं किया जा सकता है।

सार-संक्षेप

रामनवमी पर खुलेंगे तीर्थ क्षेत्रपुरम के दरवाजे

अयोध्या, अमृत विचार : रामनवमी पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तैयारियां शुरू कर दी है। ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने शनिवार को बताया कि जन्मभूमि पथ से राम मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं को शौचालय और पानी पीने की भी विशेष व्यवस्था बनाई जा रही है। लोगों के लिए तीर्थ क्षेत्र पुरम को खोल दिया जाएगा। वो विश्व हिंदू परिषद मुख्यालय कारसेवकपुरम में आयोजित होली मिलन समारोह में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। चंपत राय ने कहा कि तीर्थ क्षेत्र पुरम में पर्याप्त पानी और 200 शौचालय, बड़े टिन शेड के साथ रहने की पर्याप्त व्यवस्था है। उन्होंने समाज के लोगों से छोटे -छोटे स्तर पर भोजनालय चलाने की अपील की। नवमी पर 22 घंटे के निरंतर दर्शन के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि पांच वर्ष के बाल भगवान के कितने घंटे निरंतर दर्शन की व्यवस्था की जा सकती है। इस पर विमर्श के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकेगा। इस मौके पर राम नन्दन दास और एनबी दास की टोली ने फाग गायन भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, ट्रस्टी दिनेंद्र दास, डॉ .अनिल मिश्र व अन्य रहे।

पत्रकारों से वार्ता करते चंपत राय।

भूमि के बैनामा के नाम पर ठगे 4 लाख रुपये

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : कूटरचित तरीके से जमीन के दस्तावेज दिखाकर भूमि का बैनामा कराने के नाम पर जालसाजों ने एक व्यक्ति से चार लाख रुपये ठग लिये। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने एसपी के यहां गुहार लगाई है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुरौनी निवासी विपिन कुमार ने फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हसनपुर टांडा में एक भूमि का सौदा यहीं के निवासी शरीफ, चांद बाबू व नियाज से 10 लाख रुपये में तय किया था। आरोपियों ने उक्त भूमि पर कोई विवाद न होने की बात कहकर सौदा तय कर लिया था। आरोप है कि दिसंबर 2022 में आरोपी ने जमीन का बैनामा करने के नाम पर दो लाख रुपये ले लिए थे। उसके बाद से पीड़त ने जब भी बैनामा कराने को कहा तो बहाना बताकर टालते रहे। पीड़त का कहना है कि उससे धीरे धीरे करके चार लाख रुपये ले लिए गए। अब न बैनामा कर रहे हैं और न ही दी गई रकम को वापस कर रहे हैं। इसकी शिकायत पुलिस से की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने तीन नामजद व तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर साढ़े चार लाख रुपये ठगने के मामले में भी केस दर्ज किया गया है।

हत्या की दोषी महिला को आजीवन कारावास

बाराबंकी, अमृत विचार : शनिवार को न्यायालय ने हत्या के मामले में ग्राम पीरपुर मजरे अकनापुर थाना कोठी की राधा पत्नी स्व .विनय राज को आजीवन कारावास व 20 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई। साल 2022 मे गिरधारी लाल ने अपने भाई की हत्या के मामले में कोठी थाने में केस दर्ज कराया था।

तत्कालीन विवेचक ने जांच कर साक्ष्य इकट्ठा कर न्यायालय में प्रस्तुत किये। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह द्वारा जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तेजी से सजा दिलाने को लेकर बनाये गए मानीटरिंग सेल ने न्यायालय में पैरवी तेज कर सबूतों व गवाहों को प्रस्तुत किया। मामले में ठोस गवाहों व सबूतों के आधार पर न्यायालय ने राधा को आजीवन कठोर कारावास व 20 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

एक नजर

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

बाराबंकी, अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आलापुर में शनिवार को बेकाबू ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। फेरी लगाकर कपड़े बेचने जा रहे अख्तर रजा पुत्र आजाद अहमद (18) और गुल्लू पुत्र शरीफ (19) की बाइक में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में अख्तर रजा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गुल्लू गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक की शिनाख्त में जुट गई है।

बाइक सवार ने बच्चे को मारी टक्कर, मौत

कानपुर, अमृत विचार : हंसपुरम में घर के बाहर साइकिल चला रहे बच्चे (12) को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। राहगीरों के एकत्रित होने पर बाइक सवार घायल को निजी अस्पताल में भर्ती करा कर फरार हो गया। परिजनों ने उसे हैलट में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मछरिया निवासी फेरी लगाने वाले शेरयाल ने बताया कि 28 मार्च को उनका बेटा मो .कैफ घर के पास साइकिल चला रहा था तभी तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। बाइक सवार घायल कैफ को निजी अस्पताल में भर्ती कराकर फरार हो गया। अस्पतालकर्मियों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने कैफ को हैलट में भर्ती कराया जहां शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है।

हरदोई में युवती की हत्या शव बोरे में भरकर फेंका

प्रेम-प्रसंग या अवैध संबंधों में वारदात को अंजाम देने की आशंका

हरदोई कार्यालय

अमृत विचार: सड़क के किनारे बंद पड़े बोरे में युवती का शव होने से हड़कंप मच गया। हत्या करने के बाद उसका शव बोरे में ठूंस कर फेंका गया था। शनिवार की सुबह साण्डी थाने के भैरमपुर में इस तरह शव पाए जाने का पता होते ही एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी और एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार और सीओ बिलग्राम पहुंच गए। जहां पर बोरि पड़ा हुआ था, वहीं पर पड़े मिले बैग में कपड़े थे।प्रेम-प्रसंग या फिर अवैध संबंधों को ले कर युवती की हत्या की गई। ऐसी अटकलें लगाई जा रहीं है। फिलहाल पुलिस हर एक पहलू से जांच कर रही है।

बताया गया है कि शनिवार की सुबह साण्डी थाने के भैरमपुर गांव में सड़क के किनारे लालता के खेत में एक बोरा पड़ा हुआ देखा गया, उसी के पास एक बैग भी पड़ा हुआ था। लोगों ने बोरे से बदबू आने पर इसकी जानकारी पुलिस को दी। वहां पहुंची पुलिस ने बोरा खुलवाया तो उसमे एक युवती का शव निकला। बोरे से शव निकलता देख हर कोई घबरा गया। साड़ी पहने युवती के दोनों हाथ से कपड़े बंधे हुए थे। उसके सिर मे गहरी चोंट भी थी। युवती की शिनाख्त उसके पास से मिले आधार कार्ड से की गई है। 21 वर्षीय युवती का नाम सुनैना पत्नी आकाश निवासी मलौथा हरपालपुर बताया गया है। उसका मायका सुरसा थाने के कमरौली में है। पुलिस के मुताबिक सुनैना शुक्रवार की शाम को ससुराल जाने के लिए मायके से निकली थी। उसकी हत्या के पीछे प्रेम-प्रसंग या फिर अवैध संबंध की अटकलें लगाी जा रहीं है। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि दी गई तहरीर पर छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

सीतापुर में पुजारी की हत्या का आरोपी रामदेव गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार: रामकोट थाना इलाके में होली पर हुयी मंदिर के सेवादार की हत्या मामले में पुलिस ने घटना में शामिल हत्यारोपी को गिरफ्तार कर खुलासा करने का दावा किया है। हत्यारोपी की निशानदेही पर पुलिस ने मंदिर के तीर्थ स्थित कुंड से हत्या में प्रयुक्त बांके को बरामद किया। सनसनीखेज वारदात के पीछे हत्यारोपी और मंदिर के सेवादार के बीच हुयी आपसी कहासुनी की वजह सामने आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

बताते चलें कि क्षेत्र के कस्बा स्थित रामेश्वर धाम मंदिर के सेवादार (पुजारी) संकुल मिश्रा का शव होली के दिन तड़के सुबह मंदिर परिसर में ही खून से लथपथ मिला था। सीओ सिटी अमन सिंह ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए जब इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद ली गई तो कई अहम साक्ष्य मिले। पुलिस मोबाइल नंबर की मदद से हत्यारोपी तक पहुंची और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी रामदेव बाजपेई पुत्र पुत्र बच्चू लाल निवासी कस्बा रामकोट ने अपने गुनाह कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह भी प्रत्येक दिन मंदिर की साफ -सफाई और पूजन करने मंदिर जाता था लेकिन मंदिर का सेवादार (पुजारी) उससे अभद्र भाषा का प्रयोग कर मंदिर में न आने की हिदायत दिया करता था। वारदात से एक दिन पहले ही दोनों में शराब के नशे में विवाद के दौरान ही गाली-गलौज को लेकर विवाद अधिक बढ़ गया। आरोपी ने बेइज्जती का बदला लेने की ठान ली और बांके को साथ लेकर वारदात को अंजाम दे डाला। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

उत्तर रेलवे चलाएगा अनारक्षित विशेष ट्रेनें

नई दिल्ली, अमृत विचार : उत्तर रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए अनारक्षित विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। 04074 आनंद विहार टर्मिनस-गया अनारक्षित सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस 1 अप्रैल को एक तरफ से, 04096 नई दिल्ली-पटना अनारक्षित स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन 1 अप्रैल को एक तरफ से संचालित की जाएगी। इन ट्रेनों के संचालन से यात्रियों की भीड़ कम करने में मदद मिल सकेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव पर केस

संवाददाता, प्रयागराज

धोखाधड़ी

▸▸ **फर्जी कंपनी बनाकर जमा कराते थे लोगों का पैसा**

अमृत विचार: फर्जी कंपनी बनाकर लोगों का पैसा जमा करने और पैसा वापस न के मामले में अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व विधायक के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

सोनी देवी पत्नी विनोद निवासी महेवा पश्चिम पट्टी थाना नैनी ने सोराव के पूर्व विधायक व अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव जमुना प्रसाद सरोज के खिलाफ कोर्ट में शिकायत की थी। सोनी के मुताबिक, जमुना प्रसाद ने फर्जी कंपनी में पैसा जमा कराने के नाम पर धोखा देकर 45 लाख रुपये लिए थे। अब मांगने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने देते थे। वही, विनोद पुत्र रामसजीवन निवासी 55-महेवा पश्चिम पट्टी थाना नैनी ने बताया कि जमुना प्रसाद ने फर्जी कंपनी में पैसा जमा कराने के नाम पर 5 लाख रूपये ले लिए। वापस मांगने पर धमकी दे रहे है। शनिवार को न्यायालय के आदेश पर जमुना प्रसाद पुत्र श्रीराम निवासी महेवा पश्चिम पट्टी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लाइन इंस्पेक्टर यशपाल सिंह का कहना है कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि जमुना प्रसाद को फरवरी 2022 में प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया था। उसके बाद इन्हें राष्ट्रीय महासचिव का पद दिया गया।

वर्ग पहेली-25

बाएं से दाएं

1.1. बाहर निकलना 2. उदय होना 3. अन्य की अपेक्षा आगे निकल जाना; बढ़ जाना 4. दूध आदि तरल पदार्थों का खौलकर गाढ़ा होना।

2.1. झांकने की क्रिया या भाव (ताक-झांक में प्रयुक्त होने वाला शब्द) 2. जासूसी 3. झलक, झरोखा।

5.1. ठगने में किसी दूसरे को प्रवृत्त करना 2. किसी के ठगे जाने में सहायता करना।

8.1. प्रतिकार करने वाला, आदेश का उल्लंघन करने वाला 2. नष्ट करने वाला।

10. आतंकित होकर एक साथ भागना, भगदड़।

11. ग्वाला।

ऊपर से नीचे

3. एक प्रकार का बनबिलाव।

4. दिवाकर या सूर्य के पुत्र- शनि तथा यम।

6. झूला झूलते समय झूले या हिंडोले का एक ओर से दूसरी ओर जाना।

7.1. विपत्ति या कठिन वक्त के लिए संचित करके रखा गया धन, संचित धन, रक्षित द्रव्य, जमा-पूंजी 2. धरोहर, अमानत, किसी के पास सहेजकर रखने के लिए छोड़ी की गई वस्तु।

8. कुश्ती का एक दांव।

9.1. नदी



वर्ग पहेली -24 का हल

		1 फ़		2 भं	गि	3 मा
4 ता	म	र	स			लि
		लां		5 न	चा	की
	6 पुं	ग	फ	ल		
7 फ़				सा		
क़				8 ज़	ई	फ़
9 त	स	दी	क			

10 अप्रैल से इजराइल के लिए उड़ान भरेंगे श्रमिक

मिली हरी झंडी

▸▸ **बाराबंकी से चिह्नित 344 में से 117 श्रमिकों को मिली अनुमति**

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार: इजराइल के लिए 10 अप्रैल से चिह्नित 117 श्रमिक उड़ान भरेंगे। इजराइल जाने के लिए अलग-अलग श्रेणी में चार सौ से अधिक आवेदन आए थे। श्रम विभाग ने यह सूची लखनऊ भेजी थी। इसके बाद वहां से 344 श्रमिकों को चिह्नित किया गया है।

इन सभी की मेडिकल और पुलिस वेरीफिकेशन आदि की कार्रवाई भी पूरी कर ली गई है। इनमें से 117 श्रमिकों को इजराइली सरकार की एजेंसी ने बाकायदा शासकीय पत्र भी भेज दिया है।

भारत सरकार के राष्ट्रीय कौशल विकास कॉरपोरेशन के माध्यम से रोजगार देने के लिए श्रमिकों से आवेदन मांगे गए थे। जिले के चार सौ से अधिक श्रमिकों ने आवेदन किया था। इनमें से टाइल्स, राजमिस्त्री, भवन निर्माण, फ्रेम वर्क, शटरिंग, कारपेंटर, आयरन वेल्डिंग आदि के लिए 344 श्रमिकों का चयन हो गया है। इन श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ पुलिस द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन भी कराया गया है। चयनित श्रमिकों के कार्य का परीक्षण भी लखनऊ में हो चुका है। सभी जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद 117 श्रमिकों को इजराइल सरकार की पीबा (पॉप्यूलेशन एंड इमीग्रेशन अथॉरिटी-जनसंख्या और आप्रवासन प्राधिकरण) ने इन्हें पत्र भेजकर हरी झंडी दे दी है। ये श्रमिक अनुबंध के अनुसार एक से 5 साल तक इजराइल में रहकर अपनी ग्रेड के अनुसार कार्य करेंगे। यही नहीं, इस बीच श्रमिक अवकाश लेकर अपने घर भी आ सकेंगे। इसका खर्च उन्हें खुद उठाना पड़ेगा। सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह ने बताया कि 117 श्रमिकों को पीबा ने लेटर दे दिया है। अप्रैल के दूसरे सप्ताह से इनकी रवानगी होगी।

बाराबंकी में नदी में मिला लापता युवती का शव

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के शुक्लनपुरवा में शनिवार को कल्याणी नदी में एक युवती का उतराता हुआ शव मिला। वह पिछले 11 दिनों से लापता थी। खेतों से काम कर लौट रहे सनाकापुर के किसानों की नजर शव पर पड़ी तो उन्होंने इसककी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। शव की शिनाख्त 11 दिनों से लापता शुक्लनपुरवा निवासी बालक राम रावत की 26 वर्षीया पुत्री पूनम के रूप में हुई। भाई दीपक ने बताया कि उसकी बहन मानसिक रूप से बीमार थी। वह बीती 19 मार्च को नदी के उस पार एक मंदिर में भंडारे में गई थी।

सुडोकू -104

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				6		4		2
2	7				3		9	
		5					7	
	9			5		8		1
			9		7			
3	4	6		2			5	
	8		1			6		
			3				2	5
9		7		4				

सुडोकू -103 का हल

1	3	8	4	5	7	2	9	6
4	7	6	2	9	8	5	1	3
5	2	9	3	1	6	8	4	7
9	5	4	7	3	2	6	8	1
2	8	3	1	6	5	9	7	4
6	1	7	9	8	4	3	5	2
7	6	1	8	2	9	4	3	5
8	4	2	5	7	3	1	6	9
3	9	5	6	4	1	7	2	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 21.30 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 22.57 तक तत्पश्चात मूल।

मेष — आज किसी की भी बात पर भरोसा करने के बजाय उसकी सत्यता पहले परख लें। धर्म-कर्म में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। शरीर में संक्रमण और खुजली की शिकायत हो सकती है। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

वृष — आज का दिन आनंददायी रहने वाला है। घरेलू विवाद सुलझ सकते हैं। दांपत्य जीवन में खुशहाली रहेगी। अविवाहितों के विवाह के योग बन रहे हैं। व्यापारिक लेन-देन से लाभ मिलेगा। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है।

मिथुन — आज जीवनसाथी की वजह से किसी समस्या से पार पा सकेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। चित्त शांत और गंभीरता युक्त रहेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभप्रद रहेगी। नया घर लेने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

कर्क — आज प्रेमी जन के साथ बहुत अच्छा वक्त बिताएंगे। अपनी योग्यता का भरपूर सार्थक उपयोग कर पाएंगे। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। सुबह आप किसी बात पर गुस्सा हो सकते हैं। दोपहर के बाद आपके आत्मविश्वास में शानदार वृद्धि होगी।

सिंह — आज खर्चे बहुत ज्यादा बढ़ने के कारण समस्या बढ़ेगी। परिस्थितियों का गलत आकलन कर सकते हैं। व्यापार की समस्याओं में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बहसबाजी से आपके काम बिगड़ सकते हैं।

कन्या — आज मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। करियर में उन्नति के अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में सहभागिता रहेगी। आपका आत्मबल और मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। सोशल मीडिया के माध्यम से आपकी लोकप्रियता बढ़ सकती है।

तुला — आज जीवनशैली व्यवस्थित रखें। घर पर परिजनों के साथ उत्तम समय बिताएंगे। परिश्रम का पूरा फल नहीं मिलेगा। पाचन में खराबी होने की संभावना है। व्यर्थ की समस्याओं से मन व्यथित हो सकता है। माता-पिता की दवाइयों पर धन खर्च होगा।

वृश्चिक — आज समाज में आपकी सराहना होगी। घर का माहौल सुखदायक रहेगा। कार्य पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए विशेष रूप से बेहद शुभ है। अपने काम करने के तरीके को बदलने का विचार बनाएंगे।

धनु — आज शांत होकर के अपने काम में ध्यान दें। संभव हो तो महत्वपूर्ण कार्यों को दो दिनों के लिए टाल दें। संयम और सहनशीलता का परिचय देते हुये कार्य करें। कारोबार में हानि हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से मुक्ति मिलेगी।

मकर — आज प्रभावशाली लोगों से आपके संपर्क प्रगाढ़ होंगे। परिवार में आप लोगों के बीच सेतु की तरह काम करेंगे। दोस्तों व रिश्तेदारों से प्रोत्साहन और अपेक्षित मदद मिलेगी। अपने आलोचकों की बात को गंभीरता से न लें।

कुंभ — आज कार्यक्षेत्र में आप कुछ बदलाव का विचार बना सकते हैं। पिता की सलाह से आपको लाभ होगा। खानपान में शुद्धता का ध्यान रखेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने विचारों से कई लोगों को प्रभावित करेंगे।

मीन — आज व्यर्थ विवादों को टालने का प्रयास करें। काम के बजाय योजनाओं में ज्यादा रुचि रहेगी। नए व्यापारिक सौदे हो सकते हैं। आपकी सलाह से लोगों को बहुत लाभ होगा। ललित कलाओं और मनोरंजन में काफी रुचि लेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
वीरगति — सुबह : 11.00
सपूत — रात : 07.00

&pictures
वेलकम बैक — सुबह : 11.00
रोबोट — शाम : 04.23

SONY PIX
ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 11.05
जर्नी 2 — रात : 07.24

ZEE CINEMA
फटा पोस्टर निकला हीरो — सुबह : 10.05
पिप्पा — रात : 10.40

colors CINEPLEX
द रीटर्न ऑफ रिबेल — सुबह : 10.31
ओएमजी 2 — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गुप्ता जी ने रास्ते में बैठे भिखारी से कहा-भीख मांगते हुए तुम्हें शर्म आनी चाहिए। मेरे साथ चलो, मेरे घर काम करना। मैं तुम्हें दिन के तीन सौ रुपये दूंगा।
भिखारी ने कहा- अच्छा ठीक है, तुम मेरे साथ बैठ जाओ। मैं तुम्हें दिन के पांच सौ रुपए दूंगा।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया। लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

आम चुनाव सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

प्राचीन सुमेरी सभ्यता का विवेचक क्रेमर ने लिखा है कि, "सुमेरी दार्शनिकों ने दैवीय शब्द की सृजन शक्ति का सिद्धांत बताया था। सृजनकर्ता को योजनाओं के बारे में बोलना था। इच्छानुसार शब्द बोलने से ही कामना पूरी हो जाती थी। दर्शन में आकाश का गुण शब्द बताया गया है।

आम चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। सामान्य संवाद की भाषा बदल गई है। शब्द आक्रामक हो गए हैं। संवाद की शालीनता समाप्त हो रही है। कायदे से दलतंत्र को लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम करना चाहिए। संवाद की भाषा परस्पर प्रेमपूर्ण होनी चाहिए। दल परस्पर शत्रु नहीं हैं। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था को आमजनों तक ले जाने और मजबूत करने के उपकरण हैं। लेकिन शब्द अपशब्द हो रहे हैं। वैचारिक आधार पर दलों के मध्य बहस नहीं है। प्रधानमंत्री तक को अपशब्द कहे गए हैं। भारत के आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव हैं। लेकिन अपशब्दों के प्रयोग वातावरण को उतप्त कर रहे हैं। आचार संहिता में निर्देश दिए गए हैं कि सभी दल और उम्मीदवार जाति, सम्प्रदाय, पंथिक समूह या भाषाई समूहों के मध्य अलगाववाद बढ़ाने से दूर रहेंगे। परस्पर विद्वेष और तनाव बढ़ाने वाले शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे। संहिता में राजनैतिक दलों की नीतिगत आलोचना की छूट दी गई है। आलोचना में भी संयम बरतने के निर्देश हैं। सबसे बड़ी बात है कि नेताओं और कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी की आलोचना नहीं करेंगे। आदर्श चुनाव आचार संहिता में इसी तरह के तमाम संयम की अपेक्षा की गई है। इस सब के बावजूद व्यक्तिगत आरोपों के माध्यम से वातावरण को बिगाड़ने का काम हो रहा है।

शब्द की शक्ति बहुत बड़ी है। शतपथ ब्राह्मण के ऋषि ने वाणी को विराट कहा है। बाईबल में घोषणा है कि सबसे पहले शब्द था-'इट वाज लोगोस फर्स्ट'। महर्षि व्यास ने शब्द को ब्रह्म कहा है। शब्दों के सदुपयोग से सृजन की गतिविधि चलती रही है। पतंजलि ने 'महाभाष्य' में ध्यान दिलाया है कि एक ही शब्द का स्थान के अनुसार प्रयोग भिन्न भिन्न अर्थ देता है। कबीरदास ने भी कहा है कि, ''शब्द की मार बड़ी है।" शब्द साधना स्तुतियों, काव्य और गीतों में प्रकट होती है। शब्द संयम अपरिहार्य है। ऐतरेय उपनिषद के शांति पाठ में प्रार्थना है, "हे परमात्मा मेरी वाणी मन में स्थित हों और मन वाणी में स्थित हो जाए। मेरे मन और वाणी साथ साथ काम करे। मेरे संकल्प और वचन विशुद्ध होकर एक रहे। मेरा सुना हुआ और अनुभव में आया हुआ ज्ञान मेरा त्याग न करे। मेरा ज्ञान मुझे सदा स्मरण रहे।" मन का अनुशासन जरूरी है। अनुशासित मन से सुन्दर शब्द और अर्थ निकलते हैं। मन और वाणी एक साम्य में हमारा मार्गदर्शन करें। ऋषि संकल्प करते हैं, "मैं अपनी वाणी से सदा ऐसे ही शब्दों का उच्चारण करूंगा, जो दोषरहित हो। मैं सत्य बोलूंगा-सत्यं बदिष्यामि। मेरी रक्षा करो। वक्ता की रक्षा करो। भारतीय परंपरा में शब्द अनुशासन पर अतिरिक्त जोर दिया गया है।"

सृष्टि के जन्म और विकास के अनेक सिद्धांत हैं। चार्ल्स डारविन का सिद्धांत विकासवादी कहा जाता है। स्टीफेन हाकिंग जैसे ब्रह्माण्ड विज्ञानी सृष्टि के उद्भव पर काम करते रहे हैं। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानियों का कथन है कि एक समय सृष्टि का सारा पदार्थ और ऊर्जा एक छोटे से बिंदु पर थी। इसे ब्रह्म अण्ड भी कहा जाता है। अत्यधिक दबाव के कारण ब्रह्म अण्ड फूटा। उसके कण गतिशील हुए और इस तरह सृष्टि का विकास आगे चल पड़ा। वैज्ञानिक कार्ल सागन ने इसे कॉस्मिक एग 'ब्रह्म अण्ड' कहा है। ऋग्वेद में इसे हिरण्यगर्भ कहा गया है। हिरण्य का अर्थ स्वर्ण या कोई अति चमकीली धातु है। ऋग्वेद में कहते हैं कि सबसे पहले हिरण्यगर्भ ही थे। ऐतरेय उपनिषद ऋग्वेद के आरण्यक का भाग है। उपनिषद (खण्ड 1-4) में कहा गया है, "हिरण्यगर्भ पुरुष ने स्वयं को प्रकट करने के उद्देश्य से तप किया। तप के फलस्वरूप हिरण्यगर्भ फूट गया। इससे फूटकर मुख छिद्र बना। इसी मुखछिद्र से वाणी उत्पन्न हुई।" वाणी आराध्य है। वाणी से ही विचार प्रकट होते हैं। वाद, विवाद और संवाद वाणी से ही संभव है। वाणी के ही सम्यक प्रयोग से संस्कृति का विकास हुआ। ऋग्वेद (10-125) में वाणी सम्पूर्ण प्रकृति को धारण करती है। वाणी में समूचा संसार व्याप्त है।

ऋग्वेद में वाणी का सुन्दर विवेचन है। वाणी के चार रूप बताए गए हैं। पहले रूप को 'परा' कहा है। यह मन में स्थित रहती है। दूसरी का नाम 'पश्यन्ती' बताया गया है। इस मनोदशा में वाणी प्रकट करने का विचार उठता है। तीसरी 'मध्यमा' है। इस तल पर विचार शब्द अपना रूप ग्रहण करता है। शब्द योजना बनती है। शब्दों का विवेकीकरण होता है। चौथी का नाम 'बैखरी' बताया गया है। यह प्रकट वार्ता है। लेकिन साधारण लोग पहली तीन स्थितियां कम जानते हैं। वे केवल चौथी का ही प्रयोग करते हैं। वाणी के सभी रूप पालनीय हैं।

प्राचीन सुमेरी सभ्यता का विवेचक क्रेमर ने लिखा है कि, "सुमेरी दार्शनिकों ने दैवीय शब्द की सृजन शक्ति का सिद्धांत बताया था। सृजनकर्ता को योजनाओं के बारे में बोलना था। इच्छानुसार शब्द बोलने से ही कामना पूरी हो जाती थी। दर्शन में आकाश का गुण शब्द बताया गया है। शब्द शक्ति की खोज और पहचान का आदिस्रोत भारत है, ऋग्वेद है। चीन के एक दार्शनिक लाओत्सु (ईसापूर्व 400 वर्ष लगभग) ने भी सृष्टि के विकास पर लिखा है। 'ताओ ते चिग' उनकी महत्वपूर्ण पुस्तक है। 'ताओ ते चिग' भी वाणी और शब्द का चमत्कार है। वाणी आराध्य है। छान्दोग्य उपनिषद में व्यथित नारद को सनत् कुमार ने वाणी की शक्ति का दर्शन बताया था। भारत में शब्द और वाणी का जैसा सदुपयोग हुआ है, वैसा अन्य सभ्यताओं में नहीं मिलता। वाणी के सम्यक ज्ञान और सम्यक सदुपयोग से मंत्र शक्ति का पादुर्भाव हुआ। मंत्र शब्दों के सम्यक प्रयोग से बनते हैं। मंत्रों का उच्चारण अनुशासित वाणी द्वारा ही संभव होता है। सुने गए शब्द अपनी अर्थवत्ता के कारण चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाते हैं। मंत्र के प्रभाव होते हैं या नहीं? यह विषय वैज्ञानिक और दार्शनिक विवेचन का है। लेकिन वाणी की शक्ति से इंकार नहीं किया जा सकता। मधुर वाणी से गीत काव्य प्रकट होते हैं। इसी के सम्यक उपयोग से स्तुतियां बनती हैं।

वाणी की शक्ति अपरिमित है। संस्कृति मनुष्य को उदात्त बनाती है। संस्कृत देववाणी है। इसमें संस्कृति के विकास की विराट क्षमता है। भारतीय संस्कृति में वाणी और शब्द के आश्चर्यजनक सदुपयोग मिलते हैं लेकिन राजनैतिक क्षेत्र में सामान्य वक्तव्य भी हिंसक हो जाते हैं। भारतीय सुभाषितों में कहा गया है कि सत्य बोलो-सत्यम ब्रूयात। प्रिय बोलो-प्रियं ब्रूयात। लेकिन अप्रिय सत्य मत बोलो। यहां सत्य को भी अप्रिय होने के कारण उचित नहीं कहा गया। 2024 के महासमर में सुन्दर वाणी का प्रयोग जरूरी है। लेकिन प्राचीन भारत के युद्धों में भी अश्लील और असभ्य शब्द प्रयोग नहीं मिलते। महाभारत का बड़ा हिस्सा युद्ध का है। सेनाएं आमने सामने हैं। तब दोनों पक्षों के योद्धा परस्पर शालीन वार्तालाप करते थे। भारतीय लोकतंत्र में वैदिक काल से ही सभा समितियां हैं। स्तोता देवताओं से प्रार्थना करते हैं, "मैं सभा में मधु बोलूं। मैं सभा में यशस्वी होऊं। उग्र विषय भी मधुर वाणी में बोलूं। आश्चर्य है कि जिस भारत में मधुर बोलने की प्रतिस्पर्धा थी, उसी परम्परा के उत्तराधिकारी होकर भी हम शब्द संयम तोड़ रहे हैं। वातावरण नई पीढ़ी के लिए अप्रिय हो गया है।

गलत है महापुरुषों पर जाति का ठप्पा लगाना

अभी एक चुनाव होने वाला है। विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में सभी दलों द्वारा उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया इतनी माथापच्ची के बाद क्यों पूरी हो रही है?



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

कौन कहता है, इस महान, प्राचीन देश की महान, प्राचीन संस्थाओं के संरक्षण-परिवर्धन में एक ही राजनीतिक दल दत्तचित्त है। यह तो अन्य दलों के साथ सरासर अन्याय होगा, भाई। उदाहरण के लिए जाति प्रथा को ले लीजिए। एक महान प्राचीन संस्था, जो इस देश की अनन्य विरासत है।

अभी एक चुनाव होने वाला है। विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में सभी दलों द्वारा उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया इतनी माथापच्ची के बाद क्यों पूरी हो रही है? सभी दल समान रूप से जाति नामक प्राचीन भारतीय संस्था के संरक्षण-परिरक्षण के महान दायित्व का निर्वाह करते पाए जा रहे हैं या नहीं? जिन दलों ने इंडिया नामक महागठबंधन बनाया है उनमें सीटों का बंटवारा अंत में किस बात पर आकर अटकता है?

हां, जिस दल ने समूचे हिन्दू समाज का उद्धार करने का बीड़ा उठा लिया हो, उसे इस मामले में कुछ छूट तो मिलनी ही चाहिए। उसे तो एक ही मजहब वालों को टिकट देना है। बाकी मजहबों के लिए और सारे दल हैं न? लेकिन इस हिंदू-उद्धारक दल में भी टिकट के बंटवारे में जाति की बेकदरी होती हो, ऐसा कतई नहीं। बात राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं। अगर आप कॉलेजों एवं अन्य शैक्षिक संस्थाओं के विशेषकर देहाती इलाकों में नामकरण का अध्ययन करें तो कुछ दिलचस्प तथ्य सामाने आ सकते हैं।

पता लगाएं, महामना मदनमोहन मालवीय इंटर कालेज खोलने और चलाने वाले प्रधानतः किस जाति के लोग हैं। फिर कोई महाराणा प्रताप महाविद्यालय मिलेगा, पता लगाइए, इसे खोलने-चलाने वाले मुख्यतः किस जाति के हैं? महात्मा गांधी इंटर कालेज भी मिल ही जाएंगे, पता करें इनके पीछे किस जाति के लोग हैं। बाबू राजेंद्र प्रसाद और यहां तक कि बंगाल से दूर-दराज के इलाकों में भी सुभाष चंद्र बोस डिग्री कालेज मिल सकते हैं, पता करिए, इन्हें खोलने वाले किस जाति के हैं और इनकी प्रबंध-समिति में किस जाति के लोगों का बोलबाला है। आप पाएंगे कि हमने बड़ी शाइस्तगी से अपने महापुरुषों को जातियों के हिसाब से बांट लिया है। महामना मदन मोहन मालवीय पर सिर्फ एक जाति का कब्जा हो गया है, महाराणा प्रताप पर दूसरी जाति काबिज हो गई है और महात्मा गांधी को तीसरी जाति के लिए छोड़ दिया गया है।

बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है और सुभाष चंद्र बोस रहे होंगे पक्के सेक्युलर, लेकिन हमारे जातीय बंटवारे में वे बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ एक चौथी जाति के हिस्से में आ पड़े हैं तो क्या किया जाए? एक जाति ने कब्जाया और बाकी जातियों ने चुप्पी साधकर रजामंदी दे दी, अब और क्या चाहिए? इन महापुरुषों से पूछने की क्या जरूरत कि वे देश के महापुरुष कहलाना पसंद करेंगे या अपनी-अपनी जाति के? यह महान देश है। हमने तो भगवानों/अवतारों तक को बांट लिया है तो महापुरुषों की क्या बिसात? परशुराम केवल एक जाति के भगवान होकर रह गए हैं। इधर कृष्णावतार पर भी एक नई उभरती जाति ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। देखना है, वे कब तक अन्य जातियों के भक्तों को उपलब्ध रहते हैं?

नवीन शैक्षिक सत्र: चुनौतियां और संभावनाएं

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्यालय स्तर पर बच्चों की विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है। सत्रारंभ सही समय होगा कि उन समितियों के सदस्यों को विभिन्न विद्यालयीय गतिविधियों के संचालन का दायित्व दिया जाए।

नवीन शैक्षिक सत्र पहली अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है। यह समय लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और तैयारियों का भी है। अलग-अलग चरणों में मतदान तथा उससे संबंधित क्रियाकलापों के चलते इन कार्यों में विद्यालयीय स्टाफ की संलग्नता भी रहेगी। ऐसे समय में विद्यालय संचालन तथा निर्वाचन संबंधी दायित्वों हेतु एक विशिष्ट कार्ययोजना की आवश्यकता होगी, ताकि दोनों ही दायित्वों का सम्यक निर्वहन हो सके। यह संभव हो इसके लिए जरूरी होगा कि बच्चों तथा सामुदायिक ज्ञान संदर्भों का समुचित उपयोग करते हुए कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है।

सबसे पहले बात करते हैं लोकतंत्र के महापर्व की। बच्चों को मतदान जागरूकता फैलाने, अपने घर-परिवेश में वोट का महत्व समझाने तथा सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित करने जैसी ज़िम्मेदारियां देकर भविष्य के एक प्रखर व जागरूक मतदाता के रूप में विकसित करने का यह सही अवसर होगा। आवश्यक यह होगा कि सत्रारंभ में ही इस प्रकार की सुनियोजित कार्ययोजना बना ली जाए कि इस अवधि में बच्चे निरंतरता के साथ जागरूकता तथा पठन-पाठन संबंधी क्रियाकलापों से जुड़े रहें। इसके लिए नवीन शैक्षिक सत्र में पहले दिन से ही विद्यालयों का वातावरण वेलकमिंग बनाना होगा। बच्चों को विद्यालय में आकर लगे कि इस स्थान पर उन्हें पर्याप्त अहमियत दी जाती है। सत्र के प्रारंभिक दस-पंद्रह दिन विद्यालयों में विविधता पूर्ण खेल-गतिविधियों का आयोजन कराया जाए। बच्चे अपने स्थानीय परिवेश में विभिन्न प्रकार के खेल खेलते हैं। इन खेलों में ऐसे कई कौशल होते हैं, जो पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को पूर्ण करते हैं। बच्चों के सहयोग से इन स्थानीय खेलों की सूची बनाकर दिवस वार खेल गतिविधियां निर्धारित करते हुए तथा बच्चों का सहयोग लेते हुए रोचक व रचनात्मक वातावरण का सृजन किया जाए। बच्चे विभिन्न प्रकार के कला-कौशल और स्थानीय शिल्प में निपुण होते हैं। आरंभिक दिनों में उनकी इस प्रतिभा उपयोग किया जाए। विद्यार्थी अपने विद्यालय को सजाएं-संवारें और पूरे विश्वास-उल्लास के साथ कहें कि 'मेरी भी आभा है इसमें'।

विद्यालय स्तर पर बच्चों की विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है। सत्रारंभ सही समय होगा कि उन समितियों के सदस्यों को विभिन्न विद्यालयीय गतिविधियों के संचालन का दायित्व दिया जाए। इससे बच्चों में न केवल दायित्व बोध विकसित होगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। योजना का स्वरूप इस प्रकार निर्धारित हो कि हर बच्चे को किसी न किसी जिम्मेदारी को निभाने का अवसर प्राप्त हो। दायित्वों का दिवसवार मैपिंग करते हुए विभाजन भी निर्धारित किया जा सकता है। इससे चुनावी व्यस्तता के दिनों में भी विद्यालय भलीभांति संचालित होता रहेगा।

बच्चे अपने परिवार और परिवेश से रागात्मक रूप से जुड़े होते हैं। इन सबके बीच उनके रिश्तों और भूमिकाओं का संसार होता है। इन रिश्तों और भूमिकाओं में ज्ञान-विज्ञान के असीमित क्षेत्र और संभावनाएं छिपी होती हैं। विद्यालयीय क्रियाकलापों में इस समृद्ध संसार को शामिल करना सीखने और सिखाने को सुगम व रोचक बनाता है। आवश्यक होगा कि नवीन सत्र हेतु निर्धारित की जा रही योजनाओं में बच्चों के इस ज्ञान-विज्ञान को समुचित स्पेस दिया जाए। शिक्षार्थियों का गुणात्मक उन्नयन काफी हद तक शिक्षण की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। इसी प्रकार शिक्षण की गुणवत्ता निरीक्षणकर्ता के गुणवत्ता परक कार्य, व्यवहार और पारस्परिक सहयोग पर निर्भर करती है। अतः प्रत्येक स्तर पर यह तय करना जरूरी होगा कि सभी का सहयोगात्मक प्रदर्शन सत्रांत में संस्थागत उत्कृष्टता के रूप में उभर कर आए।

विद्यालयों में वर्ष पर्यन्त शिक्षक तथा बच्चे शैक्षिक पंचांग/ वार्षिक कैलेंडर में निहित क्रियाकलापों के अलावा विभिन्न विभागीय तथा अंतरविभागीय गतिविधियों का हिस्सा बनते हैं। विभागीय स्तर पर इन गतिविधियों पर ज़रूरी फिल्टर लगाकर शिक्षण अधिगम के अवसरों को बढ़ाया जा सकता है। अनावश्यक मेले-रैलियों, फ़ोटो प्रेषण की गतिविधियों को संक्षिप्त करते हुए इनके स्थान बच्चों की गुणात्मक वृद्धि में सार्थक नतीजे देने वाले काम कराया जाना ज्यादा जरूरी होगा। निश्चित ही इससे बच्चों की जिंदगी में कई गुणवत्तापरक बदलाव प्रदर्शित होंगे। समय-समय पर विविध प्रकार की सूचनाओं के आदान-प्रदान को एक समस्या के रूप में देखा जाता है। सूचनाओं का प्रवाह कम हो इसके लिए सूचनाओं के आदान-प्रदान से जुड़ा तंत्र यह निर्धारित करे कि सूचनाएं कम से कम समय में कैसे मैनेज हों ताकि बच्चों के हिस्से का समय प्रभावित न हो। तकनीक समृद्ध समय में सूचना प्रबंधन को कहीं ज्यादा बेहतर और सुव्यवस्थित किया ही जाना चाहिए। सत्रारंभ किसी भी शिक्षार्थी के जीवन का महत्वपूर्ण क्षण होता है। जरूरी है कि शिक्षा से जुड़ा हर व्यक्ति इस बारे में गंभीरता से सोचे कि हम सब मिलकर ऐसा क्या करें कि सत्रारंभ से ही पाठशाला बच्चे के लिए आनंद शाला बन जाए। वह आनंदशाला जिसमें हर बच्चा अपनी रुचि और गति से सीखते हुए अपनी उम्र व कक्षा के अनुसार अपेक्षित ज्ञान, कौशल व दक्षताएं प्राप्त कर रहा हो तथा हम इस बदलाव के वाहक और संवाहक बनने का गर्व-गौरव और सुकून हासिल कर रहे हों।

कलकत्ता 'मिनी राजस्थान'

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

जड़ों से उखाड़कर नई जमीन में पौधे को लगाकर पुनर्जीवित करना बेहद कठिन होता है। केवल धान का पौधा ही ऐसा है, जो उखड़ने के बाद फिर रोपे जाने के बाद पनपता है, लेकिन बाकी उखड़ते ही अधमरे हो जाते हैं या मुरझाकर प्राणविहीन हो जाते हैं। केवल उनके प्राण बचते हैं जिनकी जिजीविषा-शक्ति अत्यंत प्रबल रहती है।

पूरी दुनिया के लोग भटकते हैं, कोई रोजगार-व्यापार के लिए, कोई नौकरी के लिए, कोई आसरे के लिए, कोई पढ़ने के लिए, कोई कुछ जानने के लिए, कोई घूमने के लिए तो कोई अपना मुंह छुपाने के लिए। अपने घर को छोड़कर दूसरी दुनिया में जाने का निर्णय लेने वाले या तो अपने हालात से मजबूर होते हैं या वे दुस्साहसी होते हैं। ऐसा देखा गया है कि जिसने अपना घर-परिवार छोड़ा, किसी नई जमीन में जाकर बस गया, वह एक-न-एक दिन खुद को साबित कर देता है। गर्म-रेतीले रेगिस्तान में भटकता इंसान पानी और छांव की तलाश में अनवरत चलते रहता है, क्योंकि उसके पास और कोई विकल्प नहीं रहता। इस कहानी को भारत के उस रेगिस्तानी इलाके से शुरू करते हैं जिसे राजस्थान, मारवाड़ और हरियाणा कहते हैं। अति प्राचीन काल में राजस्थान वैसा बीहड़ मरुस्थल नहीं था, जैसा आज है। वहां सरस्वती और दृषदवती जैसी बड़ी नदियां बहती थी, लेकिन ऋतु-परिवर्तन के कारण भौगोलिक परिस्थितियां बदली और वहां की हरियाली ने थार मरुभूमि का रूप धारण कर लिया। राज्य के पूर्वी भाग को छोड़कर पूरा प्रदेश पानी के लिए तरसता था। पानी नहीं था तो कृषि भी कम थी। कम पानी से होने वाली उपजें हुआ करती थी जैसे ज्वार, बाजरा, काकड़ी, मिर्च, सांगरी आदि। रोजगार नहीं थे इसलिए हरेक घर में फुर्सत का राज्य था, शतरंज की महफिलें लगती, गपशप होती, बहसबाजी होती परिणाम स्वरूप कभी-कभी लट्ठ चल जाते। बीसवीं शताब्दी की शुरुआत में अंग्रेजों ने भारत में अपने पैर पसारने शुरू कर दिए थे और कलकत्ता को उन्होंने अपना 'गेट-वे' बनाया।

जिन बड़े घरानों का नाम आज संपूर्ण भारत में उजागर है जैसे बिरला, डालमिया, मोदी, बांगड़, जालान आदि वे इसी इलाके से कलकत्ता पहुंचे लोग हैं, जो अंग्रेजों को मजदूर मुहैय्या कराने या दलाली जैसा छोटा-मोटा काम किया करते थे। इनको अपने काम की देखरेख के लिए आदमी चाहिए थे। कलकत्ता के निवासी-बंगालियों का काम उन्हें पसंद नहीं था, क्योंकि वह घड़ी देखकर काम करने वाला समुदाय था, जबकि उन्हें दिन-रात काम करने वाले लोग चाहिए थे। व्यापार का हिसाब-किताब रखने के लिए विश्वसनीय मुनीम भी चाहिए थे। इसलिए वे 'देश' के परिचित लोगों को कलकत्ता बुलाकर बसाने और उन्हें काम सिखाने लगे और धीरे-धीरे कलकत्ता 'मिनी राजस्थान' हो गया।

संतन को कहां सीकरी सो काम

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कुंभनदास साहित्य के क्षेत्र में भारत की 16-17 वीं शताब्दी अपने संत कवियों के लिए जानी जाती है। वह युग था जब भक्ति आत्म सम्मान का पर्याय थी और व्यवस्था के विरुद्ध विद्रोह के स्वर में मुखरित हुई थी। इन्हीं संत कवियों में एक कुंभनदास हुए। मथुरा के समीप जमुनावतो गांव के निवासी, जन्म से क्षत्रिय और वृत्ति से कृषक। वे कृष्ण-भक्त थे और मथुरा के गोवर्धन पर्वत स्थित श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना और गायन किया करते थे। एक बार बादशाह अकबर ने कुंभनदास का कोई भजन किसी से अपने दरबार में सुना। भजन उसे इतना अच्छा लगा कि उसे कुंभनदास को देखने और उनसे भजन सुनने की इच्छा हो आई। तब अकबर अपने फतेहपुर सीकरी के किले में रह रहा था। उसने कुंभनदास को दरबार में आने का आमंत्रण भेजा। कुंभनदास जाना नहीं चाहते थे, पर दूतों का बार-बार आग्रह देखकर वे सीकरी को चल पड़े। अकबर द्वारा भेजी गई शाही गाड़ी पर सवार होकर नहीं, बल्कि पैदल। अकबर ने उनका काफी आदर भाव किया और चलते वक्त उन्हें कोई भेंट देना चाहा, पर धन, मान, राज-सम्मान की किसी भी इच्छा से विरक्त संत ने एक ही चीज की मांग की कि उन्हें फिर कभी सीकरी न बुलाया जाए। सीकरी से लौटने के बाद कुंभनदास ने अपना प्रसिद्ध पद लिखा था। संतन को कहां सीकरी सों काम।/आवत जात पनहिया टूटी बिसरि गयो हरि नाम॥/ जाको मुख देखे दुख लागत, ताको करन परी परनाम॥ 'कुंभनदास' लाल गिरिधर बिन यह सब झूठो धाम॥/ सत्ताधारियों से चिपके रहने वाले आज के स्वार्थ-लिप्त निकृष्ट चोलाधारी संत क्या जाने की भक्ति क्या होती है?

मनुष्य की गहनतम अनुभूति है ईश्वर



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शब्द कहां हैं, जो उसे बांध सकें? शब्द की बात होती तो ब्रह्मा बेचारा नेति क्यों कहता? मनुष्य की विवशता और मनुष्य की शक्ति दोनों ने मिलकर ईश्वर को खोजा है।

आप उसे कल्पना कहते हैं, तब उसका अर्थ कुछ और हो जाता है। लोक जीवन में विद्यमान है, उसे तो कल्पना नहीं कहा जा सकता। वह तो वास्तविकता बन गया न! यह बात अलग है कि संसार में जितने सांस्कृतिक समूह हैं, उतनी ही ईश्वर की अवधारणा हैं। जिस दिन ईश्वर की परिभाषा पूरी हो जाएगी, उस दिन ईश्वर ईश्वर नहीं रह जाएगा, परिभाषा करने वाला ही ईश्वर हो जाएगा।

शब्द कहां हैं, जो उसे बांध सकें? शब्द की बात होती तो ब्रह्मा बेचारा नेति क्यों कहता? मनुष्य की विवशता और मनुष्य की शक्ति दोनों ने मिलकर ईश्वर को खोजा है। वास्तव में ईश्वर की यह खोज जीवन की खोज है, सुख की खोज है, आनंद-मंगल की खोज है, शक्ति की खोज है, सत्य की खोज है, पूर्णत्व की खोज है, अंतर्तम की खोज है, मनुष्यता की खोज है, स्वयं अपनी खोज है। ईश्वर की अवधारणा समष्टिगत भी है और व्यक्तिनिष्ठ भी होती है। हर आदमी अपनी तरह से वंदना करता है।

अपनी तरह से परिभाषा करता है, ईश्वर मेरा है, ऐसी भावना भी करता है। जरूरी नहीं कि वह किसी किताब की परिभाषा को लेकर चले। ईश्वर मनुष्य की गहनतम अनुभूति है। वेद ईश्वर की वाणी इसलिए है कि लोक ने उसे प्रतिष्ठित किया है। बाइबिल, कुरान, त्रिपिटक, अवेस्ता, गुरुग्रंथ साहब अपने-अपने लोक समुदाय के द्वारा प्रतिष्ठित ईश्वर-वाणी हैं। ईश्वर की अवधारणा को लेकर बुद्धिजीवी की बहस हम फेसबुक पर नित्य ही देखते हैं, पर मुश्किल यह है कि वे अपने को लोक से भिन्न और ऊंचा मान लेते हैं और सामान्यजन को मूर्ख! वैज्ञानिक समाजवाद कहें या जनवाद कह लें, यदि उस पुस्तक में यह लिखा है कि निर्बल के साथ रहो सहो, उसके दुख को अपना दुख मानो, उसके पक्ष में खड़े हो जाओ, उसको इतनी ताकत दो कि वह न्याय पा सके तब तो ठीक है और यदि आप अपने अहंकार में धर्म, ईश्वर और आस्था को ही अपना निशाना बना रहे हैं तो स्पष्ट है कि आपके पास लोकजीवन को देने के लिए कुछ भी नहीं है। निश्चित ही धर्माडंबर, चमत्कारवाद, जड़ता और भेड़चाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। महात्मा गांधी और भारत की विस्तृत संत परंपरा ने इनका निषेध भी किया था, परंतु आप अपनी सनक में उस गरीब का भरोसा या तिनके का सहारा भी छीन लेना चाहते हैं। ईश्वर की कोई भी परिभाषा अंतिम नहीं हो सकती। सात समुद की मसि करूं, लेखनि सब बन-राय। /सब धरती कागद करूं, तव गुन लिखा न जाए। (कबीर) सात-समुद्र में स्याही घोलूं/ सारी महावृक्षों की कलम बनाऊं।/सारी धरती पर तेरे गुणों का बखान करूं/तो भी तेरे गुणों को नहीं लिखा जा सकेगा। असित गिरि समं स्यात्कज्जलं सिंधुपात्रे, सुरतरुवर-शाखा लेखनी पत्रमुर्वी/ लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालं तदपि तव गुणानामीश पारं न याति। वेदशास्त्र उसे जान चुके होते तो भला नेति क्यों कहते? वह कहने की बात होती तो ब्रह्मा कब का कह चुका होता।

अवाङ्गनसगोचर या गिराज्ञानगोऽतीत क्यों कहा जाता? अव्यक्त क्यों कहा जाता? वह भाव-रूप न होता तो तुलसी या दूसरे मनीषी उसे भावगम्य क्यों कहते? भाव ही साधन है और भाव ही साध्य है। जीवन में भाव की कितनी सशक्त भूमिका होती है? आप उसे मनुष्य का विश्वास कहें या कुछ और मनुष्य अपने साथ ईश्वर की अवधारणा को अपने साथ लेकर चलता है। जीवन में कितनी बार याद कर लेता है? सुख-दुख, भय-संकट, रोग-शोक, जय-पराजय, आंधी-तूफान, पीड़ा-संताप, जन्ममरण कितने संदर्भ हैं।

नर हो, न निराश करो मन को

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

धर्मस्थलों में नियमित जाकर प्रार्थना या गुहार लगाने से भौतिक वस्तुओं की यदि प्राप्ति होती रहती तो फिर उद्यम या मेहनत करने की जरूरत नहीं करनी पड़ती जिसने भी इस तरह के उपायों को अपनाया,उन्हें अंत में निराशा ही होती है। ऐसे लोग प्रार्थना और दुआ की महत्ता नहीं जानते, क्योंकि प्रायः इस तरह की बातें धर्माधिकारियों द्वारा दी जाती है कि धर्मस्थलों पर प्रार्थना और मन्नत मानने एवं चढ़ावा चढ़ाने से मन की मुरादें पूरी हो जाएंगी। धर्मस्थलों में जाना कोई गलत बात तो नहीं, लेकिन वहां जाने और मत्था टेकने से रुपए-पैसे मिलने लगेंगे, यह मान लेना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

धार्मिक स्थलों पर जाने का उद्देश्य तो अच्छे संस्कार एवं आचरण अपनाने के लिए हो तो बेहतर है। धर्मस्थलों में जब कभी प्रसाद के रूप में कुछ भी मिलता है तब उसे बड़ी आस्था से लेकर घर वापसी होती है और घर-परिवार के सदस्यों में उसे बांटा भी जाता है, लेकिन यदि किसी उपदेशक, पुजारी या मौलवी आदि ने अच्छे संस्कारों को अपनाने की सलाह दी तो उसे वहीं छोड़ दिया जाता है। उपदेशक समूह में यदि संदेश या खुतबा देता है,'सदैव सत्य बोलो, असत्य बोलने से ईष्टदेव नाराज होते हैं, अनीतिपूर्वक काम न करो' तो उपस्थित लोगों में अधिकांश को महसूस यही होता है कि यह उपदेश मेरे लिए नहीं, बल्कि अन्य लोगों के लिए है। अधिकांश को अपना अनीतिपूर्ण कार्य जायज और जरूरी भी लगता है।

ऐसी ही एक बोध कथा है, 'एक अंधा व्यक्ति मस्जिद के बाहर खड़ा होकर गुहार लगा रहा था,'परवरदीगार मेरी आंखों की रोशनी गायब हो गई है, उसे लौटा दो।' उस रास्ते से एक बादशाह गुजरा और बोला, 'कब से यहां खड़े होकर गुहार लगा रहे हो?' वह अंधा व्यक्ति बोल पड़ा, 'तकरीबन 10 साल से।' बादशाह बोला, 'जा रहा हूं किसी काम से, एक सप्ताह में लौटूंगा, यदि तब तक तुम्हारी आंख की रोशनी नहीं लौटी तो तलवार से तुम्हारी गर्दन काट दूंगा। मेरे राज्य का हर आदमी इसी तरह अपना समय बर्बाद करेगा तो राज्य की स्थिति खराब हो जाएगी। 'अंधा व्यक्ति घबरा गया। जब आंख की रोशनी नहीं जिंदगी पर आफत आ गई तब घबराया हुआ वह चिकित्सक के पास गया और सारी बात बताकर जल्द रोशनी लौटा देने की डॉक्टर से कहा। उसने यह भी कहा कि चाहे जितना पैसा लगे, वह देने के लिए तैयार है। डॉक्टर ने इलाज किया और एक सप्ताह में आंखों की रोशनी लौट आई। जब बादशाह लौटा तो बोल पड़ा, 'जहांपनाह, रोशनी लौट आई है।' बादशाह बोला,'फिर दस साल से यहां आकर नाटक कर रहे थे? खुदा को छोटे-छोटे कामों में उलझा रहे थे?' इसलिए धर्म-पथ पर चलते हुए अच्छे विचार तथा संस्कार की प्रार्थना या दुआ ही करनी चाहिए।

अत्यंत आस्था के ग्रंथ रामचरितमानस का पाठ करते समय प्रायः 'दीनदयाल विरद संभारी, हरहु नाथ मम संकट भारी' चौपाई पढ़ी जाती है। इस चौपाई पर गौर किया जाए तो यहां संकट रुपए, पैसे, गाड़ी-बंगला, नौकरी का नहीं, बल्कि मानसिक विकारों से ग्रस्त मन में जो संकट है,उससे मुक्ति की प्रार्थना समझ कर करनी चाहिए, क्योंकि जीवन में लोभ, लालच, क्रोध, हीनता की भावनाएं प्रवेश करती रहती हैं। इस तरह की भावनाओं से मन द्विविधाग्रस्त होता है। आत्मबल कमजोर होता है,जबकि आत्मबल ही ईश्वरीय शक्ति है। मशहूर कवि मैथिलीशरण गुप्त की कविता पंक्ति 'नर हो, न निराश करो मन को' से यही ध्वनित होता है कि जिसका आत्मबल सशक्त होता है,वह नर ही नहीं,बल्कि खुद नारायण हो जाता है। नारायण का अर्थ ही नर का आयण यानी आश्रम। मजबूत आत्मबल नारायण स्वरूप प्रदान करता है। वहीं नारायण आकर विराजते हैं। ऐसी स्थिति में कोई कार्य असंभव भी नहीं लगता और नकारात्मक कार्य की ओर मन नहीं जाता। धार्मिक ग्रंथों में कही गई बातों का मर्म समझने की जरूरत है। मर्म समझे बिना धर्मपथ पर चलना निरुद्देश्य भटकना ही साबित होता है।

बुलंदशहर : निर्माणाधीन पुल के तीन स्लैब गिरे, जांच समिति गठित

बुलंदशहर, एजेंसी

जिले के नरसेना क्षेत्र के गजरौला गांव में गंगा नदी पर एक निर्माणाधीन पुल के तीन स्लैब गिर गए। इसमें किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी ने मामले में जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति बना दी है। इस बीच, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने मामले को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर चुनावी चंदा लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा लोगों के जीवन से खेल रही है। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने शनिवार को बताया कि गजरौला गांव में गंगा नदी पर अमरोहा को जोड़ने वाला पुल बन रहा है, जिसमें शुक्रवार रात तीन स्लैब डाले गए थे जो क्षतिग्रस्त होकर गिर गए। कोई जनहानि नहीं हुई है

गंगा नदी पर निर्माणाधीन पुल की स्लैब गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई।

नैनीताल की संजू रजवार के पास जर्मनी, जापान और दुबई से आती है डिमांड, ऑनलाइन भी मंगवाते हैं लोग

बुरांश के फूल से तैयार नमक का विदेशों में जलवा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीताल में महिलायें उत्तराखंड के राज्य वृक्ष बुरांश से नमक तैयार कर रहीं हैं। जिसका स्वाद विदेशों तक तेजी से फैल रहा है। नमक बना रही संजू रजवार बताती हैं कि उन्होंने अपने घर में प्रयोग के तौर पर बुरांश के फूल से नमक बनाया, जो बेहद स्वादिष्ट बना।

जिसके बाद उन्होंने महिला समूह की सदस्यों के साथ बुरांश के नमक की विधि को साझा किया। उन्होंने शहर के आसपास के क्षेत्रों से बुरांश के फूल एकत्र कराकर नमक बनाया। जिसको समूह की महिलाओं ने शहर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में बेचा।

नमक को स्थानीय लोगों के साथ-साथ नैनीताल आने वाले पर्यटकों ने खूब पसंद किया। अब देश के विभिन्न शहरों दिल्ली, गुजरात, नोएडा, पंजाब, राजस्थान से लोग ऑनलाइन नमक मंगवा रहे हैं। इसके अलावा उनके नमक की डिमांड जर्मनी, जापान, दुबई समेत कई देशों से आ रही है। संजू बताती हैं कि पहाड़ी इलाकों में उगने वाले बुरांश के फूल में कई औषधीय गुण होते हैं, जो ब्लड प्रेशर, शुगर, दिल की बीमारी के लिए लाभदायक होता है।

महिलाओं को मिल रहा है रोजगार

नैनीताल : संजू रजवार बताती हैं कि उनके द्वारा बुरांश के फूलों को सुदूर ग्रामीण इलाकों की महिलाओं से खरीदा जाता है। जिससे ग्रामीण महिलाओं की भी आमदनी होती है। इसके साथ ही उनके समूह से कुल 8 महिलाएं जुड़ी हैं, जो बुरांश का नमक तैयार करती हैं और उनकी पैकिंग कर उन्हें बेचती हैं। इससे महिलाओं को भी रोजगार मिल रहा है।

इस बार समय से पहले खिले फूल

हल्द्वानी : राज्य वृक्ष बुरांश का फूल समय से पहले खिलने लगा है। बुरांश का फूल आमतौर पर 15 मार्च से 30 अप्रैल के बीच खिलता है, लेकिन अब यह दिसंबर-जनवरी माह में ही खिलने लगा है। रामपुर रोड स्थित वन अनुसंधान केंद्र के रेंज अधिकारी मदन सिंह बिष्ट ने बताया है कि जलवायु परिवर्तन व तापमान में बढ़ोतरी होने से बुरांश का फूल दिसंबर के अंतिम सप्ताह में ही दिखने लगा है। उन्होंने बताया कि फरवरी के अंतिम सप्ताह में अमूमन तापमान 15 डिग्री के करीब होने से बुरांश का फूल खिलना शुरू होता है। वनस्पति विज्ञानी प्रो. ललित तिवारी ने बताया कि फूल खिलने के लिए अनुकूल वातावरण समय से पहले मिल रहा है, जिससे उसके बीज भी पहले बन रहे हैं, लेकिन बारिश बाद के महीने में होती है तो उसका रिजनरेशन नहीं हो पा रहा है। फ्रूटेज फ्रूट प्रोसेसिंग उद्योग के स्वामी संजीव भगत ने बताया कि गर्मी में बुरांश के उत्पादन में कमी आने व उस समय जूस की मांग बढ़ने से कारोबार प्रभावित होता है।

फिर बनने जा रही भाजपा की सरकार : धामी

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : शनिवार को निर्धारित कार्यक्रम के तहत 2 घंटा विलंब से पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रोड शो कर जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि आगामी केंद्र की सरकार भाजपा की बननी तय है। कहा कि दूसरी ओर विपक्षी कांग्रेस को उम्मीदवार भी नहीं मिल रहे हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश हित व जनहित में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारा है, जिसके चलते उनका तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी नगर के विजय चौक से रोडवेज स्टेशन, सदर बाजार, गांधी चौक आदि स्थानों से सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रोड शो करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां उनका फूल मालाओं व जयकारों से कार्यकर्ताओं में स्वागत किया। क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने कहा कि जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश हित के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं, वहीं प्रदेश के मुखिया धामी कड़ी मेहनत कर चौमुखी विकास को निरंतर प्रगति दे रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आगामी केंद्र की सरकार भाजपा की बननी तय है। तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनकर देश की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि सांसद अजय टम्टा को भारी बहुमत से विजयी बनाकर भेजें। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 10 वर्षों का कार्यकाल केवल गरीब जनता, माता, बहनों, युवाओं व किसानों के हित में रहा है, जिसके चलते वर्तमान में 25 करोड़ गरीब परिवारों को उभारने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कहा कि आगामी 19 अप्रैल को चुनाव चिन्ह कमल के फूल पर मोहर लगाकर सफल बनाएं। मंच पर विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल, जिला अध्यक्ष लीला बिष्ट, राज्य मंत्री कैलाश पंत, रवि मोहन अग्रवाल, दीप भगत, विमला रावत, आशु भगत, विमल भटट, मनीष चौधरी आदि मौजूद रहे। इस दौरान कई कांग्रेसियों ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की।

रानीखेत में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ रोड शो करते सीएम पुष्कर सिंह धामी।

▸▸ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रानीखेत में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ किया रोड शो

बाबा तरसेम की अस्थियां वाउली साहिब में विसर्जित

नानकमत्ता, अमृत विचार: गुरुद्वारा श्री नानकमता के डेरा कार सेवा के जत्थेदार स्वर्गीय बाबा तरसेम सिंह की अस्थियां शनिवार को पवित्र अरदास के साथ पवित्र वाऊली साहिब लोगों की नमः आंखों से विसर्जित की गईं। नानकमत्ता डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की 28 को मोटर साइकिल सवार दो हत्यारों ने कार सेवा परिसर में घुसकर गोली मार कर हत्या कर दी थी। बाद में उनका पार्थिव शरीर डेरा कर सेवा परिषद में लाया गया जहां लोगों ने उनके अंतिम दर्शन किए। बाबा का शुक्रवार को दूध वाला कुआं परिसर में अन्तिम संस्कार किया गया था।

कांग्रेस नेता राजबब्बर को मिली बड़ी राहत

विधि संवाददाता, लखनऊ



▸▸ हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने दोषसिद्धि के आदेश को किया निलम्बित

अमृत विचार : हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने मतदान अधिकारी से मारपीट के वर्ष 1996 के एक मामले में दोषी करार दिए गए कांग्रेस नेता राज बब्बर को बड़ी राहत देते हुए, दोषसिद्धि के आदेश को निलंबित कर दिया है। न्यायालय ने इस मामले में राज्य सरकार को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का भी आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 1 मई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान की एकल पीठ ने राज बब्बर की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर पारित किया है। राज बब्बर की ओर से उनके अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि 7 जुलाई 2022 को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने राज बब्बर को दोषी करार देते हुए दो साल कारावास की सजा सुनाई थी।

मजिस्ट्रेट कोर्ट के उक्त आदेश के विरुद्ध राज बब्बर ने अपील दाखिल की। सत्र अदालत ने अपील को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए, राज बब्बर को जमानत तो दे दी परंतु दोषसिद्धि के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। दलील दी गई की विचरण अदालत ने अपने निर्णय में महत्वपूर्ण गवाहों के बयानों पर ठीक से गौर नहीं किया है। प्रार्थना पत्र का राज्य सरकार की ओर से विरोध किया गया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पारित अपने आदेश में न्यायालय ने कहा है कि याची पांच बार सांसद रह चुका है, वहीं चुनाव आयोग ने आम चुनावों की घोषणा कर दी है। न्यायालय ने कहा इन परिस्थितियों को देखते हुए इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि याची के लिए वर्तमान प्रार्थना पत्र दाखिल करना अति आवश्यक था।

यह है मामला

मामले की रिपोर्ट 2 मई 1996 को मतदान अधिकारी श्रीकृष्ण सिंह राणा द्वारा थाना वजीरगंज में राज बब्बर व अरविन्द सिंह यादव के अलावा अज्ञात लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई गई थी। कहा गया था कि मतदान केंद्र संख्या 192/103 के बूथ संख्या 192 पर जब मतदाताओं का आना बंद हो गया तब वादी मतदान केंद्र से बाहर निकलकर खाना खाने जा रहा था। इसी बीच सपा प्रत्याशी राज बब्बर अपने साथियों को लेकर मतदान केंद्र में आए व फर्जी मतदान का झूठा आरोप लगाने लगे। आरोप है कि राज बब्बर व उनके साथियों ने वादी व शिव कुमार सिंह को मारापीटा। इसी बीच मतदान केंद्र के बूथ संख्या 191 में नियुक्त मतदान अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव के अलावा वीके शुक्ला तथा पुलिस वालों ने उन्हें बचाया। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद विवेचना की और राज बब्बर व अरविंद यादव के खिलाफ साक्ष्य पाते हुए 23 सितम्बर 1996 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की। चार्जशीट पर संज्ञान लेकर कोर्ट ने आरोपियों को तलब किया। 7 मार्च 2020 को राज बब्बर के खिलाफ आरोप तय किये गए। 7 जुलाई 2022 को राज बब्बर को इस मामले में दोषी करार दिया गया।

नई दिल्ली में मुलाकात के दौरान एक-दूसरे से गले मिलतीं कल्पना सोरेन व सुनीता केजरीवाल

हेमंत सोरेन की पत्नी ने सुनीता केजरीवाल से की मुलाकात

नयी दिल्ली : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से शनिवार को यहां मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने मिलकर अपनी लड़ाई आगे जारी रखने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने बताया कि कल्पना सोरेन ने 6 फ्लैगस्टाफ रोड स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास पर जाकर सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात करीब 15 से 20 मिनट तक चली। कल्पना ने मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि मैं यहां सुनीता जी का दुख-दर्द बांटने आई हूं। उन्होंने अपनी व्यथा सुनाई। हम दोनों ने संकल्प लिया है कि इस लड़ाई को बहुत दूर तक ले जाना है। पूरा झारखंड अरविंद केजरीवाल के साथ खड़ा है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वेतन कटौती संबंधी मामले पर सुनाया महत्वपूर्ण फैसला

जांच के अभाव में बरी होने पर कर्मचारी वेतन का हकदार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वेतन कटौती से संबंधित एक मामले में माना कि हिरासत की अवधि के दौरान निलंबित किए गए किसी कर्मचारी को किसी भी अनुशासनात्मक जांच के अभाव में बरी होने पर वेतन से वंचित नहीं किया जा सकता है।

अगर कर्मचारी को उसकी हिरासत के कारण साधारण रूप से निलंबित किया गया है और निलंबन के दौरान उसके खिलाफ कोई विभागीय अनुशासनात्मक जांच नहीं की गई है, तो उसे यह सिद्ध करने के लिए कोई प्रमाण पत्र देने की आवश्यकता नहीं है कि वह इस अवधि के दौरान किसी लाभकारी पद पर कार्यरत था। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अजीत कुमार की पीठ ने अनिल कुमार सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए विपक्षी को याची की हिरासत अवधि के दौरान बकाया वेतन का भुगतान करने का निर्देश दिया। याची गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, फतेहपुर में रूटीन ग्रेड क्लर्क के रूप में नियुक्त था। विभाग के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची द्वारा कर्तव्य का निर्वहन न करने के लिए विभाग को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, क्योंकि वह हिरासत में था।

याची हिरासत में था, इसलिए उसे निलंबित किया गया चूंकि याची को बरी नहीं किया गया, इसलिए वह निलंबन अवधि के दौरान वेतन पाने का हकदार नहीं था। हालांकि याची के अधिवक्ता ने उक्त तर्क का खंडन करते हुए कहा कि याची के खिलाफ कोई विभागीय जांच नहीं की गई थी। उसे केवल हिरासत के आधार पर निलंबित कर दिया गया और निलंबन आदेश रद होने पर याची निलंबन अवधि का वेतन पाने का हकदार है। याची रूटीन ग्रेड क्लर्क के रूप में एक आपराधिक मामले में आरोपी बनाया गया। 9 अगस्त 2009 से 1 अगस्त 2010 तक वह जेल में रहा। उसके बाद वर्ष 2016 तक वह हिरासत में रहा। हिरासत की अवधि के दौरान याची को निलंबित कर दिया गया और आपराधिक मामले में बरी होने के बाद उसे बहाल कर दिया गया।

▸▸ याची अनिल कुमार सिंह की याचिका पर दिया आदेश

सचिन ने पत्नी संग किए हाथी हिरन और मगरमच्छ के दीदार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : भारत रत्न व पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने दूसरे दिन भी कॉर्बेट में जंगल सफारी का लुत्फ उठाया। शनिवार की सुबह हल्की बूंदा-बांदी के बीच सचिन व उनके मित्र जंगल की मिट्टी की भीनी-भीनी सुगन्ध का आनंद लेते नजर आए। भ्रमण के दौरान उनकी पत्नी भी साथ रहीं। सचिन ने कॉर्बेट के निदेशक से पार्क के अंदर विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों के विषय में जानकारी भी जुटाई। दोपहर बाद वह ताज रिजॉर्ट में लौट गए।

बता दें कि सचिन तेंदुलकर गुरुवार शाम रामनगर स्थित ताज रिजॉर्ट पहुंचे थे। शुक्रवार को उन्होंने कॉर्बेट पार्क के ढिकाला जोन में जंगल सफारी के दौरान बाघ देखा। शनिवार सुबह सचिन अपनी पत्नी और पारिवारिक मित्रों के साथ जंगल सफारी के लिए निकले। दूसरे दिन सचिन को बाघ तो नहीं दिखा, लेकिन चौड़ में हिरन, हाथियों के झुंड, रामगंगा नदी में गैरल विश्राम गृह के समीप और मगरमच्छ देखकर वह रोमांचित हो उठे। सफारी में सचिन के साथ रहे सीटीआर के निदेशक डॉ. धीरज पांडे ने बताया कि सचिन दो दिन की सफारी में कॉर्बेट के वन्यजीवन और प्रबंधन को लेकर खासे उत्सुक दिखे। उन्होंने निदेशक के साथ दूसरे टाइगर रिजर्व की स्थितियों, कार्यों और मानव-वन्यजीव संघर्षों को लेकर जन सहभागिता पर भी चर्चा की। कॉर्बेट से विदाई के दौरान निदेशक डॉ. धीरज पांडे ने सचिन को स्मृति चिह्न भेंट किया।

सचिन तेंदुलकर को स्मृति चिन्ह भेंट करते सीटीआर के निदेशक डॉ. धीरज पांडे।

कई दशकों बाद देवीधुरा गांव में पहुंचा पानी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : कई दशकों से पानी की समस्या से जूझ रहे देवीधुरा गांव में जल जीवन मिशन के तहत पानी पहुंच गया है। घर-घर पानी पहुंचने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

नैनीताल से 13 किलोमीटर देवीधूरा गांव में कई दशकों से लोग पीने के पानी की समस्या झेल रहे थे। जिसको देखते हुए सितंबर 2021 में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य व पूर्व विधायक संजीव आर्य ने ऐपाल देवता इंटर कॉलेज में 189.38 लाख की लागत से देवीधुरा कुण पेयजल पंपिंग योजना का शिलान्यास किया था। जल निगम की ओर से क्षेत्र में लाइन बिछाने व टैंक बनाने के बाद अब पेयजल लाइन में पानी चलाकर घर-घर पानी दिया जा रहा है। इससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है। अब उन्हें पानी के लिए परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

जल निगम के अपर सहायक अभियंता विवेक भट्ट ने बताया कि गांव की लाइनों में पानी चलाकर लाइनों की जांच की जा रही है। जल्द ही देवीधुरा के साथ कूण गांव में भी पानी पहुंचा दिया जाएगा।

▸▸ घर-घर पानी पहुंचने से ग्रामीणों में दौड़ी खुशी की लहर

पहाड़ों पर बदला मौसम ओलावृष्टि व बर्फबारी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार की सुबह से पर्वतीय इलाकों में मौसम का मिजाज बदल गया है। शनिवार को सीमांत जिले पिथौरागढ़ के मुनस्यारी के ऊंचाई वाले इलाकों में जहां जमकर बर्फबारी हुई। वहीं अल्मोड़ा जिले में तेज अंधड़ के साथ कई इलाकों में जमकर ओलावृष्टि हुई। मौसम के बदले मिजाज के कारण कई स्थानों पर चीड़ के बड़े बड़े पेड़ मुख्य मार्गों पर आ गिरे। जिससे कई स्थानों पर आवाजाही भी प्रभावित रही।

मौसम विभाग की चेतावनी के बाद शुक्रवार की शाम से ही आसमान में बादलों ने डेरा डालना शुरू कर दिया था। शुक्रवार की रात पहाड़ी जिलों में तेज हवाएं चलती रही। शनिवार की सुबह पिथौरागढ़, अल्मोड़ा समेत अन्य पर्वतीय जिलों में भी मौसम घनघोर हो गया। आसमान काले बादलों से ढक गया और तेज गर्जन और बिजली चमकने के साथ ही बारिश शुरू हो गई। सीमांत जिले पिथौरागढ़ के मुनस्यारी से लगे उच्च हिमालयी क्षेत्र मिलम, पंचाचूली, रालम, लापसा, मर्तोली, छिपला केदार समेत अनेक इलाकों में इस दौरान बर्फबारी हुई। जिससे इन क्षेत्रों में अचानक तापमान लुढ़क गया। शनिवार को बर्फबारी के बाद मुनस्यारी अधिकतम तापमान तेरह और न्यूनतम तापमान पांच डिग्री तक गिर गया। जिससे सीमांत में ठंढ बढ़ गई।

▸▸ सीमांत मुनस्यारी के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में लुढ़का तापमान

▸▸ अल्मोड़ा जिले में अंधड़ से गिरे पेड़, आवाजाही रही बाधित

फसलों को पहुंचा नुकसान

अल्मोड़ा : शनिवार की सुबह जिले के अनेक स्थानों पर हुई ओलावृष्टि से किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई हुई है। अंधड़ के साथ हुई तेज ओलावृष्टि के कारण गेहूं, सरसों, मटर समेत अनेक खड़ी फसलों के साथ मिर्च की फसल को भी खासा नुकसान पहुंचाया है। काश्तकारों ने बताया कि ओलावृष्टि के कारण खड़ी और अंकुरित हो रही फसलों को नुकसान तो पहुंचा ही है। आड़ू, खुमानी समेत अनेक अन्य फलों के पेड़ों पर लगे फूल भी नष्ट हो गए है। किसानों का कहना है कि ओलावृष्टि का विपरीत असर इस बार किसानों के उत्पादन पर पड़ेगा।

राष्ट्रपति से परिवार ने मांगी इच्छा मृत्यु

बदायूं, अमृत विचार : तीन दबंग भाइयों से परेशान एक परिवार ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की मांग की। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव आमगांव निवासी अजयपाल सिंह के बेटे राजीव राठौर ने बताया कि उनके गांव में तीन भाई हेकड़ और दबंग किस्म के हैं। आए दिन विवाद करते रहते हैं। कुछ दिन पहले उनके ट्यूबवेल से चल रहे पानी की गूल कट गई। पानी पड़ोस के खेत में चला गया। इस पर आरोपी गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। 21 मार्च की दोपहर वह खेत पर जा रहे थे। रास्ते में तीनों भाइयों ने घेर लिया। गाली-गलौज कर मारपीट की। विरोध करने पर सोने की चेन और 15 हजार रुपये छीन लिए। कोतवाली में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। 23 मार्च को मुख्यमंत्री और अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा। फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी। उन्होंने राष्ट्रपति को पत्र भेज इच्छा मृत्यु की मांग की है।

विडंबना सूखी नदी पर पुल नहीं बनने व सड़क मार्ग कच्चा होने से ग्रामीणों को बरसात में होती हैं दिक्कतें, अधिकारी कई बार आये और आश्वासन देकर चले गये

सांसद अजय भट्ट के गोद लिये गांव में सड़क न होने से कुंवारे रह रहे युवक

ललित पांडे, हल्द्वानी

अमृत विचार : नैनीताल के निवर्तमान सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट के गोद लिए गांव विजयपुर देवला मल्ला, गौलापार में करीब दो किमी सड़क नहीं बन पाने से गांव के युवकों की शादी तक नहीं हो पा रही है। ग्रामीण अब सड़क बनने की उम्मीद तक छोड़ चुके हैं। सड़क निर्माण के लिए कई बार अधिकारी आए, सर्वे किए और आश्वासन देकर चले गए, लेकिन आज तक सड़क नहीं बन पाई।

जानकी देवी ने बताया कि जब सांसद अजय भट्ट ने गांव को गोद लिया तो काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बीते 5 साल सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री रहने के बावजूद वह कभी गांव तक में नहीं आए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग में सूखी नाम की नदी बहती है, बरसात के दिनों में इसका जलस्तर काफी बढ़ जाता है, जिससे कई-कई दिनों तक गांव का जनसंपर्क पूरी तरह कट जाता है। उस दौरान बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और लोगों के काम धंधे बंद हो जाते हैं। अनीता बृजवासी ने बताया कि पुल व सड़क न होने से गांव के दर्जनों लड़कों की शादियां नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने बताया कि लड़की वाले लड़का देखने के लिए गांव में आते हैं, लेकिन गांव के हालात देखकर वह मना कर देते हैं। उन्होंने कहा कि कई लड़कों की उम्र 40 साल के पार हो गई है, लेकिन लड़की न मिल पाने से वह अब तक कुंवारे हैं। लड़कियों की शादी के लिए भी हल्द्वानी में बैंक्वट हॉल किराए पर लेना पड़ता है। विजयपुर, गौलापार में करीब 90 परिवार रहते हैं, जिसमें लगभग 500 मतदाता हैं, लेकिन इसके बाद भी इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

गौलापार स्थित विजयपुर गांव को सूखी नदी से होकर गुजरने वाला रास्ता।

7 किमी दूर हल्द्वानी, फिर भी रह रहे किराए पर

हल्द्वानी : हल्द्वानी से विजयपुर गांव की दूरी महज 7 किमी है। गांव में एक प्राइमरी पाठशाला है, लेकिन उससे आगे की पढ़ाई करने के लिए बच्चों को कई किमी. की दूरी तय करके नवाड़खेड़ा या कुंवरपुर जाना पड़ता है। कुछ सक्षम लोगों ने अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए हल्द्वानी में कमरा किराए पर ले रखा है। लोगों ने बताया कि गंभीर रूप से बीमार होने या नदी का बहाव तेज होने पर उन्हें हल्द्वानी में अपने रिश्तेदारों के यहां रुकना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क खराब होने से लोगों को घर निर्माण आदि का सामान लाने में भी खासी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। उन्होंने कहा कि महज दो किमी दूर गांव खेड़े से गांव तक सामान लाने के लिए गाड़ी वाले 700 रुपये चक्कर मांगते हैं।

बोले ग्रामीण

"पिछले 80 साल से सड़क का इंतजार कर रहा हूं, कई जगह दौड़-भाग कर ली, लेकिन अब हार मान गए हैं। यह गांव आजादी से पहले बसा है।
-**शंभू दत्त बृजवासी**, ग्रामीण

"चुनाव आता है तो गांव गोद लेते हैं, फिर भूल जाते हैं। सांसद एक बार भी अपने गोद लिए गांव को देखने तक नहीं आए। विधायक भी आश्वासन दे गए।
-**भावना सम्मल**, ग्रामीण

"बहुत सारे गांव ऐसे हैं, जिनके कार्य पाइप लाइन में हैं। इन गांवों और सड़कों के सर्वे हो चुके हैं और ये सरकार के विचाराधीन हैं, धीरे-धीरे परिणाम दिखाई देंगे।
- **अजय भट्ट**, निवर्तमान सांसद

कमाल का चुनाव

- चुनाव आयोग ने फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, यूट्यूब, इन्स्टाग्राम, स्नेपचैट आदि जैसी वेबसाइट्स को सोशल मीडिया की संज्ञा दी है।राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री चुनाव आचार संहिता के दायरे में है।चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये सोशल मीडिया पर नियंत्रण की ज़रूरत है। चुनाव आयोग के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले शपथपत्र में अपनी ई-मेल आइडी और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होगी। चुनाव आयोग ने फेसबुक-गूगल जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से भी चुनाव को देखते हुए कंटेंट की निगरानी करने का आश्वासन लिया है। नए नियम के अनुसार किसी भी इंटरनेट आधारित माध्यम पर राजनीतिक विज्ञापन देने से पहले चुनाव आयोग द्वारा तय अधिकारी से मंजूरी लेनी होगी। ज़िला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई गई हैं।

जब मात्र 249 वोट से जीत दर्ज कर श्रीपति मिश्र बन गए थे सांसद

करीबी मुकाबले में कांग्रेस प्रत्याशी डा. कैलाश नाथ सिंह ने इस हार के बाद ले लिया था राजनीति से सन्यास

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

अमृत विचारः सुलतानपुर लोकसभा सीट ने हमेशा चौकाने वाले परिणाम दिए हैं। यहां के वोटर ने कई मौकों पर कद्दावर, मजबूत व बड़े नाम वाले धुरंधरों को पटखनी दी तो ऐसे भी नेताओं को जिताकर सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचाया, जो यहां के लिए अनजान ही थे। यहां 1969 में उपचुनाव में सबसे नजदीकी मुकाबले में मात्र 249 वोट से जीत दर्ज कर श्रीपति मिश्र सांसद बन गए थे।

चौथी लोकसभा ने बेशक अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया, लेकिन सुलतानपुर संसदीय क्षेत्र के वोटरों को उस बीच अपने तीन सांसदों को चुनने का मौका मिला। चौथी लोकसभा का चुनाव 1967 में हुआ। कांग्रेस ने बाबू गनपत सहाय को अवसर दिया। उन्हें 1,25,473 वोट हासिल हुए थे। निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनसंघ के उम्मीदवार डॉ जितेंद्र कुमार अग्रवाल थे, जिन्हें 79,443 वोट प्राप्त हुए थे। दुर्भाग्य से 8 मार्च 1969 को बाबू गनपत सहाय की मृत्यु हो गई।

सुलतानपुर लोकसभा की रिक्त सीट के लिए 1969 में उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने तब तक यहां के



राजनीतिक क्षेत्रों के लिए अनजान एक प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ कैलाश नाथ सिंह ग्राम त्रिसुंडी (अब अमेठी जनपद) को उम्मीदवार बनाया। उनके मुकाबले चौधरी चरण सिंह की पार्टी भारतीय क्रांति दल की ओर से पंडित श्रीपति मिश्र मैदान में थे। स्व .मिश्र 1967 में चौधरी साहब के साथ कांग्रेस से अलग हुए थे। चौधरी साहब की अगुवाई वाली 1967 की संयुक्त विधायक दल की सरकार ने उन्हें विधानसभा में उपाध्यक्ष बनाया था। इस चुनावी संग्राम में तीसरे महारथी वामपंथी तेवरों वाले इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष केदारनाथ सिंह थे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक खूब जोड़ तोड़, दांव पेंच लगाए गए। जबरदस्त गर्मी के मौसम में हुए इस उपचुनाव में फीका मतदान हुआ था। लेकिन वोटों की गिनती में यह चुनाव सुलतानपुर संसदीय सीट के इतिहास में सबसे कड़े मुकाबले के तौर पर दर्ज है। श्रीपति मिश्र को मात्र 249 वोटों के

श्रीपति मिश्र बीकेडी

अंतर से जीत हासिल हुई थी। मिश्र को 48,041 और डॉ कैलाश नाथ सिंह को 47,792 वोट प्राप्त हुए थे।स्व. डॉ. कैलाश नाथ सिंह के राजनीतिक जीवन का यह इकलौता चुनाव था। पराजय के बाद वे एक बार फिर अपने चिकित्सकीय पेशे में व्यस्त हो गए। आगे उनकी कोई उल्लेखनीय राजनीतिक गतिविधि नहीं रही। लेकिन जहां तक पंडित श्रीपति मिश्र की बात थी, उनके राजनीतिक सफर में नई उपलब्धियां जुड़ती गईं। उपचुनाव में सांसद चुने जाने के कुछ दिनों बाद ही चौधरी चरण सिंह की अगुवाई वाली भारतीय क्रांति दल-कांग्रेस गठबंधन की उत्तर प्रदेश सरकार में उन्हें शिक्षा मंत्री बनाया गया। कई अन्य मंत्रालय भी मिले। उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दिया और अगले ही साल 1970 में सुलतानपुर संसदीय सीट पर एक बार फिर से उपचुनाव हुआ।1970 में कांग्रेस ने स्व. केदारनाथ सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रह

डा. कैलाशनाथ सिंह कांग्रेस

चुके वामपंथी रुझान के स्व. सिंह का किसान-मजदूर आंदोलनों से भी जुड़ाव रहा था। 1969 में कांग्रेस के ऐतिहासिक विभाजन के बाद इंदिरा गांधी नई प्रगतिशील छवि के साथ सामने आई थीं। इस दौर में स्व.सिंह कांग्रेस में काफी सक्रिय हो चुके थे। उपचुनाव में उनके मुकाबले मुस्लिम मजलिस के जुल्फिकार उल्ला और भारतीय जनसंघ के डॉ. जितेंद्र कुमार अग्रवाल प्रत्याशी थे। मुस्लिम मजलिस और जनसंघ के प्रत्याशी की मौजूदगी में खासतौर पर शहरी क्षेत्रों में इस उपचुनाव का प्रचार काफी उत्तेजक हो गया था। लेकिन नतीजों में कांग्रेस को सफलता प्राप्त हुई थी। विजयी केएन सिंह को 47,854 तथा जुल्फिकार उल्ला को 30,602 वोट प्राप्त हुए थे। तीसरे स्थान पर रहे डॉ अग्रवाल के वोट 29,560 थे। 1971 के लोकसभा चुनाव में स्व. केदारनाथ सिंह एक बार फिर इस सीट पर विजयी हुए थे। इस बार उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में उप मंत्री के तौर पर इंदिरा जी ने शामिल किया था।

दूसरी तरफ डॉ. जितेंद्र कुमार अग्रवाल को संसदीय चुनाव में भले सफलता न मिली हो लेकिन 1974 और 1977 में लगातार वे सुलतानपुर शहर की सीट से क्रमशः भारतीय जनसंघ और जनता पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए। इलाहाबाद के वाशिंदे जुल्फिकार उल्ला को 1977 में जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर सुलतानपुर संसदीय सीट पर कामयाबी मिली। मोरारजी की सरकार में उन्हें संचार मंत्री भी बनाया गया। सुलतानपुर प्रधान डाकघर और टेलीफोन एक्सचेंज की मौजूदा इमारत उन्हीं के प्रयास से निर्मित हुई थीं।

चौथे लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल में चुने गये तीन सांसद

सन- 1967
गनपत सहाय कांग्रेस
प्राप्त मत-1,25,453
डॉ जितेंद्र अग्रवाल जनसंघ
प्राप्त मत -79,443

सन- 1970 (उपचुनाव)
केदारनाथ सिंह (कांग्रेस)
प्राप्त मत - 47,854
जुल्फिकार उल्ला मुस्लिम (मजलिस)
प्राप्त मत -30,602

सन- 1969 (उपचुनाव)
श्रीपति मिश्र बीकेडी
प्राप्त मत -48,041
डा. कैलाशनाथ सिंह कांग्रेस
प्राप्त मत - 47,792

सन- 1971
केदार नाथ सिंह (कांग्रेस)
प्राप्त मत - 93,946
राम प्यारे शुक्ल जनसंघ
प्राप्त मत - 31,131

सन- 1977
जुल्फिकार उल्ला जनता पार्टी प्राप्त
प्राप्त मत - 2,32,330
केदारनाथ सिंह कांग्रेस
प्राप्त मत - 66,796

केदार नाथ सिंह (कांग्रेस)

लखनऊ में इण्डिया गठबंधन के रणनीतिक कौशल की परीक्षा

1952 से 1984 तक कांग्रेस ने लखनऊ से सात बार जीता लोकसभा चुनाव

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

क्या 36 वर्ष का सूखा खत्म कर पाएगा गठबंधन

अमृत विचारः दिल्ली की सत्ता उत्तर प्रदेश से होते हुए जाती है। उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठित सीट लखनऊ है जो कि 33 वर्षों से भाजपा के कब्जे में है। अटल बिहारी वाजपेई से शुरू हुई जीत अभी भी निरंतर जारी है और इसको कायम रखा है रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने। कांग्रेस ने जीत दर्ज करने के लिए एक से एक धुरन्धर उतारे, लेकिन पिछले 36 वर्षों में ऐसा कोई नहीं हुआ जो भाजपा के तिलिस्म को तोड़ पाए।

देश की सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस आज अपने सबसे कमजोर दौर से गुजर रहा है। यूपी की कई ऐसी सीटें हैं जहां सालों से पार्टी को जीत नहीं मिली है। लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। यूपी में कांग्रेस और सपा गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। एक समय था जब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का जलवा हुआ करता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। कांग्रेस को कई सीटों पर सालों से जीत का मुंह देखने को नहीं मिला है। इनमें से एक लखनऊ जैसी वीवीआईपी सीट भी है।

उत्तर प्रदेश की लखनऊ सीट पर कभी कांग्रेस का जलवा हुआ करता था। इस सीट से 1952 से 1984 तक कांग्रेस सात बार चुनाव जीत चुकी है। विजय लक्ष्मी पंडित, शीला कौल जैसे बड़े नाम कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं, जबकि एक बार 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी आनंद नारायण और 1977 में जनता पार्टी से हेमवती नंदन बहुगुणा सांसद रह चुके हैं।

आसान नहीं होगा राजनाथ का रक्षा कवच भेद पाना

लखनऊ लोकसभा सीट से आखिरी बार कांग्रेस की शीला कौल 1984 में सांसद बनी थी। इसके बाद से आज तक कांग्रेस पार्टी यहां चुनाव नहीं जीत पाई है। पिछले 36 सालों से कांग्रेस सूखा है। अब ये सीट भाजपा का गढ़ है। साल 1991 से लगातार बीजेपी लहराती आ रही है। लखनऊ सीट के दिग्गज नेता सांसद रहे हैं। साल लेकर 2004 तक लगातार स्व . पूर्व अटल बिहारी वाजपेयी पांच रहे। इसके बाद साल में लालजी टंडन ने बीजेपी के टिकट पर लखनऊ सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 2014 से लगातार दो बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सांसद हैं। बीजेपी ने तीसरी बार भी उन्हें लखनऊ से ही टिकट दिया है। इस बार कांग्रेस और सपा का गठबंधन है। गठबंधन ने रविदास मेहरोत्रा को उम्मीदवार बनाया है। सवाल उठता है क्या इस बार गठबंधन भाजपा का 33 वर्षों का तिलिस्म तोड़ पाएगा। उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ सालों से पार्टी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस की हालत ये हैं कि देश के सबसे बड़े विपक्षी दल होने का दावा करने वाली कांग्रेस को सपा से गठबंधन में सिर्फ 17 सीटें मिली है। अमेठी और रायबरेली जैसी सीटों पर भी प्रत्याशी उतारने के लिए पार्टी को सोचना पड़ रहा है।

2019 में लखनऊ लोकसभा सीट के प्रत्याशियों की सूची

प्रत्याशी का नाम	वोट	प्रतिशत
राजनाथ सिंह (भाजपा)	6,33,026 वोट	56 .7 प्रतिशत वोट दर
पूनम सिन्हा (सपा)	2,85,724 वोट	25 .59 प्रतिशत वोट दर
प्रमोद कृष्णम(कांग्रेस)	1,80,011 वोट	16 .12 प्रतिशत वोट दर
नोटा	7,416 वोट	0 .66 प्रतिशत वोट दर

मतदान के लिए अवकाश घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में मतदान के लिए निजी क्षेत्र के संस्थानों के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। इस सिलसिले में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार मतदान वाले दिन जिलों की सभी दुकानें, प्रतिष्ठान, फैक्ट्रियां आदि बंद रहेंगी। 19 अप्रैल को पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। प्रदेश के 9 जिलों में मतदान होगा। इसके चलते सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत और बरेली में अवकाश रहेगा। 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होने के कारण अमरोहा, हापुड, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में अवकाश घोषित किया गया है। 7 मई को तीसरे चरण के मतदान के लिए मुरादाबाद, संभल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं और बरेली में अवकाश घोषित किया गया है। इसी तरह, चौथे चरण के लिए 13 मई को शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, एटा, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज और बहराइच जिले में अवकाश घोषित किया गया है। पांचवे चरण के लिए 20 मई को मतदान के दिन लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, जालौन, झांसी और ललितपुर जिले में अवकाश रहेगा। हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, बहराइच और बलरामपुर जिले में भी 20 मई को अवकाश रहेगा। इसके अलावा 25 मई को छठे चरण के मतदान के लिए सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी और भदोही जिले में अवकाश रहेगा। सातवें चरण के लिए 1 जून को महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर और सोनभद्र जिले में छुट्टी रहेगी।

यूपी उपचुनाव के दिन भी रहेगा अवकाः प्रदेश में चार जिलों में विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। इसमें शाहजहांपुर की ददरौल सीट पर 13 मई को मतदान होगा। लखनऊ की लखनऊ पूर्वी सीट पर 20 मई को मतदान होगा। बलरामपुर जिले की गैंसड़ी सीट पर 25 मई को व सोनभद्र की दुद्धी सीट पर 1 जून को वोट पड़ेंगे। इस तरह 13 मई को शाहजहांपुर, 20 मई को लखनऊ, 25 मई को बलरामपुर और 1 जून को सोनभद्र जिले में छुट्टी रहेगी।

प्रतापगढ़ में 10 बार कांग्रेस के सिर ताज, अब महज खेवनहार

राजा दिनेश सिंह

रत्ना सिंह

प्रमोद तिवारी

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

- इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी को मिली है प्रतापगढ़ सीट
- 2019 में तीसरे स्थान पर रहीं थी कांग्रेस की राजकुमारी रत्ना सिंह

अमृत विचार : जनपद प्रतापगढ़ कभी कांग्रेस का गढ़ रहा है। कालाकांकर रियासत के राजा रामपाल सिंह कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे। जनपद के पहले सांसद पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में रहे। राजा दिनेश सिंह सांसद बनने के बाद देश के विदेश मंत्री बने थे। उनकी बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह यहां से तीन बार सांसद चुनी गईं। इसके बाद से कांग्रेस जद्दोजहद कर रही है। लोकसभा चुनाव में पहली बार कांग्रेस सीधी लड़ाई में नहीं है। वह आइएनडीआईए गठबंधन से सपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगेगी।

प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र की राजनीति में पं. मुनीश्वरदत्त उपाध्याय, राजा दिनेश सिंह, राजा अजीत प्रताप सिंह, प्रो. वासुदेव सिंह, प्रमोद तिवारी, रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के नाम से जिले की पहचान है। प्रतापगढ़ जनपद धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी की जन्मस्थली और महात्मा बुद्ध के तपोस्थली के रूप में भी जाना जाता है। 39 लोकसभा सीट प्रतापगढ़ पर अब तक 17 चुनाव हो चुके हैं, जिसमें सबसे अधिक सत्ता में कांग्रेस पार्टी रही। कांग्रेस ने यहां 10 बार जीत दर्ज की है। वर्ष 1977 में भारतीय लोकदल से रूपनाथ सिंह यादव, 1991 में जनता दल से राजा अभय प्रताप सिंह, 1998 में भाजपा से डा.राम विलास वेदांती, 2004 में सपा से अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी, 2014 में अपना दल के हरिवंश सिंह को छोड़कर इस संसदीय सीट

पर कांग्रेस का कब्जा रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से भाजपा के संगम लाल गुप्ता ने बसपा के अशोक त्रिपाठी को हराकर चुनाव जीता था। संगम लाल गुप्ता को 4,36,291 वोट में मिले थे, जबकि दूसरे नंबर पर रहने वाले अशोक त्रिपाठी को 3,18,539 वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी को 1,17,752 मतों के अंतर से बसपा प्रत्याशी पर जीत दर्ज की थी। चुनाव में चुनाव में तीसरे नंबर पर कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमारी रत्ना सिंह थीं, जिनको 77,096 वोट मिले थे।

इस बार आइएनडीआईए के गठबंधन में यहां की सीट सपा को मिली है। इस कारण कांग्रेस का प्रत्याशी यहां से चुनाव मैदान में नहीं रहेगा। कांग्रेस पार्टी गठबंधन धर्म का पालन करते हुए सपा प्रत्याशी के लिए प्रचार करेगी। 10 बार यहां की सीट पर जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार महज खेवनहार रहेगी। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा. लालजी त्रिपाठी ने कहा कि गठबंधन धर्म का ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन किया जाएगा।

हरदोई लोकसभा क्षेत्र | दल नहीं चेहरों पर होता रहा है मतदान, 33 साल से जयप्रकाश व ऊषा ही पहुंच रहे लोकसभा

दो चेहरों में सिमट कर रह गया हरदोई का चुनाव

वीरेश शुक्ला, हरदोई

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव एक बार फिर आ गया है, लेकिन हरदोई का चुनाव दो चेहरों में ही सिमट कर रह जाता है। यहां पर ऊषा वर्मा व जयप्रकाश ही वर्षों से लोकसभा पहुंच रहे हैं। 2014 में मोदी लहर में सिर्फ अंशुल वर्मा ने लोकसभा में हरदोई का प्रतिनिधित्व किया।

लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद जयप्रकाश को प्रत्याशी बनाया है, वहीं पूर्व सांसद ऊषा वर्मा सपा की प्रत्याशी हैं। हरदोई में लोकसभा का चुनाव वर्षों से इन्हीं दोनों के बीच हो रहा है। कभी जयप्रकाश

सांसद जयप्रकाश

सांसद बनते हैं कभी ऊषा वर्मा। सिर्फ 2014 में मोदी की लहर के दौरान भाजपा के अंशुल वर्मा लोकसभा पहुंचे थे। हरदोई लोकसभा सीट से 1991 में भाजपा से चुनाव जीत कर जयप्रकाश लोकसभा पहुंचे थे। इसके बाद

पूर्व सांसद ऊषा वर्मा

1996 तक वह यहां के सांसद हुए। 1998 में हुए चुनाव में ऊषा वर्मा लोकसभा पहुंची। 1999 में फिर चुनाव हुआ लोकतांत्रिक कांग्रेस से जयप्रकाश सांसद फिर बन गए। 2004 के चुनाव में समाजवादी पार्टी से पुनः चुनाव जीतकर ऊषा वर्मा दोबारा सांसद बनीं। इसके बाद मोदी लहर में अंशुल वर्मा भाजपा से लोकसभा पहुंचे। अगले चुनाव में जयप्रकाश फिर हरदोई से भाजपा के प्रत्याशी बने और लोकसभा पहुंच गए।

जिले में 1991 से लोकसभा पहुंचने वालों में जयप्रकाश व ऊषा वर्मा ही हैं। लगातार जिले के लोग 33 सालों से यही दोनों लोकसभा हरदोई का प्रतिनिधित्व करते देख रहे हैं। 1991 में पैदा हुए बच्चे आज 33 साल के हो गए हैं। विधायक तो उन्होंने कई बदलते देखे, लेकिन लोकसभा सदस्य के रूप में ही दो चेहरे देख रहे हैं। इस बार भी इन्हीं दोनों चेहरों के बीच मुकाबला हो रहा है।

अब तक हुए सांसद

हरदोई। जिले में लोकसभा सांसद का यह 20 वां चुनाव है। सबसे पहले जिले में 1952 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से बुलाकी राम वर्मा लोकसभा सांसद चुने गए थे। 1957 में जनसंघ के शिवदीन लोकसभा पहुंचे। 1957 से 1971 तक कांग्रेस का जलजला रहा। इस दौरान 1957 में छेदा लाल गुप्ता, लोकसभा सदस्य चुने गए थे। 1962 से 1971 तक दयालु लाल लोकसभा के सदस्य रहे। जनता पार्टी से 1977 में परमाई लाल, 1980 में हुए चुनाव में कांग्रेस के मन्नी लाल, 1984 के चुनाव में कांग्रेस के दयालु लाल, 1989 के चुनाव में परमाई लाल तथा 1990 के चुनाव में हरियाणा से आए चौधरी चांदराम लोकसभा पहुंचे थे।

बसपा में ही खत्म हो गई मुख्तार की राजनीति

1996 में मऊ सदर में पहली बार बना विधायक, 2017 में आखिरी बार बना विधायक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। अपराध की दुनिया और राजनीति, एक दूसरे के पूरक हैं। संरक्षण के लिए अपराधी राजनीति में प्रवेश करता है और राजनीति में कद बढ़ाने को नेता अपराधियों को संरक्षण भी देते हैं। पांच बार विधायक रह चुके मुख्तार अंसारी के राजनैतिक इतिहास से आसानी से लगाया जा सकता है।

पूर्वांचल में अपराध की दुनिया में बढ़ते कद के साथ ही मुख्तार ने बसपा का दामन थामकर 1996 में राजनीति में कदम रखा था और मऊ सदर से जीत दर्ज कर सफेद पोश माफिया बन गया। राजनीति में तमाम उतार-चढ़ाव के साथ ही अंतिम बार 2017 में मऊ से बतौर

बसपा विधायक रहे। माफिया मुख्तार अंसारी ने अपराधिक रिकार्ड बढ़ने के साथ ही 1996 में बसपा के सहारे राजनीति में कदम रखा, मऊ सदर से पहली बार विधायक बना। दूसरी बार 2002 में निर्दलीय विधायकी जीती, बाहुबली होने की वजह से पूर्वांचल की राजनीति में इर्द गिर्द घूमने लगी। विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव, मुख्तार की दखलंनदाजी हर चुनाव में होती थी। प्रदेश के राजनैतिक घटनाक्रमों में मुख्तार कुछ सालों के लिए बसपा से बाहर भी रहे, 2007 में निर्दलीय होकर भी चुनाव जीत दर्ज की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के संपर्क में भी रहा। मगर 2009 में बसपा ने दोबारा वाराणसी से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाकर उतारा, हांलाकि चुनाव में हार मिली। अगले ही साल 2010 में बसपा की मायावती ने फिर पार्टी से निष्कासित किया तो खुद का, कौमी एकता दल का गठन किया, और 2012 में विधायकी जीती। मगर ज्यादा दिन सक्रिय राजनीति से अलग नहीं रहें और 2017 में कौमी एकता दल का विलय बसपा में कर दिया और बसपा के टिकट पर मऊ सीट से विधायक बन गया। यह उनका अंतिम चुनाव साबित हुआ।

साल 2014 में मोदी लहर के चलते भाजपा ने पश्चिमी यूपी की सभी 16 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन 2019 में जब बसपा, सपा और रालोद ने हाथ मिलाया, तो यहां भाजपा के सांसदों की संख्या घटकर नौ पर पहुंच गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मुसलमानों ने विपक्षी गठबंधन के लिए थोक में मतदान किया। इस कारण यूपी में इसी इलाके में भाजपा ने 2014 की तुलना में सबसे ज्यादा सीटें गंवा दीं। यहां जिन सीटों पर मुस्लिम वोटरों का दबदबा है, उनमें सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र भी शामिल हैं।

सहारनपुर में तिकोने संघर्ष के आसार

मनोज त्रिपाठी, चुनाव डेस्क

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश में मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा का फोकस उन 17 सीटों पर सबसे ज्यादा है, जिन्हें वह पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के बावजूद हार गई थी। इनमें सहारनपुर सीट भी शामिल है। 2019 में सपा, बसपा और रालोद गठबंधन के प्रत्याशी हाजी फजलुर्रहमान ने भाजपा के राघव लखन पाल शर्मा को यहां से हराकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व विधायक इमरान मसूद दो लाख से ज्यादा वोट लेकर अपनी जमानत बचाने में कामयाब रहे थे। इस बार भाजपा ने यहां से तीसरी बार राघव लखन पाल शर्मा दांव लगाया है। राघव 2014 में पहली बार यहां से जीतकर संसद में पहुंचे थे। तब उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद को 60 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। हालांकि 2019 के चुनाव में वह बसपा के प्रत्याशी हाजी फजलुर्रहमान से करीब 22 हजार मतों से पिछड़कर चुनाव हार गए थे। तब बसपा और सपा ने गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। इस बार सपा और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन में सीट कांग्रेस को मिली है। कांग्रेस ने यहां से इमरान मसूद को फिर एक बार मौका दिया है। लेकिन बसपा ने इस सीट पर माजिद अली को उम्मीदवार बनाकर गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। माजिद अली ने वर्ष 2017 में विधानसभा का चुनाव बसपा के टिकट से लड़ा था। लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। माजिद वर्तमान में देवबंद क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य हैं।

पिछले तीन चुनावों से हर बार नई पार्टी और नया सांसद चुना जनता ने

सहारनपुर में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। यहां के मतदाताओं ने पिछले तीन चुनावों में हर बार नई पार्टी और नया सांसद चुनकर अपने बदलाव के मिजाज को प्रदर्शित किया है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार के चुनाव में यहां के मतदाता अपने पिछले ही रुझान पर कायम रहते हैं या इस परिपाटी को बदलने का काम करते हैं। फिलहाल लोगों से बातचीत करने पर यहां त्रिकोणीय संघर्ष होने की बात सामने आ रही है। सहारनपुर सीट पर पहला चुनाव वर्ष 1952 में हुआ था, तब से लेकर 1977 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा था। 1977 में आपात काल के बाद हुए चुनाव से लेकर 1996 तक इस सीट पर जनता दल या जनता पार्टी ने कब्जा बनाए रखा। हालांकि बीच में 1984 के चुनाव में कांग्रेस ने वापसी की थी। 1996 के चुनाव के बाद सहारनपुर सीट दो बार भाजपा, दो बार बसपा, एक बार सपा और 2014 की मोदी लहर में भाजपा के खाते में आ गई।

सांप्रदायिक ध्रुवीकरण हर चुनाव में सियासत को सर्द-गर्म करता रहता

- साल 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों ने पश्चिमी यूपी के सामाजिक समीकरण के साथ माहौल बदल दिया था। सहारनपुर की राजनीतिक और सामाजिक तस्वीर भी इससे अछूती नहीं रही थी। वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता इमरान मसूद का भाजपा के पीएम प्रत्याशी नरेंद्र मोदी को लेकर दिया गया चर्चित 'बोटी - बोटी' वाले बयान ने वोटों का सीधा बंटवारा कर दिया था। इसके बाद से चुनाव आने पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की बयार यहां बहती ही रहती है और सियासत को गर्म-सर्द करती रहती है।

समीकरण 2019 जैसे

- **समीकरण 2019 जैसे, दलित-मुस्लिम गठजोड़ बिगाड़ सकता भाजपा का खेल :** सहारनपुर में एक बार फिर से पिछले चुनाव जैसे ही हालात बन रहे हैं। कांग्रेस और सपा से इमरान मसूद तथा बसपा से माजिद अली के बीच मुस्लिम वोटों के साथ दलित वोटों का घमासान छिड़ा है। ऐसे में अगर एक बार फिर से यहां मुस्लिम-दलित गठजोड़ बना तो भाजपा के लिए मुकाबला कड़ा हो सकता है। दो मुस्लिम प्रत्याशी होने के समीकरण का फायदा उठाने के लिए भाजपा को दलितों को साधना ही होगा। 2019 में भी भाजपा से प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ही थे। उनके सामने कांग्रेस से इमरान मसूद और बसपा से हाजी फजलुर्रहमान मैदान में थे। उस दौरान समीकरण तो भाजपा के पक्ष में थे लेकिन मुस्लिम-दलित गठजोड़ ने भाजपा के समीकरण बिगाड़ दिए थे।

पिछले चार चुनावों में राजनीतिक दलों को मिले वोट (प्रतिशत में)



आधे से ज्यादा मुस्लिम और दलित मतदाता, तय करते जीत और हार

सहारनपुर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बड़ी लोकसभा सीटों में गिनी जाती है। यह शहर काष्ठ कला यानी लकड़ी के काम और कलाकृतियों के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। इस्लामिक शिक्षा का केंद्र दारूल उलूम देवबंद भी सहारनपुर को एक अलग पहचान दिलाता है, तो यहां माता शाकंभरी देवी का प्रमुख शक्तिपीठ है, जिसका जिक्र प्राचीन वेद-पुराणों में भी मिलता है। यहां कुल वोटर 19 लाख के करीब हैं। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या लगभग 10 लाख और महिला मतदाता नौ लाख के आसपास हैं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 85 हैं। सहारनपुर में साढ़े छह लाख मुस्लिम, पांच लाख से अधिक दलित और एक लाख से ऊपर जाट मतदाता हैं। आबादी के लिहाज से सहारनपुर जिले में हिंदू और मुसलमानों की संख्या में ज्यादा अंतर नहीं है। जिले में हिंदुओं की आबादी 56 % तो मुस्लिम समाज की आबादी 42% है। इसके बाद लगभग एक फीसदी सिख समाज की आबादी है। इतने ही अन्य वर्ग के लोग हैं।

किसी दल ने यहां कभी नहीं दिया किसी महिला प्रत्याशी को टिकट

- सहारनपुर लोकसभा सीट पर मजेदार तथ्य यह है कि 47 फीसदी महिला मतदाता होने के बावजूद आज तक किसी भी चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल ने महिला प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा है। इसके चलते कोई भी महिला लोकसभा में नहीं पहुंची है। इस सीट पर अब तक मात्र पांच महिलाएं ही चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरी हैं। सभी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किस्मत आजमाई है। इस बार भी एक महिला प्रत्याशी निर्दलीय शबनम चुनाव मैदान में हैं।

2019 में किसको मिले कितने वोट



2014 में किसको मिले कितने वोट



मतदाताओं का विधानसभा वार हिसाब-किताब

विधानसभा	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल योग
बेहट	196576	177677	12	374265
सहारनपुर नगर	236044	214934	50	451028
सहारनपुर देहात	194644	1722930	10	367584
देवबंद	182456	160278	11	342745
रामपुर मनिहारान	168701	147522	02	3162225

2022 के विस चुनाव में भाजपा देवबंद समेत तीन सीटों पर जीती थी

- सहारनपुर लोकसभा के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में तीन पर भाजपा और दो सीटों पर सपा ने जीत हासिल की थी। भाजपा के हिस्से में सहारनपुर नगर, देवबंद और रामपुर विधानसभा सीट आई थीं, जबकि सहारनपुर देहात और बेहट विधानसभा सीटों पर ने जीत हासिल की थी। बेहट विधानसभा सीट से सपा के उमर अली खान, देहात से आशु मलिक चुनाव जीते थे। बाकी तीन विधानसभा सीटों में देवबंद से भाजपा के कुंवर बृजेश सिंह, सदर से राजीव गुंबर और रामपुर मनिहारान से देवेंद्र निगम ने जीत हासिल की थी।

सपा और बसपा ने मौका नहीं दिया कांग्रेस ने तीसरी बार टिकट थमाया

- पूर्व केंद्रीय मंत्री रशीद मसूद के भतीजे इमरान मसूद ने 2007 में मुजफ्फराबाद विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़कर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे जगरीश राणा को हराया था। 2012 का विधानसभा चुनाव इमरान ने कांग्रेस के टिकट पर नकुड़ से लड़ा, लेकिन बसपा के डा. धर्म सिंह सैनी से हार गए थे। 2014 में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया, फिर 2019 में भी टिकट दिया। लेकिन इमरान मसूद जीत नहीं पाए। लगातार हार के चलते 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले इमरान कांग्रेस का हाथ छोड़कर सपा में शामिल हो गए। लेकिन सपा ने उन्हें चुनाव नहीं लड़ाया। ऐसे में नगर निगम चुनाव के दौरान सपा की साइकिल से उतरकर वह बसपा में चले गए। बसपा में रहते हुए उन्होंने अपनी भाभी खदीजा मसूद को महापौर का चुनाव लड़ाया पर हार मिली। इसके बाद उन्हें बसपा से निकाल दिया गया। ऐसे में छह माह पहले इमरान मसूद फिर कांग्रेस में शामिल हो गए और पार्टी ने उन्हें तीसरी बार लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बना दिया।

लोकसभा चुनाव को लेकर पश्चिम बंगाल में कारोबारी भी तरह- तरह की प्रचार सामग्री बनाने में जुटे हुए हैं। ऐसे ही एक कारोबारी ने भाजपा, माकपा, भाकपा, कांग्रेस और टीएमसी के चुनाव निशान वाली पतंगें तैयार की हैं। इन पतंगों की वहां पर जबरदस्त मांग है। पार्टी कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर पतंग खरीद रहे हैं। ● एजेंसी

शिवसेना यूबीटी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

मुंबई (वार्ता)। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने लोकसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इस सूची में पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे, युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे, राज्यसभा सदस्य संजय राउत सहित अन्य लोग शामिल हैं। ये स्टार प्रचारक प्रदेश में लोकसभा चुनाव का सभी जगह प्रचार करेंगे। अन्य मुख्य स्टार प्रचारकों में सुभाष देसाई, अनंत गिते, चंद्रकांत खैरे, सांसद अरविंद सावंत, विधायक भास्कर जाधव, सांसद अनिल देसाई, विनायक राऊत, विधायक वकील अनिल परब आदि शामिल हैं।

पीलीभीत में जितिन की जीत के लिए भाजपा कर रही हर जतन

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

अमृत विचार: नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ पीलीभीत सीट पर सियासी रणभेरी बज चुकी है। भाजपा से टिकट न मिलने पर वरुण गांधी के निर्दलीय चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन उनके चुप हो जाने से भाजपा की राह थोड़ी आसान हो गई है। पीलीभीत सीट अब भाजपा की प्रतिष्ठा से जुड़ चुकी है। इसके लिए दिग्गजों ने डेरा जमा लिया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

पीलीभीत सीट से 1952 में पहले सांसद कांग्रेस से मुकुंदलाल अग्रवाल बने थे। भाजपा को इस सीट पर काबिज होने में 39 साल लग गए। 1991 में रामलहर के बीच भाजपा के परशुराम गंगवार ने जीत दर्ज कराई। इससे पहले 1989 में जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़कर मेनका गांधी सांसद बनीं। बाद में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर 2004 में मेनका गांधी सांसद बनीं। 2009, 2014 और 2019 में मेनका गांधी और वरुण गांधी ही सांसद चुने गए। इससे पूर्व 1998 और 1999 के चुनाव में स्वतंत्र चुनाव लड़ीं मेनका गांधी को भाजपा का समर्थन रहा था। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में तस्वीर अलग है। मेनका और वरुण गांधी दोनों इस सीट पर नहीं हैं। सूबे के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

उनके मुकाबले समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री भगवन सरन गंगवार और बसपा ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को प्रत्याशी बनाया है। यहां पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में दिन कम बचे हैं और राजनीतिक दलों के आगे चुनौतियां अधिक हैं। चूंकि दो दशक बाद भाजपा ने टिकट में बदलाव किया है, इस कारण पीलीभीत सीट प्रतिष्ठा से जुड़ चुकी है। नामांकन के दिन से ही इसका असर भी दिखाई दे रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद समेत कई नेता आ चुके हैं। स्थानीय मंत्री, विधायकों की जिम्मेदारी हाईकमान तय कर चुका है। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल बुधवार को पीलीभीत पहुंचे। दो अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई अन्य स्टार प्रचारकों का आना भी तय माना जा रहा है। प्रत्याशी की क्षेत्र में जनता के बीच चुनावी सभाओं का कार्यक्रम बनाया जा चुका है।

सपा की तैयारी पूरी...सही समय पर करेंगे इस्तेमाल

- पीलीभीत लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का कभी सांसद नहीं बना। 2019 में सपा गठबंधन के प्रत्याशी को 4.48 लाख वोट मिले थे। इस बार समाजवादी पार्टी से गठबंधन प्रत्याशी के रूप में भगवत सरन गंगवार चुनाव मैदान में हैं। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा का कहना है कि उनकी टीम समर्थकों के साथ क्षेत्र में सक्रिय है। चुनावी प्रोग्राम तय हैं, लेकिन शो नहीं किया जा रहा है। स्टार प्रचारक के तौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तो हैं ही, गठबंधन वाले दलों के भी कई चेहरे हैं। सभी का वक्त के हिसाब से सही जगह इस्तेमाल होगा। कुछ इसी तरह का हाल बसपा में भी दिखाई दे रहा है। बसपा में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की सभा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

दिख रहा सबका साथ... कहीं हो न जाए भितरघात

- भारतीय जनता पार्टी से इस बार दावेदारों की लंबी फेहरिस्त थी। हालांकि टिकट घोषणा के बाद कुछ दावेदारों के बगावत करने के आसार दिखाई दे रहे थे, जिसे शीर्ष नेतृत्व ने संभाल लिया है। अब अधिकांश दावेदार भाजपा प्रत्याशी के साथ ही मंच साझा करते दिख रहे हैं। जिससे सबका साथ तो दिखाई दे रहा है। मगर, चुनावों में भितरघात आम बात है। इस पर नजर बनी हुई है। चर्चा तो ये भी है कि ऐसी स्थिति न बनें, इसके लिए संगठन भी सख्त है। क्षेत्रवार नजर रखी जा रही है। अगर भितरघात की स्थिति बनी तो आगे गाज भी गिरेगी।

बसपा का माहौल बनाने 15 को आएंगी मायावती

- बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह गौतम ने बताया कि चुनावी तैयारियों में बसपा कहीं भी पीछे नहीं है। कार्यालयों के उद्घाटन किए जा चुके हैं। जनसंपर्क चल रहा है। आठ अप्रैल को मंडल स्तरीय कार्यक्रम होगा। 15 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री मायावती भी पीलीभीत आ रही हैं। इसकी तैयारी की जा चुकी है।

- दो अप्रैल को मुख्यमंत्री करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई स्टार प्रचारक भी आ सकते
- दो दशक बाद टिकट में बदलाव होने पर प्रतिष्ठा से जुड़ गई सीट, जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी की गई तय

भाजपा-इंडिया गठबंधन की रैलियां आज

नई दिल्ली, ब्यूरो

- मेरठ में मोदी के साथ जयंत चौधरी और अरुण गोविल भी होंगे
- रामलीला मैदान, नई दिल्ली में आप के साथ गठबंधन नेता जुटेंगे

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद रविवार को मेरठ में बीजेपी एवं दिल्ली में इंडिया गठबंधन की दो रैलियों से होगा। मेरठ की रैली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे और रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल के लिए वोट मांगेंगे। उनके साथ राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी भी होंगे। दूसरी तरफ दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना के उद्धव ठाकरे, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान, झारखंड के मुख्यमंत्री सीएम चंपई व नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला संबोधित करेंगे।

मेरठ की रैली में प्रधानमंत्री देश को यह भी संदेश देंगे कि वे अयोध्या में मंदिर निर्माण के बाद लोकसभा चुनाव का शंखनाद भी राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल की रैली से कर रहे हैं। इस रैली में बीजेपी के अलावा राष्ट्रीय लोकदल के नेता भी होंगे उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने आज ही चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान उनके पौत्र जयंत चौधरी को दिया है। दूसरी तरफ रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित होने वाली रैली को पुलिस ने कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी है। जिसमें 20 हजार कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय के मुताबिक महारैली का नारा तानाशाही हटाओ-लोकतंत्र बचाओ दिया जाएगा।

यह पहला मौका होगा जब कांग्रेस के कार्यकर्ता और आप के कार्यकर्ता एक साथ किसी रैली में नजर आएंगे। नगर निगम एवं विधानसभा के चुनाव में दोनों दल अलग-अलग थे। आप ने गठबंधन के तहत दिल्ली में कांग्रेस को लोकसभा की तीन सीटें छोड़ दी हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने कहा है कि महा रैली के बाद तीनों प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी जबकि आपने चार सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। रैली में केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के आने की भी संभावना है, लेकिन अभी अधिकृत रूप से जानकारी नहीं दी गई है। मुख्यमंत्री की पत्नी ने लोगों से अपील की है कि वे केजरीवाल को अपना आशीर्वाद देने के लिए व्हाट्सएप पर संदेश भेज सकते हैं, जिसके नंबर 8297324624 एवं 9700297002 हैं।

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	73651	22326
बढ़त	655	203
प्रतिशत में	0.90	0.92

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, रविवार, 31 मार्च 2024

एक नजर

पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नयी दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

ओपनएआई ने वॉयस इंजन पेश किया

सैन फ्रांसिस्को। चैटजीपीटी को बनाने वाली कंपनी ओपनएआई वॉयस असिस्टेंट कारोबार में उतर रही है। कंपनी ने ऐसी तकनीक तैयार की है, जो किसी व्यक्ति की आवाज को क्लोन कर सकती है।

अगले हफ्ते खुलेगा भारती हेक्साकॉम का आईपीओ, 12 को लिस्ट होंगे शेयर

3 से 5 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन, यह भारतीय एयरटेल की सब्सिडियरी कंपनी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय एयरटेल की सब्सिडियरी कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए अगले हफ्ते ओपन होगा। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक बोली लगा सकेंगे।

12 अप्रैल को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी 4,275 करोड़ जुटाना चाहती है। यह पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल होगा, जिसमें कंपनी के मौजूदा निवेशक पूरे 4,275 करोड़ के 75,000,000 शेयर बेच रहे हैं।

इस आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 26 शेयर के लिए अप्लाय करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइज बैंड 542-570 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 570 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,820 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी 338 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 192,660 इन्वेस्ट करने होंगे।

आईपीओ ओपन होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 6.49% यानी 37 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ऐसे में अपर प्राइस बैंड 570 के हिसाब से इसकी लिस्टिंग 607 पर हो सकती है।

1995 में स्थापित हुए भारती हेक्साकॉम लिमिटेड टेलीफोन और ब्रॉडबैंड सर्विस प्रोवाइस करती है। कंपनी राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा सहित अन्य राज्यों में अपनी सर्विस देती है। 31 दिसंबर 2023 तक कंपनी के 27.1 मिलियन कस्टमर्स थे।

जेएसडब्ल्यू स्टील ने कर्नाटक संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल चालू की

नयी दिल्ली, एजेंसी। जेएसडब्ल्यू स्टील ने शनिवार को कर्नाटक के विजयनगर स्थित अपने एकीकृत इस्पात संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल शुरू करने की घोषणा की। जेएसडब्ल्यू स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने 50 लाख टन की वार्षिक क्षमता वाली मिल से स्टील उत्पादों की पहली खेप भेजी है। कंपनी ने कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटालिक्स लिमिटेड (जेवीएमएल) ने आज विजयनगर संयंत्र में 50 लाख टन प्रतिवर्ष क्षमता के साथ अपनी हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) को चालू किया और पहली खेप भेजी। जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि यह संयंत्र 17 मार्च, 2024 को तैयार हुआ था और शुरुआती परीक्षण के बाद वाणिज्यिक विनिर्माण और बिक्री शुरू हो गई है।

त्योहारी मांग से खाद्य तेल व तिलहन की कीमतों में सुधार

नयी दिल्ली, एजेंसी

देश में खाद्य तेलों की आपूर्ति कम रहने के बीच त्योहारी मांग बढ़ने के कारण शनिवार को देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहन कीमतों में मजबूती देखने को मिली। आयातित तेलों की कम आपूर्ति की स्थिति के बीच सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतें मजबूती दर्शाती बंद हुईं।

बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि कम आपूर्ति (शॉर्ट सप्लाई) की वजह पाम एवं पामोलीन तेल का सूरजमुखी से महंगा होना है। इस महंगे दाम के कारण पाम, पामोलीन का आयात प्रभावित हुआ है जिस तेल की पूरे तेल आयात में लगभग 65 प्रतिशत की हिस्सेदारी होती है और कमजोर आयवर्ग के लोग इस तेल का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। पाम, पामोलीन जब सूरजमुखी से सस्ता होगा तभी इसका आयात बढ़ेगा और आपूर्ति लाईन दुरुस्त होगी। लगभग 65 प्रतिशत पाम, पामोलीन की कमी को किसी साफ्ट आयल से पूरा करना लगभग असंभव है। पाम, पामोलीन के दाम महंगे होने से सॉफ्ट आयल कीमतों पर भी दवाब बढ़ गया है। इससे सभी तेल तिलहन के दाम मजबूत होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल के मुकाबले शनिवार को सरसों की आवक घटकर साढ़े छह लाख बोरी रह गई। इस सरसों की खरीद के मामले में हरियाणा सरकार का कदम सराहनीय कहा जा सकता है। छिटपुट आवक शुरु होने के बीच वहां प्रदेश सरकार ने 5,650 रुपये प्रति क्विन्टल के एमएसपी पर किसानो की सरसों खरीद शुरु की है।

नौ शहरों में बिना बिके मकान सात प्रतिशत घटे: रिपोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी

नयी आपूर्ति की तुलना में बिक्री अधिक होने के कारण पिछले तीन महीनों में देश के नौ प्रमुख शहरों में बिना बिके मकानों की संख्या सात प्रतिशत घटकर लगभग 4.81 लाख इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म प्रॉपइक्विटी के मुताबिक इस साल मार्च के अंत में नौ प्रमुख शहरों में बिना बिके मकानों की संख्या 4,81,566 थी। यह आंकड़ा दिसंबर 2023 के अंत में 5,18,868 इकाई था। ये नौ शहर मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, दिल्ली-एनसीआर (दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद), बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई और कोलकाता हैं। प्रॉपइक्विटी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक (एमडी) समीर जसूजा ने कहा कि नयी आवक के मुकाबले बिक्री अधिक होने से बिना बिके मकानों की संख्या में कमी आई है।

इंडिगो ने अबू धाबी और कन्नूर के बीच सीधी उड़ानों की घोषणा की

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने नौ मई से अबू धाबी और उत्तरी केरल के कन्नूर के बीच सीधी उड़ानों की घोषणा की है। एयरलाइन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति का विस्तार करते हुए इस सीधी दैनिक उड़ान का संचालन करेगी। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा कि इन उड़ानों के अलावा, एयरलाइन भारत के आठ शहरों से अबू धाबी के लिए 56 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी।

साइबर सुरक्षा नवाचार के लिए स्टार्टअप समूह लॉन्च

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) में उन्नत साइबर सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब सी3आईहब ने यहां स्टार्टअप समूह लाँच करने की घोषणा की है। सी3आईअब ने स्टार्टअप समूह तीन, चार और पांच लाँच किया है।

एनएम-आईसीपीएस मिशन के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा वित्त पोषित, सी3आईहब ने स्टार्टअप इनक्यूबेशन कार्यक्रम में 19 स्टार्टअप प्रस्तुत किए, जो एप्लिकेशन सुरक्षा, एकीकृत एसओसी समाधान, साइबर फोरेंसिक, ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी, यूएवी सुरक्षा, आईओटी सुरक्षा और साइबर बीमा सहित विशिष्ट साइबर सुरक्षा क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखते हैं। इस कार्यक्रम में डीएसटी सचिव डॉ. अभय करंदीकर; राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक लेफ्टिनेंट जनरल एम यू नायर, एनसीआईआईपीसी के महानिदेशक नवीन कुमार सिंह, भारत के पहले राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक गुलशन राय मौजूद रहे।

पंजाब में दो और टोल प्लाजा बंद किए जाएंगे : भगवंत मान

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि लुधियाना-बरनाला राज्य राजमार्ग पर दो टोल प्लाजा को दो अप्रैल से बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रियायत अवधि खत्म होने के कारण रकबा (लुधियाना में मुल्लांपुर के पास) और मेहल कलां (बरनाला के पास) टोल प्लाजा दो अप्रैल को अपना परिचालन बंद कर देंगे।

लुधियाना जिले में स्थित दाखा-हलवारा-रायकोट-बरनाला राज्य राजमार्ग 57.94 किलोमीटर लंबा है। पंजाब सरकार ने राजमार्ग को बेहतर बनाने के लिए 2007 में बनाओ, चलाओ और हस्तांतरित करो (बीओटी) योजना को मंजूरी दी थी। इस परियोजना के लिए रोहन राजदीप टोलवेज लिमिटेड के साथ 17 वर्षों के लिए एक समझौता किया था। मान ने कहा कि कंपनी ने कोविड महामारी और किसानों के आंदोलन का हवाला देते हुए टोल परिचालन 448 दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था, लेकिन पंजाब सरकार ने इसे अस्वीकार कर दिया।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''दोनों टोल प्लाजा अपना परिचालन बंद कर देंगे और जनता से कोई टोल नहीं वसूलेंगे।'' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पूंजीपतियों को अनुचित लाभ देने के लिए नहीं हैं और टोल परिचालन अवधि खत्म होने के बाद किसी को भी आम जनता को लूटने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मान सरकार पिछले दो वर्षों में राज्य के विभिन्न स्थानों पर 10 टोल प्लाजा को बंद कर चुकी है।

राष्ट्रीय

एक नजर

हत्या के मामले में आरएसएस के तीन कार्यकर्ता बरी

कासरगोड (केरल)। केरल में कासरगोड की एक अदालत ने 2017 में जिले की एक मस्जिद के अंदर एक मदरसा शिक्षक की हत्या से संबंधित मामले में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के तीन कार्यकर्ताओं को बरी कर दिया। कासरगोड प्रधान सत्र अदालत के न्यायाधीश के के बालाकृष्णन ने मामले में तीन आरोपियों को बरी कर दिया। मामले का विस्तृत फैसला अभी आना बाकी है। मोहम्मद रियास मौलवी (34) पास के चूरी में स्थित एक मदरसे में पढ़ाते थे। मौलवी की 20 मार्च, 2017 को मस्जिद में उनके कमरे में हत्या कर दी गई थी। चूरी स्थित मुहयुद्दीन जुमा मस्जिद के परिसर में घुसे एक गिरोह ने कथित तौर पर उनका गला काट दिया था।

महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को सेवा विस्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्य सचिव नितिन करीर का कार्यकाल शनिवार को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार केंद्र ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी को एक अप्रैल से 30 जून तक विस्तार देने संबंधी राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। करीर ने पिछले साल दिसंबर में शीर्ष पद के लिए वरिष्ठ नौकरशाह मनोज सौनिक का स्थान लिया था। महाराष्ट्र कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी इस महीने सेवानिवृत्त होने वाले थे।

तमिल अभिनेता डेनियल बालाजी का निधन

चेन्नई। अपने शानदार अभिनय के लिए विख्यात लोकप्रिय तमिल फिल्म अभिनेता डेनियल बालाजी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। अस्पताल के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। वह 48 वर्ष के थे। तिरुवानमियूर में रहने वाले अभिनेता ने सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें तुरंत यहां कोट्टिवक्कम के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। अभिनय के क्षेत्र से राजनीति में आये कमल हासन ने कहा, "डेनियल का अचानक निधन चौंकाने वाला है। कम उम्र में मौत की पीड़ा परेशान करने वाली है।" उन्होंने शोक संतप्त परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

इलेक्टोरल बॉन्ड आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला, भाजपा ने ईडी से कराई उगाही

आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने लगाया आरोप

नयी दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला करार देते हुए कहा कि भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए ईडी से उगाही कराई है। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि बीते 10 साल में भाजपा की हरकतें देखकर समझ आने लगा है कि क्यों सरदार बल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था।

भाजपा इस देश की सबसे खराब, अक्षम और दोमुंही पार्टी है। ईमानदारी, भाजपा का सबसे बड़ा डर है और आम आदमी पार्टी का सबसे बड़ा हथियार है। इसी ईमानदारी की सजा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मिल रही है। आज का देश का हर नागरिक जानता है कि जो केजरीवाल सरकार हर साल जनकल्याण की सुविधाएं देने के बाद भी मुनाफे का बजट पेश करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दो साल से हमारे ऊपर अनगिनत छापे की कार्रवाई करवाई लेकिन इतने छापों के बाद भी एक चवन्नी बरामद नहीं हुई। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अब अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। ईडी ने करीब 51 हजार डॉक्यूमेंट्स कोर्ट के समक्ष रखे हैं और 458 गवाहों से पूछताछ की गई है। इतनी सारी पूछताछ करने के बाद केवल चार जगह अरविंद केजरीवाल का नाम आता है। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेस में अकेले दौड़कर प्रथम आना चाहते हैं और इसलिए वह लगातार विपक्ष की सारी बुलंद आवाजों को जेल भेज रहे हैं।

हेमंत सोरेन की पत्नी ने सुनीता केजरीवाल से मिलीं

नई दिल्ली, एजेंसी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से शनिवार को मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि कल्पना सोरेन ने 6 फ्लैगस्टाफ रोड स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास पर जाकर सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात करीब 15 से 20 मिनट तक चली। झारखंड में कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था और वह तब से जेल में हैं।

इंदौर में रंगपंचमी गेर उत्सव के दौरान उमड़ा जनसैलाब। ● एजेंसी

ईडी ने जेल के अंदर पूछताछ के बाद शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया

बारासात (प.बंगाल), एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में जमीन हड़पने के मामलों में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख से बशीरहाट सुधार गृह में शनिवार को पूछताछ की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूछताछ के दौरान केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों के साथ कथित तौर पर सहयोग नहीं करने के बाद शेख की गिरफ्तारी दिखाई गई, जो वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। कोई आरोपी जब न्यायिक हिरासत में हो, उसे अन्यत्र दर्ज किसी अन्य मामले के संबंध में गिरफ्तार दिखाया जा सकता है। अधिकारी ने कहा, ''आज दोपहर जब हमारे अधिकारियों ने जेल के अंदर उनसे (शेख) पूछताछ की तो सहयोग नहीं किया।

मुख्यमंत्री खांडू सहित 10 भाजपा उम्मीदवार विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

ईटानगर, एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप मुख्यमंत्री चौना मीन सहित भारतीय जनता पार्टी के 10 उम्मीदवार राज्य विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सेन ने यहां संवाददाताओं को बताया कि नामांकन वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद खांडू और नौ अन्य को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि खांडू तवांग जिले के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे, जबकि उप मुख्यमंत्री चौना मीन ने चौखम सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की, क्योंकि उनके एकमात्र प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के बयामसो क्रि ने शनिवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। सेन ने कहा, ''छह विधानसभा क्षेत्रों में केवल एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया था जबकि चार अन्य में विपक्षी उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली।''

इंदौर में रंगपंचमी की 'गेर' में उमड़े हजारों हुरियारे, सीएम भी शामिल

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में फागुनी मस्ती के माहौल में रंगपंचमी पर हर साल निकाली जाने वाली ''गेर'' (होली की विशाल शोभायात्रा) में शनिवार को हजारों लोग शामिल हुए और त्योहारी उल्लास में डूब गए। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शहर में गेर की करीब 75 साल पुरानी रंगारंग परंपरा में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ एक खुले वाहन में सवार हुए और उन्हें गेर में शामिल लोगों पर पिचकारी से रंग बरसाते देखा गया। यादव ने संवाददाताओं से कहा, '' गेर होली खेलने वाले लोगों की वह टोली है जो सबको अपना बनाने के लिए निकलती है।''

ऐसा लगता है कि देश में सरकार नहीं कोई आपराधिक गैंग चलाया जा रहा हो : राहुल

नयी दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर लोकतंत्र का ''गला घोंटने'' का आरोप लगाया और कहा कि ऐसा लगता है कि देश में सरकार नहीं, कोई ''आपराधिक गिरोह'' चलाया जा रहा हो। राहुल ने केंद्र सरकार पर यह प्रहार दिल्ली में रविवार को होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली से एक दिन पहले किया, जिसे कांग्रेस ने ''लोकतंत्र बचाओ रैली'' करार दिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया, ''नरेन्द्र मोदी लोकतंत्र का गला दबाकर जनता से अपनी पसंद की सरकार चुनने का विकल्प छीन लेना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''एक तरफ जहां 'चंदे का धंधा' कर रही भाजपा देश में 'वसूली सरकार' चला रही है, वहीं दूसरी तरफ प्रमुख विपक्षी दल का (बैंक) खाता 'फ्रीज' (लेन-देन पर रोक लगा) कर, मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल कर और हर स्वतंत्र आवाज़ को दबाकर वह विपक्ष को जायज़ ढंग से चुनाव तक नहीं लड़ने देना चाहती।'' कांग्रेस नेता ने दावा किया, ''जो भाजपा के साथ नहीं - उसे जेल। जो भाजपा को चंदा दे- उसे बेल (जमानत)। प्रमुख विपक्षी दल को - नोटिस भेजने का खेल और चुनावी बॉण्ड के लिए - ब्लैकमेल।'' राहुल ने आरोप लगाया, ''ऐसा लगता है देश में सरकार नहीं, कोई आपराधिक गैंग चलाया जा रहा हो। इस झूठी, अहंकारी और भ्रष्ट सरकार का सच बताने के लिए कल 'इंडिया' गठबंधन दिल्ली में एक बड़ी रैली करने जा रहा है।''

दिल्ली में छह घंटे प्रभावित रहेगा आवागमन

नयी दिल्ली, एजेंसी

'इंडिया' गठबंधन रैली

दिल्ली पुलिस ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रविवार को होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ रैली' के मद्देनजर यातायात परामर्श जारी किया है और कहा है कि उस दिन शहर में वाहनों की आवाजाही छह घंटे के लिए नियंत्रित की जाएगी।

मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव सहित विभिन्न विपक्षी दलों के शीर्ष नेता 31 मार्च को रामलीला मैदान में रैली में भाग लेंगे। यह रैली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की पृष्ठभूमि में आयोजित की जा रही है। यातायात परामर्श के अनुसार, बाराखंभा रोड से गुरु नानक चौक तक रणजीत सिंह फ्लाईओवर, मिंटो रोड से गोल चक्कर कमला मार्केट तक विवेकानंद मार्ग, हमदर्द चौक, दिल्ली गेट से गुरु नानक चौक तक जेएलएन मार्ग पर और अजमेरी गेट, कमला मार्केट गोल चक्कर से गुरु नानक चौक और वीआईपी गेट के पास चमन लाल मार्ग, गुरु नानक चौक से तुर्कमान गेट तक सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक यातायात की आवाजाही को नियंत्रित किया जाएगा और यातायात प्रतिबंधित भी किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि राजघाट चौक, मिंटो रोड, डीडीयू मार्ग, पहाड़गंज चौक और दिल्ली गेट पर सुबह नौ बजे से मार्ग परिवर्तन किया जा सकता है। परामर्श में कहा गया है कि आवश्यकता के अनुसार यातायात नियमों और मार्ग परिवर्तन के संबंध में समीक्षा की जाएगी, जिसके बाद इसमें बदलाव भी किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि यात्रियों से अनुरोध है कि यदि संभव हो तो इन रास्तों का उपयोग करने से बचें और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें।

संविधान की रक्षा के लिए 'इंडिया' की रैली : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की "लोकतंत्र बचाओ रैली" का उद्देश्य संविधान और लोकतंत्र को बचाना है। विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा कि रैली से लोक कल्याण मार्ग (जहां प्रधानमंत्री का आवास स्थित है) को कड़ा संदेश दिया जाएगा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का समय पूरा हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रैली को लेकर कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेता रैली को संबोधित करेंगे। यह कोई व्यक्ति विशेष की रैली नहीं है। इसीलिए इसे लोकतंत्र बचाओ रैली कहा जा रहा है। यह किसी एक पार्टी की रैली नहीं है, इसमें 27-28 पार्टियां शामिल हैं।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
चेन्नई सुपरकिंग्स	02	02	00	00	04	+1.979
कोलकाता नाइट राइडर्स	02	02	00	00	04	+1.047
राजस्थान रॉयल्स	02	02	00	00	04	+0.800
सनराइजर्स हैदराबाद	02	01	01	00	02	+0.675
लखनऊ सुपर जायंट्स	02	01	01	00	02	+0.025
पंजाब किंग्स	03	01	02	00	02	-0.333
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	03	01	02	00	02	-0.711
गुजरात टाइटंस	02	01	01	00	02	-1.425
दिल्ली कैपिटल्स	02	00	02	00	00	-0.528
मुंबई इंडियंस	02	00	02	00	00	-0.925

रन 70 चौके 7 छक्के 3

शिखर धवन

रन 42 चौके 3 छक्के 3

निकोलस पूरन

खेल डायरी

टी20 कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं शाहीन

लाहौर। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान क्रिकेट और टी20 कप्तान के रूप में उनके भविष्य से संबंधित चर्चाओं में शामिल नहीं किये जाने से निराश हैं जिससे वह कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। शाहीन के करीबी सूत्र ने कहा कि यह गेंदबाज इस बात से नाराज है कि जहां तक कप्तानी या कोचों की नियुक्ति का सवाल है तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने एक बार भी उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में बात नहीं की है। इस सूत्र ने कहा, ''शाहीन राष्ट्रीय टी20 टीम का कप्तान है तो उसका निराश होना लाजमी है।''

आज होगा हॉकी की प्रतिभाओं का सम्मान

नई दिल्ली। हॉकी की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी में रविवार को यहां भारतीय हॉकी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में कुल पुरस्कार राशि सात करोड़ 56 लाख रुपये रखी गयी है। आठ श्रेणियों में दिये जाने वाले इन पुरस्कारों के लिये 32 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इन खिलाड़ियों की 2023 कैलेंडर वर्ष में भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहना की जाएगी। पुरस्कार समारोह में ओलंपियन रघबीर लाल, ए.एस. बख्शी जैसी दिग्गज हस्तियां शामिल होंगी।

रीयल कश्मीर एफसी ने नेरोका एफसी को हराया

श्रीनगर। रीयल कश्मीर एफसी ने आई लीग फुटबॉल के मैच में नेरोका एफसी को 3-0 से हराकर उसे दूसरी श्रेणी में धकेल दिया। कश्मीर के लिये नोहेरे क्रिजो ने 35वें, हैदर युसूफ ने 45वें और शहर शाहीन ने 67वें मिनट में गोल दागे। इस हार के बाद मणिपुर की नेरोका एफसी 21 मैचों में 13 अंक लेकर 12वें स्थान पर है। इस सत्र में उसने चार मैच जीते, एक ड्रॉ खेला और 16 गंवाये। अब उसे तीन ही मैच खेलने है और सभी जीतने पर भी वह दूसरी श्रेणी में खिसकने से नहीं बच सकती। वहीं कश्मीर की टीम ने चार ड्रॉ खेलने के बाद जीत दर्ज की। उसका अपराजेय अभियान नौ मैचों का हो गया है।

उत्पीड़न के मामले में एआईएफएफ सदस्य गिरफ्तार

पणजी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को गोवा पुलिस ने दो महिला खिलाड़ियों के कथित शारीरिक उत्पीड़न के मामले में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। इंडियन वुमैन्स फुटबॉल लीग के दूसरे डिविजन में हिस्सा लेने आयी हुए हिमाचल प्रदेश के खाड एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि क्लब के मालिक शर्मा ने 28 मार्च की रात को उनके कमरे में घुसकर उनके साथ मारपीट की थी। खिलाड़ियों के एक समूह ने हालांकि दावा किया कि शर्मा बेकसूर हैं। पुलिस उपाधीक्षक संदेश चोडनकर ने कहा, ''एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को औपचारिक शिकायत मिलने के बाद दिन में पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स सेमीफाइनल से बाहर

मैड्रिड। एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी के शनिवार को यहां सेमीफाइनल में हारने से मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी। इंडोनेशिया के रिनोव रिवाल्डी और पीठा हानिंगटयास मेंटारी की जोड़ी ने सिर्फ 29 मिनट में भारतीय चुनौती 21-17, 21-12 से समाप्त कर दी। एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी ने शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के रेहान नौफाल खुशारजांटो और लिसा आयु कुसुमावती को 14-21, 21-11, 21-17 से हराया था। शुक्रवार को सुपानिडा काटेथोंग ने भारतीय स्टार पीवी सिंधू को एक घंटे 17 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 24-26, 21-17, 22-20 से शिकस्त दी।

अप्रैल के अंतिम हफ्ते में टीम चुने जाने की संभावना

नयी दिल्ली। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम के अप्रैल के अंतिम हफ्ते में चुने जाने की संभावना है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टीम सौंपने की अंतिम तारीख एक मई है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। लेकिन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली प्रत्येक टीम को 25 मई तक अपनी शुरूआती टीम में खिलाड़ियों को बदलने का मौका मिलेगा। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''भारतीय टीम का चयन अप्रैल के अंतिम हफ्ते के दौरान किया जायेगा और इस समय तक आईपीएल का पहला हिस्सा खत्म हो जायेगा।

डिकॉक और पूरन की पारी से पंजाब किंग्स ढेर

घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स की 21 रनों से जीत, शिखर धवन की अर्धशतकीय पारी नहीं आई काम

रन 54 चौके 5 छक्के 2

क्विंटन डिकॉक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मयंक की शानदार गेंदबाजी से लखनऊ ने पंजाब किंग्स को हराया

अमृत विचार : भारत को तेज गेंदबाजी में एक नया उभरता खिलाड़ी मिल गया, जिसने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए और लखनऊ सुपर जायंट्स को शनिवार को आईपीएल के मैच में जीत दिलाई। इस मैच में लखनऊ सुपर जांयट्स ने पंजाब किंग्स पर 21 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने क्रुणाल पंड्या की आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर आठ विकेट पर 199 रन बनाये।

सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने 38 गेंद में 54 रन बनाये। कार्यवाहक कप्तान निकोलस पूरन ने 21 गेंद में 42 रन की पारी खेली। क्रुणाल ने दो छक्के और चार चौके लगाकर 22 गेंद में 43 रन बनाये और टीम को सम्मान जनक स्कोर तक पहुंचाया। मयंक की गेंदबाजी के दम पर लखनऊ ने इस सत्र में पहली जीत दर्ज की। पंजाब की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 178 रन ही बना सकी। उसे लियाम लिविंगस्टोन की कमी चौथे नंबर पर महसूस हुई जो चोट के कारण उस क्रम पर नहीं उतरे। वह 17 गेंद में 28 रन बनाकर नाबाद रहे। मयंक ने पंजाब की पारी के 12वें ओवर में टूर्नामेंट की सबसे तेज गेंद 155.8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से डाली। जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा उनकी गेंदों का सामना नहीं कर सके और अपना विकेट खो बैठे। शिखर धवन ने 50 गेंद में 70 और बेयरस्टो ने 29 गेंद में 42 रन बनाये, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। पावरप्ले में पंजाब का स्कोर बिना किसी नुकसान के 61 रन था। इससे पहले निकोलस पूरन को कप्तानी सौंपकर इस मैच में इंपैक्ट प्लेयर के रूप में खेल रहे केएल राहुल कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाये। वह मात्र 15 रनों के योग के निजी स्कोर पर आउट हो गए। डिकॉक खुलकर खेल रहे थे और पहली ही गेंद पर रबाडा को चौका लगाया। अगली गेंद पर उन्होंने बैकवर्ड प्वाइंट सीमा पर छक्का जड़ दिया। डिकॉक ने 34 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। बल्लेबाजी के दौरान उन्होंने मैदान के चारों दमदार स्ट्रोक्स खेले। स्ट्रेटेजिक टाइम आउट से लखनऊ के रनों की गति प्रभावित हुई। डिकॉक को अर्शदीप ने विकेट के पीछे जितेश शर्मा के हाथों लपकवाया। पूरन को रबाडा ने आउट किया। लेकिन क्रुणाल ने आते ही हाथ खोलकर खेलना शुरू किया और टीम को मजबूत स्कोर दिया।

शो अभी खत्म नहीं हुआ, अगला मुकाबला सात अप्रैल को राजधानी के इकाना स्टेडियम पर जीत से आगाज करने वाली लखनऊ सुपर जायंट्स अपने घरेलू मैदान पर अब सात अप्रैल को खेलेगी। इस मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के सामने गुजरात सुपर जायंट्स की चुनौती होगी। लखनऊ सुपर जायंट्स का प्रदर्शन इस टीम के खिलाफ शानदार रहा है।

लखनऊ 199/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक का जितेश बो अर्शदीप	54	38	5/2
केएल राहुल का बेयरस्टो बो अर्शदीप	15	09	1/1
देवदत्त पड्डिकल का धवन बो कुरेन	09	06	2/0
मार्कस स्टोइनिस बो चाहर	19	12	0/2
निकोलस पूरन बो रबाडा	42	21	3/3
आयुष बडोनी का बेयरस्टो बो कुरेन	08	10	0/0
कृणाल पंड्या नाबाद	43	22	4/2
रवि बिश्नोई का तनय बो कुरेन	00	01	0/0
मोहसिन खान रन आउट	02	01	0/0
नवीनुल हक नाबाद	00	00	0/0

गेंदबाजी : कुरेन 4-0-28-3, अर्शदीप 3-0-30-2, रबाडा 4-0-38-1, चाहर 3-0-42-1, बरार 2-0-14-0, पटेल 4-0-45-0

पंजाब 178/5 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
शिखर धवन का डिकॉक बो मोहसिन	70	50	7/3
जॉनी बेयरस्टो का स्टोइनिस बो यादव	42	29	3/3
प्रभसिमरन सिंह का नवीनुल बो यादव	19	07	1/2
जितेश शर्मा का नवीनुल बो यादव	06	09	1/0
लियाम लिविंगस्टोन नाबाद	28	17	2/2
सैम कुरेन का पूरन बो मोहसिन	00	01	0/0
शशांक सिंह नाबाद	09	07	1/0

गेंदबाजी : सिद्धार्थ 2-0-21-0, नवीनुल 4-0-43-0, मोहसिन 4-0-34-2, कृणाल 3-0-26-0, बिश्नोई 3-0-25-0, यादव 4-0-27-3

सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार फॉर्म से गुजरात टाइटन्स को खतरा

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटन्स को अगर रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमयर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार लय को रोकने की कोशिश करनी है तो उसे अपने गेंदबाजी आक्रमण में सुधार करना होगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाकर आईपीएल का सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और सत्र की पहली जीत हासिल की।

गुजरात टाइटन्स ने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस पर जीत से शुरूआत की लेकिन पिछले मैच में चेन्नई में उसे हार का सामना करना पड़ा। चोटिल मोहम्मद शमी की जगह खेल रहे उमेश यादव कहीं भी उनके बराबर नहीं हैं जो गुजरात टाइटन्स के लिए बड़ी परेशानी साबित हो रहा है। 63 रन से मिली हार से उनका नेट रन रेट प्रभावित हुआ जो -1.425 पहुंच गया है और यह लीग की 10 टीम में सबसे खराब है। टूर्नामेंट के अंतिम छोर में यह उसके लिए कुछ समस्यायें खड़ी कर सकता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हार्दिक पंड्या के जाने से टीम का संतुलन बिगड़ा है।

गुजरात टाइटंस : शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बीआर शरथ। **सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन। **मैच भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा।**

धीरे-धीरे कप्तानी के गुर सीख जायेगा गिल : गैरी कर्स्टन

अहमदाबाद। पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस की आईपीएल 2024 में शुरूआत भले ही उतार चढाव भरी रही हो लेकिन उसके मेंटोर गैरी कर्स्टन ने शुभमन गिल का बचाव करते हुए कहा है कि इस तेज रफ्तार टी20 प्रारूप में रणनीतिक फैसले लेना वह सीख जायेगा। आईपीएल 2022 की चैम्पियन और मौजूदा उपविजेता टाइटंस दो मैचों में एक जीत और एक हार के बाद सातवें स्थान पर है। कर्स्टन ने कहा,'' यह तेज रफ्तार खेल है। नियमित आधार पर तकनीकी फैसले लेने होते हैं। यह टेस्ट क्रिकेट नहीं है जो लंबा चलता है।'' उन्होंने मैच की पूर्व संध्या पर कहा,'' मैं कप्तान के तौर पर उससे काफी प्रभावित हूं।''

बचपन से ही रफ्तार से है प्यार : मयंक यादव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 155.8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आईपीएल सीजन की सबसे तेज गेंद फेंकने का है रिकॉर्ड

अमृत विचार : 155.8 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से इस आईपीएल सीजन की सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड बनाने वाले लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव को बचपन से ही रफ्तार पसंद है।

वह जब आसमान में रॉकेट या प्लेन को उड़ता देखते थे तो काफी रोमांचित होते थे। 21 वर्ष के इस युवा गेंदबाज ने आईपीएल के डेब्यू मैच में ही पंजाब किंग्स के तीन बल्लेबाजों को शिकार बनाकर मैच एलएसजी की मुट्ठी में ला दिया और आखिरकार एलएसजी ने पंजाब को 21 रन से हराकर पहली जीत दर्ज की। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में मयंक ने बताया कि वह दिल्ली के पंजाबी बाग में रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह अपनी बॉलिंग में पेस पर खूब मेहनत करते हैं।

एलएसजी से जुड़ने से पहले दिल्ली के लिए नेट बॉलिंग करते थे। वहीं पर एलएसजी के पूर्व सहायक कोच विजय दाहिया के संपर्क में आये और पिछले साल ही टीम से जुड़ गए। हालांकि इंजरी के कारण पिछले वर्ष आईपीएल में डेब्यू नहीं कर सके थे। इस बार मौका मिला और अपनी रफ्तार के अनुसार ही गेंदबाजी की, जिससे सफलता मिली।

बॉलीवुड हलचल

दबंग 4 के ऐलान पर सलमान खान ने तोड़ी चुप्पी! बताया कब बनेगी

मुंबई, एजेंसी। सलमान खान को फिर से चुलबुल पांडे बने देखने का सपना फैंस लंबे समय से देख रहे हैं लेकिन अब लगता है कि फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। हाल ही में अरबाज खान ने कहा था कि वो दबंग 2 जरूर बनाएंगे और अब सलमान खान ने भी हरी झंडी दे दी है और बताया है कि दबंग 4 जल्दी ही बनेगी। अभी तक दबंग 4 की मेकिंग को लेकर कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है लेकिन अब सलमान खान ने इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और कहा है कि आने वाले दिनों में दबंग 4 को मंजूरी मिल जाएगी। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि फिल्म फिलहाल क्यों रुकी हुई है। सलमान खान के छोटे भाई और निर्माता अरबाज खान पहली फिल्म के बाद से दबंग फ्रेंचाइजी संभाल रहे हैं। इस फिल्म को लेकर अरबाज का रिएक्शन भी सामने आ चुका है और अब तो खुद दबंग खान ने दबंग 4 पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में अरबाज खान की नई फिल्म पटना शुक्ला की स्क्रीनिंग के दौरान सलमान से दबंग 4 को लेकर सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में सलमान खान ने कहा, 'यह फिल्म बहुत जल्द बनेगी। सलमान ने कहा, 'जैसे ही दोनों भाई एक स्क्रिप्ट तय कर लेंगे, फिल्म जरूर बनाई जाएगी।'

'शाहरुख के साथ काम करने की बात पहले मजाक लगी'

मुंबई, एजेंसी। प्रियामणि ने हाल ही में खुलासा किया कि जब उन्हें पहली बार रोहित शेट्टी के ऑफिस से शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'चेन्नई एक्स्प्रेस' के लिए फोन आया, तो उन्हें ये मजाक लगा था। प्रियामणि को यकीन ही नहीं हुआ कि ऐसा हो सकता है। प्रियामणि ने बातचीत के दौरान कहा- एक दिन मुझे रोहित शेट्टी के ऑफिस से फोन आया। मुझे लगा रोहित शेट्टी की टीम का कोई व्यक्ति मुझसे क्यों संपर्क करेगा। फिर उन्होंने मुझसे मुंबई आने के लिए कहा। इस बात के लिए मैं तुरंत मान गई और हामी भरकर फोन रख दिया। सच कहूं तो मुझे लगा कोई मुझसे शरारत कर रहा है। फिर मैंने ये पता करने के लिए कि कॉल क्या सच है या मजाक अपने मैनेजर से पूछा। 5 मिनट बाद मेरे मैनेजर ने जानकारी दी कि वो कॉल असली थी। बस फिर क्या था, अगला काम जो मैंने किया वो था- बैग पैक करके सीधा मुंबई आना। आखिरकार हमारी मुलाकात रोहित शेट्टी से हुई। रोहित शेट्टी ने मुझे बताया कि उन्होंने एक कन्नड़ गाना देखा है, जिसमें मैं और पुनीत राजकुमार हैं। प्रियामणि ने आगे कहा- मैंने 'चेन्नई एक्स्प्रेस' का एड अखबार में देखा था। मुझे पता था कि इस फिल्म में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण हैं।

फिल्म खेल-खेल में लीड रोल में तापसी पन्नू और वाणी कपूर नजर आएंगी

मुंबई, एजेंसी। डायरेक्टर मुदस्सर अजीज की अपकमिंग फिल्म 'खेल खेल में' की शूटिंग खत्म हो गई है। यह एक कॉमेडी जॉनर की फिल्म है। इसमें अक्षय कुमार और तापसी पन्नू लीड रोल में हैं। दोनों के साथ वाणी कपूर भी देखी जाएंगी। सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही मेकर्स फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस करेंगे। फिल्म में अक्षय कुमार और फरदीन खान करीब 17 साल बाद एक साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। 2007 में दोनों कॉमेडी फिल्म 'हे बेबी' में एक साथ नजर आए थे। अब दोनों एक बार फिर से कॉमेडी फिल्म में साथ दिखेंगे। वहीं तापसी पन्नू, अक्षय कुमार के साथ 'बेबी' और 'मिशन मंगल' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वाणी कपूर ने भी अक्षय के साथ फिल्म 'बेल बॉटम' में काम किया है। अक्षय कुमार के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ और सोनाक्षी सिन्हा भी हैं। अली अब्बास के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसके तुरंत बाद अक्षय फिल्म सरफिरा में दिखाई देंगे, जो तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की हिंदी रीमेक है। सुधा कोंगारा प्रसाद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 12 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। अक्षय को फिल्म सिंघम अगेन में वीर सूर्यवंशी के रोल में देखा जाएगा। इसमें करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर भी दिखाई देंगे। फिल्म में अजय देवगन लीड रोल में होंगे। इसके अलावा अक्षय के पास वेलकम टू द जंगल, स्काई फोर्स, हाउसफुल 5 और जॉली एलएलबी 3 जैसी फिल्में भी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

चुनाव से पहले दूसरी-तीसरी शादी कर लें अजमल: हिमंत

गुवाहाटी, एजेंसी

- बोले- बाद में हम यूसीसी लागू करेंगे, सांसद अजमल की टिप्पणी पर मुख्यमंत्री का पलटवार

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि अगर अजमल दूसरी और तीसरी शादी करने के बारे में सोच रहे हैं तो उन्हें लोकसभा चुनाव से पहले ऐसा कर लेना चाहिए क्योंकि लोकसभा चुनाव के बाद तो राज्य में यूसीसी पास कराया जाएगा, जिसके बाद बहुविवाह राज्य में एक आपराधिक प्रथा बन जाएगी।

गौरतलब है कि अजमल खुलकर कई बार यूसीसी का विरोध कर चुके हैं। उनका कहना है कि यह कानून कुरान विरोधी और इस्लाम विरोधी है। उनकी पार्टी इसका खुलकर विरोध करेगी। सरमा ने शनिवार को कहा कि अगर अजमल शादी करते हैं तो वे भी उनकी शादी समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के बाद हम देश में यूसीसी लागू करने जा रहे हैं। इसके बाद बहुविवाह करने में समस्या हो सकती है। उनकी गिरफ्तारी भी हो सकती है। बहुविवाह अभी तक अवैध नहीं है। अभी उनकी पत्नी नहीं है और उन्हें अगर दूसरी शादी करनी है तो अभी कर लें। शादी में वे मुझे भी आमंत्रित कर सकते हैं, मैं भी उनकी शादी में शामिल होने जाऊंगा।

न्यूजक्लिक के विरुद्ध पुलिस ने दाखिल की पहली चार्जशीट

नई दिल्ली। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। पुलिस ने पहली चार्जशीट दायर की है। पुलिस का आरोप है कि न्यूज पोर्टल को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में पैसा मिला था।

आरोपपत्र पटियाला हाउस कोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. हरदीप कौर की कोर्ट में पेश किया गया। न्यूजक्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। बीती 23 फरवरी 2024 को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गैरकानूनी प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में दिल्ली पुलिस ने 20 दिन का और समय दिया था। जो शनिवार को पूरा हो गया।

आज निपटा लें काम... नए वित्तीय वर्ष में हो रहे ये पांच बड़े बदलाव

मार्च का महीना खत्म होने जा रहा है। अब अप्रैल से नए वित्त वर्ष की शुरुआत होगी। हर महीने की पहली तारीख को कई बदलाव होते हैं। 1 अप्रैल से भी कई बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इनमें क्रेडिट कार्ड, ईपीएफओ और फास्टैग जैसे कई बदलाव शामिल हैं। इन बदलावों का असर सीधे आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। आईए जानें इनके बारे में...

क्रेडिट कार्ड के नियम

एक अप्रैल 2024 से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत होने के बाद क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में भी बदलाव होने हैं। इसमें एसबीआई क्रेडिट कार्ड के नियम एक अप्रैल 2024 से बदल जाएंगे। नए नियमों के अनुसार क्रेडिट कार्ड के जरिए किराए का भुगतान करने पर अब रिवार्ड प्वाइंड नहीं जारी किए जाएंगे। कई अन्य बैंकों के क्रेडिट कार्ड पर भी यह नियम 15 अप्रैल 2024 से लागू हो सकता है।

पैन-आधार लिंक- सरकार पैन कार्ड और आधार कार्ड को लिंक करने की डेडलाइन कई बार बढ़ा चुकी है। फिलहाल 31 मार्च 2024 को आधार पैन लिंक करने की आखिरी तारीख है। अगर 31 मार्च से पहले आपने अपना पैन और आधार कार्ड लिंक नहीं कराया तो आपका पैन कार्ड कैंसिल हो सकता है। पैन कार्ड निष्क्रिय होने पर आपको कई तरह की परेशानी हो सकती है। ऐसे में उसे दोबारा एक्टिव कराने के लिए आपको 1000 रुपये के जुर्माने का भी भुगतान करना पड़ेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च 2024 से पहले अपना पैन और आधार कार्ड आपस में लिंक करा लें।

ईपीएफओ के नियम

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नियमों में 1 अप्रैल से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब नौकरी बदलने की स्थिति में कर्मचारी का ईपीएफओ खाता खुद-ब-खुद नए नियोक्ता के पास ट्रांसफर हो जाएगा। पहले खाताधारकों की रिक्वेस्ट पर ही खाते को ट्रांसफर किया जाता था।

फास्टैग केवाईसी नियम



एक अप्रैल 2024 से फास्टैग से जुड़े कुछ नियम भी बदल रहे हैं। अगर आपने अब तक अपनी कार के फास्टैग की बैंक केवाईसी पूरी नहीं की है तो एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष में आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च तक ही अपने फास्टैग की केवाईसी से जुड़ी प्रक्रिया पूरी कर लें। अगर आपने ऐसा नहीं किया तो आपका फास्टैग खाता बैंक की ओर से निष्क्रिय या ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो फास्टैग खाते में मौजूद बैलेंस का इस्तेमाल करने में भी आपको परेशानी हो सकती है।

गैस की कीमतें

सरकार की ओर से हर महीने की एक तारीख को रसोई गैस के कमर्शियल और घरेलू सिलेंडरों के कीमत की समीक्षा की जाती है। हालांकि इस बार लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लगी हुई है, इसलिए कीमतों में परिवर्तन की गुंजाइश कम है। लेकिन केंद्र सरकार अगर चाहे तो चुनाव आयोग से अनुमति लेकर रसोई गैस की कीमतों में बदलाव का एलान भी कर सकती है।

एक नजर

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जुमा के चुनाव लड़ने पर रोक

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा देश में 29 मई को होने वाले आम चुनाव में उम्मीदवार के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग (आईईसी) ने शुक्रवार को बताया है कि, जांच आयोग की सुनवाई को बीच में ही छोड़कर चले जाने पर जुमा को 2021 में दक्षिण अफ्रीका की संवैधानिक अदालत ने 15 माह जेल की सजा सुनाई गई थी। जुमा को उनकी पार्टी एएनसी ने 2018 में बर्खास्त कर दिया था। स्व-निर्वासित गुप्ता परिवार के साथ जुमा की कथित नजदीकियों को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा गया था जिसके बाद ही एएनसी ने जुमा को पार्टी से बर्खास्त करने का कदम उठाया। आईईसी ने कहा कि जुमा को उनके आपराधिक रिकॉर्ड के कारण चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

एटीएस की कार्रवाई नवी मुंबई से पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने नवी मुंबई में अवैध तरीके से रहने वाले पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गि रफ्तार किया है। शुक्रवार को एटीएस ने घनसोली के दो इलाकों में छापेमारी की थी। एक अधिकारी ने कहा, गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस ने कार्रवाई करते हुए पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। किसी के पास भी वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान आहत जमाल शेख, रेबुल समद शेख, रोनी सोरिफुल खान, जुलू बिलाल शरीफ और मोहम्मद मुनीर मोहम्मद सिराज मुल्ला के तौर पर की गई है।

नीदरलैंड: एक शहर में घुसे अज्ञात हमलावर, लोगों को बनाया बंधक

एडे (नीदरलैंड)। यूरोपीय देश नीदरलैंड के एडे शहर में शनिवार को दर्जनों लोगों को एक इमारत में बंधक बना लिया गया। भारी-भरकम हथियारों से लैस नीदरलैंड पुलिस ने एडे शहर को घेर लिया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इमारत में कई लोगों को बंधक बनाकर रखा गया है। पुलिस प्रवक्ता साइमन क्लोक ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि एडे शहर में लोगों को बंधक बनाया जा रहा है। मगर उन्होंने इस घटना के बारे में अधिक जानकारी देने और इसमें कितने लोग शामिल हैं इसके बारे में बताने इनकार कर दिया।

श्रीलंका और भारत द्विपक्षीय परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा

कोलंबो। श्रीलंका और भारत आर्थिक संबंधों को बढ़ाने पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी मौजूदा द्विपक्षीय आर्थिक परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। विक्रमसिंघे के वरिष्ठ सलाहकार सागला रत्नायका की भारत यात्रा के दो दिन बाद दोनों पड़ोसी देशों ने इस पर सहमति व्यक्त की। रत्नायका ने अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा के साथ चर्चा की। बयान में कहा गया कि द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित करने के लिए तिमाही आधार पर समीक्षा की जाएगी।

भीषण बर्फबारी में भी जा सकेंगे लद्दाख निम्मू- पादुम-दारचा मार्ग हुआ तैयार

चीन-पाक सीमा तक अब 10 घंटे में पहुंचेगी सेना, अप्रैल से चालू होगा मार्ग

लेह, एजेंसी

लद्दाख और कश्मीर के लोग जिस सड़क का 24 साल से इंतजार कर रहे थे, वो अब बनकर तैयार है। रणनीतिक रूप से बेहद अहम 248 किमी लंबी निम्मू- पादुम-दारचा रोड पर सीमा सड़क संगठन (बीआरओ)अंतिम 600 मी. का काम कर रही है। यह रोड हिमाचल के दारचा को लेह के निम्मू से जोड़ेगी। बीआरओ के मुताबिक, सेना अप्रैल से इसे शुरू करने जा रही है। इसके बनने से तीन बड़े फायदे होंगे। पहला भीषण बर्फबारी में भी देशवासी वाया रोड लेह- लद्दाख जा सकेंगे।

अभी बर्फबारी में यहां सिर्फ विमान से पहुंचा जा सकता है। दूसरा- सेना किसी भी परिस्थिति में सिर्फ 10 घंटे में एक साथ चीन और पाकिस्तान सीमा तक भारी मशीनरी पहुंचा सकेगी। अभी 17 घंटे तक लगते हैं। तीसरा- कश्मीर-लद्दाख से कटा रहने वाला बौद्ध बहुल जांस्कर उप मंडल लेह से जुड़ जाएगा। 13 बीआरटीएफ के कमांडर ले. कर्नल पारस के मुताबिक बीआरओ ने माइनस 30 डिग्री में यहां दो टुकड़ियों में बिना रुके काम किया है। नया रास्ता 10 महीने खुला रहेगा। मेंटेनेंस के लिए इसे दो महीने बंद रखेंगे।

सेना को लेह तक नए मार्ग की थी दरकार

1999 के करगिल युद्ध के बाद सेना को लद्दाख तक एक आसान रोड की जरूरत महसूस हुई थी, क्योंकि मनाली-लेह मार्ग लंबा होने के साथ ही पांच ऊचाई वाले पहाड़ी दरों से गुजरता है और महीनों बंद रहता है। दूसरा मार्ग भी ऐसा ही है।

पड़ोसी देश इस रोड को ट्रैक नहीं कर पाएंगे

अभी श्रीनगर और मनाली से लेह के लिए दो सड़कें हैं। दोनों 400 किमी से ज्यादा लंबी हैं और सर्दियों में 6-7 महीने बंद रहती हैं। 2200 करोड़ की नई रोड ऑल वेदर वाली है। बीआरओ ने इसका ज्यादातर हिस्सा पहाड़ों के बीच रखा है। इस खूबी से चीन-पाकिस्तान का इसे ट्रैक कर पाना मुश्किल होगा। निम्मू में पूर्वी लद्दाख और सियाचिन ग्लेशियर की रक्षा के लिए एक्सआईवी कोर का मुख्यालय है। नए रोड से मुख्यालय सीधे जुड़ जाएगा। रोड से सियाचिन एक दिन में सप्लाई पहुंच जाएगी। श्रीनगर-लेह सड़क करगिल में एलओसी से होकर गुजरती है। यह संवेदनशील रोड है, इसलिए गोलीबारी के वक्त कई बार इसे बंद करना पड़ता है। नई सड़क ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक है।

- **दुनिया की सबसे खूबसूरत रोड में से एक होगी:** करगिल हिल डेवलपमेंट काउंसिल के सीईसी के मुताबिक यह दुनिया की सबसे सुंदर रोड में से एक है। सर्दियों में जांस्कर नदी जम जाती है और पहाड़ बर्फ से ढंक जाते हैं। इन भौगोलिक विषम परिस्थितियों में भी बीआरओ ने काम नहीं रोका।
- **समय से पहले बनकर तैयार:** शुरुआत में बजट 251 करोड़ रु. था और डेडलाइन 2012 थी। लेकिन, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के चलते रोड अटक गई। जुलाई 2019 में इसे नई 2276 करोड़ की लागत से बनाना शुरू किया और अब डेडलाइन (2025) से पहले ही बनकर तैयार है।

विश्व के नेताओं की सलाह, ट्रंप नहीं बनेंगे राष्ट्रपतिः बाइडन

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क में एक रैली के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विश्व के अधिकांश नेताओं ने उनसे कहा है कि आगामी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को नहीं जीतने देना। उन्हें डर है कि इससे उनका लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। चाहे जी 20 शिखर सम्मेलन हो या कोई अन्य अवसर हर बार यही देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि जो वह कह रहे हैं अतिशयोक्ति नहीं है। दुनिया के लगभग हर नेता मुझसे यह बात कहने के लिए अकेले में बात करने का बहाना खोजते थे। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने कहा है कि अगर वह नवंबर में चुनाव में हारे तो खून खराबा होगा। आखिर उसे हुआ क्या है। यह मुझे सबसे अधिक चिंतित करता है। बाइडन ने कहा कि यह वह व्यक्ति है जिसने उन देशों के खिलाफ जो चाहे कदम उठाने के लिए रूस को उकसाया जो अपनी जीडीपी का दो प्रतिशत रक्षा पर खर्च नहीं करते। इस बीच बाइडन की ओर से कैंपेन अभियान संभाल रही टीम ने निक्की हेली के समर्थकों को लुभाने का प्रयास शुरू किया है। वह रिपब्लिकन की रेस से हाल ही में बाहर हुई हैं।

ईरानी पोत के नौ अपहर्ताओं पर कार्रवाई करेगा भारत: नौसेना

नई दिल्ली, एजेंसी

- समुद्री लुटेरों के चंगुल से छुड़ाये 23 पाकिस्तानियों का होगा मेडिकल परीक्षण

अरब सागर में ईरानी जहाज अल-कंबर का अपहरण करने वाले नौ समुद्री लुटेरों को भारत लाकर उन पर मुकदमा चलाया जाएगा। इससे पहले जहाज से मुक्त कराए गए 23 पाकिस्तानी कर्मियों और नौ समुद्री लुटेरों का मेडिकल परीक्षण होगा।

परीक्षण के बाद ईरानी जहाज गंतव्य के लिए रवाना होगा। बता दें, अरब सागर में यमन के सोकोत्रा द्वीप के नजदीक समुद्री लुटेरों ने गुरुवार को ईरान के मछली पकड़ने वाले जहाज को बंधक बना लिया था। जहाज द्वारा भेजा गया आपात संदेश प्राप्त होने पर शुक्रवार को क्षेत्र में मौजूद भारतीय नौसेना के दो युद्धपोतों-आईएनएस सुमेधा और आईएनएस त्रिशूल को कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। दोनों युद्धपोतों ने कुछ ही घंटों में अपहृत जहाज का रास्ता रोक लिया और देर रात कमांडो कार्रवाई में अपहर्ता दस्युओं को आत्मसमर्पण के लिए विवश कर दिया।

मुक्त हुए पाकिस्तानी नागरिकों ने राहत की सांस ली और उन्होंने भारत और भारतीय नौसेना का जयघोष किया। अब जहाज और 23 पाकिस्तानी नागरिक भारतीय नौसेना की सुरक्षा में हैं। इन पाकिस्तानी कर्मियों का नौसेना मेडिकल परीक्षण करा रही है, इसके बाद ईरानी जहाज को उसके मार्ग पर रवाना कर दिया जाएगा, जबकि नौ अपहर्ताओं को भारत लाकर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पकड़े गए सभी लुटेरे सोमालियाई मूल के हैं।

जनजीवन अस्त-व्यस्त...

शिमला : पिछले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश, हिमपात और तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वाहन यातायात, बिजली, पानी की आपूर्ति और संचार सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हो गई हैं। साउथ पोर्टल के आसपास के क्षेत्र में भारी बर्फबारी हो रही है और साउथ पोर्टल से लेकर सोलंग नाला तक की सड़कों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। वहीं कई संवेदनशील क्षेत्रों हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। ● एजेंसी

इजराइल यात्रा को ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति का जब्त पासपोर्ट देने से सुप्रीम इनकार

रियो डी जिनेरियो, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने इजराइल की यात्रा करने के लिए पासपोर्ट लौटाने के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो के अनुरोध को खारिज कर दिया है। बोलसोनारो के अधिवक्ता ने गुरुवार को कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मई में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम के लिए बोलसोनारो को आमंत्रित किया है। ऐसे में उन्होंने उच्चतम न्यायालय से उनका पासपोर्ट लौटाने का अनुरोध किया था।

शीर्ष कोर्ट के न्यायमूर्ति अलेक्जेंडर डी मोरेस ने कहा, जिस व्यक्ति के खिलाफ जांच जारी है, उस पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाना जल्दबाजी होगी, जब्त पासपोर्ट देने से इनकार कर दिया। बता दें, 2022 के चुनाव परिणामों को अनदेखा करने और हारे हुए नेता को सत्ता में बनाए रखने के लिए विद्रोह करने की साजिश रचने के अरोप है, और जांच जारी है, मामले को देखते हुए उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया था।

ब्रिटेन अब 41 लाख वेतन पर ही देगा वर्कर वीजा

लंदन, एजेंसी

- 4 अप्रैल से स्किल्ड वर्कर वीजा के नियमों में हो रहा बदलाव, 2 लाख भारतीयों पर असर

ब्रिटेन के भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक प्रवासियों को लेकर लगातार सख्त कदम उठा रहे हैं। ब्रिटेन में 4 अप्रैल से मिड लेवल टीचर, शेफ, नर्सेज और केयर गिवर्स प्रवासियों के प्रवेश वीजा पर बदलाव किया है। सुनक सरकार के नए नियम के अनुसा, स्किल्ड वर्क वीजा से ब्रिटेन में तब प्रवेश मिलेगा जब प्रवासियों का सैलरी पैकेज 41 लाख रुपये सालाना होगा।

बता दें, अब तक ये सीमा साढ़े 27 लाख रुपये थी। सुनक सरकार ने सैलरी सीमा में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी कर ब्रिटेन में नौकरी की चाह रखने वाले भारतीयों की राह में मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मिड लेवल नौकरी के लिए ब्रिटेन आने वाले लगभग दो लाख भारतीयों पर इसका असर पड़ने की आशंका है। बता दें कि पिछले दिनों स्किल्ड वर्क वीजा के तहत आवेदन करने वाले आईटी प्रोफेशनल के सैलरी पैकेज की सीमा 35 लाख से 52 लाख रुपये कर दी गई थी। भारतीय स्किल्ड वर्करों के लिए फैमिली वीसा पाने के लिए सैलेरी लिमिट में 56 फीसदी का इजाफा किया है। पहले ब्रिटेन में 19.50 लाख रुपए सालाना कमाने वाले भारतीय फैमिली वीसा के लिए आवेदन कर सकते थे, अब ये सीमा बढ़ाकर 30.50 लाख रुपए कर दी गई है। ये नियम 11 अप्रैल से लागू होंगे। साथ ही नेशनल हेल्थ स्कीम के तहत एनरोल होने के लिए भारतीय स्किल्ड वीसा धारको के लिए 65 हजार की सालाना फीस को बढ़ाकर एक लाख 10 हजार रुपए कर दिया गया है। एनएचएस फीस को बढ़ा कर प्रवासी परिवारों की एंट्री रोकना है। मिड लेवल वर्करों पर नए नियम लागू होने से तीन साल में लगभग आठ लाख भारतीय वर्करों को ब्रिटेन से स्वदेश लौटना पड़ सकता है। ब्रिटेन में अभी ये तीन साल के स्किल्ड वीसा पर है। इसकी औसत सैलरी 28 लाख है, तीन साल में ये बढ़कर 41 लाख नहीं होगी। ऐसे में इन वर्करों का स्किल्ड वीसा रिन्यू नहीं होगा, इन्हें वापस लौटना पड़ेगा। ब्रिटेन में 16 से 64 साल के 28 लाख लोग आर्थिक रूप से सक्रिय नहीं हैं। सुनक सरकार इन 28 लाख लोगों के लिए जॉब क्रिएट करना चाहती है।

इमरान खान के 51 समर्थकों को पांच साल की सजा

इस्लामाबाद, एजेंसी

- नौ मई हिंसा मामले में हुई कार्रवाई 10 हजार जुर्माना भी लगाया

बीचे साल नौ मई को हुई हिंसा के मामले में आतंकवाद निरोधी अदालत (एटीसी) ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने में शामिल होने के लिए दो मामलों में पाकिस्तान की एटीसी अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के 51 समर्थकों को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

9 मई को हुए दंगों के संबंध में पीटीआई नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों के खिलाफ दर्ज मामलों में यह पहली सजा है। एटीसी जज नताशा नसीम ने हिंसा के मामले में सजा सुनाई है। उन्होंने जेल के बाहर कड़ी सुरक्षा के बीच सेंट्रल जेल, गुजरांवाला में कार्यवाही की और फैसला सुनाया। दोषियों में पीटीआई विधायक कलीमुल्लाह खान भी शामिल हैं। अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि जेल की सजा के साथ ही सभी पर 10 हजार पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया। गौरतलब है कि पिछले साल मई में खान के पीटीआई समर्थकों ने भ्रष्टाचार के मामले में अपनी पार्टी के संस्थापक की गिरफ्तारी के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए रावलपिंडी में सेना मुख्यालय और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित कई सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया था।

विज्ञान एक शोध से हुआ खुलासा, 2 मिलियन पुरानी घटना ने लालग्रह की धरती पर बनाए 2 अरब गड्ढे

क्षुद्रग्रह ने किया मंगल की धरती का सीना छलनी

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : लालग्रह मंगल की धरती पर एक समय ऐसा भी आया था, जब एक क्षुद्रग्रह की टक्कर ने मंगल की धरती को बुरी तरह छलनी कर दिया। इस टक्कर में मंगल ग्रह पर 2 अरब गड्ढे बन गए। यह भीषण घटना दो मिलियन वर्ष पुरानी है।

ताजा शोध में यह जानकारी सामने आई है। सभी जानते हैं कि पृथ्वी भी एक बार क्षुद्रग्रह की टक्कर से बुरी तरह प्रभावित हुई थी। यह घटना करीब 6 करोड़ वर्ष पहले हुई थी। जिसमें विशालकाय जीव डायनासोर का अस्तित्व मिट गया था। इसी तरह मंगल की धरती भी क्षुद्रग्रह की मार से अछूती नही है। मंगल की सतह पर बेशुमार गड्ढे इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इन गड्ढों को खगोलविद देखते आ रहे थे, इन गड्ढों की उत्पत्ति से अनभिज्ञ थे। जिसे समझने के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर कई देशों के वैज्ञानिकों ने सामूहिक शोध किया। शोध के लिए मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एमआरओ) से प्राप्त डेटा को शामिल किया गया। जिसमें कोरिन्टो नामक क्रेटर को आधार बनया गया। गहन जांच पड़ताल के बाद यह निष्कर्ष निकला कि यह टक्कर सिर्फ एक क्षुद्रग्रह का परिणाम है। जिसकी टक्कर से हद से अधिक संख्या में मंगल से मलवे के साथ पत्थर छिटके और मंगल की सतह को छलनी करते चले गए। इस भीषण घटना का प्रभाव मंगल की सतह पर 2000 किमी दायरे में पड़ा। जिसमें दो अरब से अधिक छोटे बड़े गड्ढे बन गए, जो वर्तमान में मंगल के अतीत की दुर्दशा बयान करते है, जो आज भी एक अलग कहानी बयान करते हैं। इन गड्ढों का न्यूनतम आकार 10 मीटर हैं। शोधकर्ताओं ने यह जानकारी टेक्सास में आयोजित चंद्र और ग्रह विज्ञान सम्मेलन में सार्वजनिक की। शोध पेपर को यूनिवर्सिटी स्पेस रिसर्च एसोसिएशन (यूएसआरए) की साइट मे भी देखा जा सकता है।



मंगल ग्रह के गड्ढों की तस्वीर।

मंगल की हर जानकारी बेहद जरूरी: वरिष्ठ खगोलविद

वरिष्ठ खगोलविद प्रो. आरसी कपूर कहते हैं कि मंगल की हर जानकारी बेहद जरूरी है, तभी मंगल पर मैन मिशन को सफल बनाया जा सकता है। हम मान सकते हैं कि शायद मंगल इंसान का भविष्य है। जिस कारण मंगल पर बहुत तेजी से शोध किए जा रहे हैं। जिसमे दुनिया के कई देश शामिल हैं। मंगल पर मानव बस्ती बसाने का सपना कब तक साकार हो पायेगा, यह कहना फिलहाल संभव नहीं है।

भारत को चंद्रमा पर मिली उपलब्धियां हैरान करने वाली

पेरिस, एजेंसी

- यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने इसरो की तारीफ की

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के महानिदेशक जोसेफ एशबैकर ने हाल के सफल प्रक्षेपणों के लिए इसरो की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष और विशेष कर चंद्र अन्वेषण में भारत की उपलब्धियां आश्चर्यजनक हैं।

अंतरिक्ष में भारत जो हासिल कर रहा है, वह आश्चर्यजनक

ईएसए की ओर से पेरिस में 323वीं परिषद बैठक की मेजबानी की गई। एशबैकर ने कहा कि अंतरिक्ष में भारत जो हासिल कर रहा है, वह आश्चर्यजनक है। हमने ईएसए परिषद में इसरो अध्यक्ष डा. एस सोमनाथ की मेजबानी की। यह प्रतिनिधियों के लिए ईएसए-इसरो के वर्तमान और भविष्य की योजनाओं के संबंधों में अधिक जानने का अवसर था। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ सहयोग को गहरा करने के रणनीतिक महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। मील के पत्थर वाले इन कदमों ने न सिर्फ वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को सुढ़ कर दिया, बल्कि भारत में निजी क्षेत्रों को भी बढ़ावा देने का कार्य किया है।

नई ऊंचाइयों पर पहुंचा भारत: अंतरिक्ष यात्री

अंतरिक्ष यात्री थामस पेस्केट भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल साफ्ट लैंडिंग और भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के प्रक्षेपण के साथ ही भारत 2023 में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा।